

पश्चिम बंगाल में झारखंड और ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे - 12



एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का - 12



डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप - 13




भारत के खिलाफ हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स - 14


आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.36
सूर्यास्त 06.07

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
▪ लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी 02:41 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 21, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# सिंगापुर से यूपी को मिला भारी निवेश का प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा- मील का पत्थर साबित होंगे एमओयू, एक लाख करोड़ के प्रस्ताव अब तक मिल चुके
- सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकात एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के आखिरी दिन एलान किया कि टीम यूपी को सिंगापुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' के माध्यम से हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह निवेश उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029–30 तक एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी है। निवेशकों को यूपी में हो रही हर गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में राज्य को इतना बड़ा भरोसा और निवेश मिला है। आज भारत और यूपी की छवि वैश्विक स्तर पर अत्यंत सकारात्मक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व से उनकी सार्थक और सकारात्मक बातचीत हुई। इन बैठकों में एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और स्किलिंग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक सहमति बनी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में 100 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से संवाद हुआ, जिनमें कई कंपनियां पहले से भारत और यूपी में निवेश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में यूपी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जनकल्याण में तेज प्रगति की है। निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिसका असर गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में दिख रहा है।



**सिंगापुर :** एमओयू ड्राफ्ट के साथ मुख्यमंत्री योगी। साथ में यूपी और सिंगापुर के अधिकारी।

### सिंगापुर में क्या तय हुआ

- कुल निवेश प्रस्ताव : एक लाख करोड़ रुपये
- संपन्न एमओयू : 60 हजार करोड़ रुपये
- फोकस सेक्टर : एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग

### शीर्ष स्तर की मुलाकातें

- सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, ऊर्जा मंत्री
- 100 वैश्विक कंपनियों/प्रतिनिधियों से संवाद
- फिनटेक, एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर में साझेदारी पर सहमति

### जेवर से एमआरओ कार्गो हब की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की अत्याधुनिक एविएशन सुविधाओं का अध्ययन किया। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने की दिशा में ठोस रुचि सामने आई है। वर्तमान में बड़ी संख्या में विमान एमआरओ के लिए सिंगापुर आते हैं– यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस पर गंभीर तैयारी दिखाई है।

### यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ा जाएगा

योगी ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय आईटीई स्किलिंग मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ने और सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन के जरिए 'एम्प्लॉयमेंट–रेडी' इकोसिस्टम बनाने की पहल को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलेगा। योगी ने वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और भारतीय उच्चायुक्त व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि सिंगापुर में हुए करार और प्रस्ताव यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर इकानमी के लक्ष्य तक तेजी से ले जाएंगे।


# सेवातीर्थ में कैबिनेट का पहला फैसला 'केरलम' नाम से जाना जाएगा केरल

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक, 12,236 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसले मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। कच्चे जूट के लिए नई एमएसपी को मंजूरी के साथ पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा और हर भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि सेवा तीर्थ से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की भावना से जुड़ा रहेगा। सेवा संकल्प प्रस्ताव के अनुसार, नए भवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। प्रस्ताव के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल यह संकल्प दोहराता है कि इस परिसर में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा। यह स्थान शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। इसमें कहा गया है, हम यह दोहराते हैं कि अपनी दृष्टि के मुताबिक उस तरह के शासन को और मजबूती देंगे, जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग हो। सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों के प्रति उत्तरदायी होगा।



### रेलवे की 9,072 करोड़ की 3 परियोजनाएं मंजूर

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन तीन परियोजनाओं में गोंदिया–जबलपुर खंड का दोहरीकरण और पुनारख–किऊल तथा गम्हरिया–चांडिल खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाना शामिल है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार व झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

### श्रीनगर हवाई अड्डे का 1,677 करोड़ से होगा विकास

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत से सिविल एन्क्लेव बनाने को मंजूरी दे दी है। सिविल एन्क्लेव का विस्तार कश्मीर घाटी में विमानन बुनियादी ढांचे और संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सिविल एन्क्लेव भारतीय वायुसेना या सशस्त्र बलों के हवाई अड्डे के भीतर स्थित वह विशेष क्षेत्र है, जिसे नागरिक उड़ानों के उपयोग के लिए आवंटित किया जाता है।

### कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026–27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। टीडी–3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल–भारतीय भारित औसत लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ देगा।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरुष मित्र के सामने युवती से सात लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**सिलचर।** असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास अपने पुरुष मित्र के साथ घूमने आई 28 वर्षीय युवती के साथ सात लोगों ने दुष्कर्म किया और उससे जबरन पैसे भी वसूले। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 19 फरवरी को हुई इस घटना की शिकायत की जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुरू में इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर स्थित एक पत्रकार पर आरोपियों में से एक के परिवार के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मोदी आज जाएंगे इजराइल, रणनीतिक संबंधों करेंगे प्रगाढ़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से इजराइल का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंध सहित पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार सहयोग को प्रगाढ़ करना है। मोदी के कार्यक्रमों में इजराइल की संसद को संबोधित करना, समकक्ष नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात भी शामिल है। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के लिए निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। यह नौ वर्षों में मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी।

### निधि छिब्बर को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह निधि छिब्बर को मंगलवार को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। आईएएस की 1994 बैच की छत्तीसगढ़ कैडर की अधिकारी छिब्बर वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकार ने छिब्बर को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है।

# एआई समिट में हंगामे का मुख्य साजिशकर्ता युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब, गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस ने आरोपी को भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मास्टरमाइंड बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के एक समूह द्वारा कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता करार देते हुए गिरफ्तार कर लिया। चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रविरोधी नारे लगाए और दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की। दिल्ली की एक अदालत ने चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

चिब की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। चिब की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। पुलिस ने गत शुक्रवार को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, जिनमें से तीन को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया था। उनकी पहचान जितेंद्र यादव, राज गुज्जर और अजय कुमार के रूप में की गयी है।



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में उदय भानु चिब।

### युवा कांग्रेस के गिरफ्तार सदस्यों पर दंगे का आरोप भी लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 जोड़ी गई है। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने आरोपियों को आक्रामक तत्व करार दिया और कहा कि 20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों की उपस्थिति में सुरक्षा घेरा भंग करने की पूर्व नियोजित कोशिश देखी गई।

# सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और पत्नी के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोपपत्र

- अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने उप्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी के खिलाफ कथित अवैध कब्जे और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।

ईडी ने मंगलवार को कहा कि अभियोजन शिकायत, जो ईडी की ओर से दाखिल आरोपपत्र के समान होती है, सोमवार को लखनऊ में पीएमएलए अदालत में दायर की गई। बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट से वर्ष 2007 से 2017 के बीच दो बार सपा के विधायक रहे हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। ईडी का यह मामला उप्र पुलिस द्वारा हाशमी और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों और आरोपपत्रों से उत्पन्न हुआ है। उन पर अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाशमी और उनकी पत्नी के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में 'बेहिसाबी' नकदी जमा पाई गई है, जो उनके घोषित आय स्रोतों के साथ स्पष्ट रूप से असंगत थी।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सरकार का बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार जल्द ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को लक्षित करते हुए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' नामक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने कहा कि यह अभियान एक विशेष टीकाकरण अभियान होगा और सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप है, जिनमें एचपीवी टीकाकरण को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उन्मूलन की वैश्विक रणनीति का एक केंद्रीय स्तंभ माना गया है।

इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, मजबूत वैश्विक और भारतीय वैज्ञानिक प्रमाण इस बात की पुष्टि करते हैं कि अनुशंसित आयु वर्ग की लड़कियों में टीके की एक खुराक ही मजबूत और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है।




- 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी

# अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तारी का डर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई

प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। सूत्रों के अनुसार, अदालत में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है।

प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ताओं में स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और एक नाबालिग सहित दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने गुरुकुल में और माघ मेले सहित धार्मिक सभाओं के दौरान यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था। इस बीच, वाराणसी में विद्यामठ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हमारे शुभचिंतक अधिवक्ता हमारे पास आए थे। हमसे कहा कि हम आपकी सहायता करने के लिए तैयार हैं तो हमने कहा ठीक है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुछ वकीलों ने सहायता की पेशकश करते हुए उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें अब तक उठाए गए किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अविमुक्तेश्वरानंद ने एक तस्वीर दिखाई और आरोप लगाया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रचने के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि तस्वीर में अधिकारी केक काटते हुए और आशुतोष ब्रह्मचारी उनके पास खड़े दिखते हैं।



- बोले- प्रयागराज में रची जा रही साजिश, पूरा सिस्टम मेरे खिलाफ

**बदलाव** | एनसीईआरटी ने पुस्तक में किया बदलाव, भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे

# 8वीं के छात्र पढ़ेंगे कोर्ट में कितने पेंडिंग केस, क्या हैं न्यायिक चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

अब स्कूली बच्चे कम उम्र में ही न्यायपालिका के सामने मौजूद वास्तविक चुनौतियों से परिचित होंगे। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई किताब के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाले संशोधित अध्याय में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है।

पाठ्यपुस्तक के पहले के संस्करणों में मुख्य रूप से न्यायालयों की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अध्याय में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। गरीबों और वंचितों के लिए इससे न्याय तक पहुंच का मुद्दा और भी गंभीर हो सकता है। इसलिए न्यायिक प्रणाली में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी का उपयोग भी शामिल है और जहां भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आएं, उनके खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है।




### पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट में 62.40 लाख और जिला अदालतों में 4.70 करोड़ लंबित मुकदमों का जिक्र

पुस्तक के अनुसार, उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों की अनुमानित संख्या 81,000 है, उच्च न्यायालयों में 62.40 लाख और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। पुस्तक में न्यायपालिका की आंतरिक जवाबदेही प्रणालियों को रेखांकित किया गया है और शिकायतें प्राप्त करने की स्थापित प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, जो केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) के माध्यम से संचालित होती है। पुस्तक में लिखा है कि 2017 से 2021 के बीच इस तंत्र के जरिए 1,600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। पाठ्यपुस्तक में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का भी उल्लेख किया गया है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं का जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुस्तक में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया है कि हालांकि, इस विश्वास को पुनर्स्थापित करने का मार्ग इन मुद्दों के समाधान के लिए त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्वपूर्ण गुण हैं।

# मुख्यमंत्री योगी के वैश्विक अर्थशास्त्र का सिंगापुर कायल

## उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री गान किम योंग और राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री व गृह मंत्री के. शनमुगम के साथ बैठक कर यूपी में निवेश पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की वैश्विक निवेश मुहिम ने सिंगापुर में दो दिनों के भीतर ठोस और दूरगामी असर दिखाया। दूसरे दिन उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा व शहरी प्रबंधन पर सहमति बनी तो जेवर एयरपोर्ट पर 4,458 करोड़ रुपये का निवेश और इन्वेस्ट यूपी–एससीई की रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण रही। अब बुधवार से जापान यात्रा के साथ यह वैश्विक निवेश अभियान अगले चरण में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व, मंत्रियों और वैश्विक निवेशकों के साथ बैठकों में नए यूपी की औद्योगिक, सुरक्षा और डिजिटल विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। इन बैठकों का केंद्र उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे, साइबर सुरक्षा और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।

उप-प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के प्रो-बिजनेस वातावरण, विशाल लैंड बैंक और शीघ्र ही चालू होने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से मिलने वाली कनेक्टिविटी को रेखांकित किया। बैठक में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सिंगापुर की कंपनियों द्वारा औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने, सेमीकंडक्टर निर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन मॉड्यूल पर विशेष फोकस के साथ निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और नियामकीय सरलीकरण से बड़े प्रोजेक्ट्स की समय-सीमा में उल्लेखनीय कमी आई है।

**सुरक्षा, पुलिसिंग और प्रबंधन**

गृह मंत्री के शनमुगम के साथ संवाद में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में बेहतर होती कानून-व्यवस्था के अगले चरण पर चर्चा की। इसमें तकनीक-एकीकृत पुलिसिंग मॉडल, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल और स्मार्ट सिटी प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहे। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और ज्ञान-विनिमय को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठकों के दौरान सिंगापुर के कारोबारी समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, एविएशन (एमआरओ/कार्गो) जैसे क्षेत्रों में स्वतंत्र वित्तीय कोषों और निजी निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक पारदर्शिता के दौर में निवेशकों को यूपी की हर गतिविधि की जानकारी है, यही कारण है कि निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ा है।

### सिंगापुर में योगी ने निकाला मेगा रोड शो

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन 'इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो' में उन्होंने उत्तर प्रदेश के 'ट्रिपल एस' (सेफ्टी, स्टेबिलिटी, स्पीड) मॉडल को निवेश की गारंटी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब 'लैंड ऑफ पोटेंशियल' नहीं, बल्कि 'लैंड ऑफ परफॉर्मेंस' बन चुका है और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 'सिंगापुर सिटी' विकसित करने की योजना प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सिंगापुर के निवेशकों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में ब्लू प्लैनेट, एसी एविएशन, केएलके वेंचर्स समेत कई कंपनियों के साथ वेस्ट मैनेजमेंट, एमआरओ, सोलर और ज्वेलरी सेक्टर में एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

## राहुल की मुहब्बत की दुकान में बिक रही अराजकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया तीखा प्रहार**



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचारः** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में आयोजित एआई ग्लोबल समिट के दौरान कांग्रेस नेताओं की कथित गतिविधियों को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की तथाकथित 'मुहब्बत की दुकान' में अब नफरत, अराजकता और भारत-विरोध की राजनीति हो रही है। उनका आरोप है कि यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मुख्य साजिशकर्ता स्वयं राहुल गांधी थे।

मंगलवार को भाजपा राज्य मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पाठक ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोप तथा सोशल मीडिया पर की जा रही टिप्पणियां निंदनीय हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रहित के विरुद्ध बताते हुए कड़ी भाषा में आलोचना की। राहुल गांधी के नाम पर तंज कसते हुए पाठक ने कहा कि उनकी राजनीति का उद्देश्य जनता को उकसाना और भ्रम फैलाना है।

## 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊः** होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की है। इसके तहत 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, पर्व अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि दिल्ली और गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से यात्रा का दबाव अधिक रहता है। इसे देखते हुए इन क्षेत्रों में बसों और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या पहले से सुनिश्चित की जाएगी

## सराहनीय पहल : शिक्षक दंपति ने प्रा. वि. में मनाया बच्चे का जन्मोत्सव, दी छात्रवृत्ति

**संग्रामगढ,प्रतापगढ़ अमृत विचार :** शिक्षक दंपति ने गांव के परिषदीय विद्यालय में अपने बच्चे का जन्मोत्सव मनाया। वहां पढ़ने वाले तीन मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर प्रोत्साहित किया। इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक के रघुबर गांव निवासी शिक्षक डॉ.अरविंद कुमार मिश्र गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की थी। मंगलवार को वह अपनी शिक्षक पत्नी अंजलि मिश्रा व पुत्र अव्यक्त नारायण मिश्र के साथ प्राथमिक विद्यालय रघुबर पहुंचे। उन्होंने बच्चे का जन्मोत्सव स्कूल के बच्चों के बीच मनाया। केक काटकर खुशियां बांटी। अपने दिवंगत पिता जगदीश नारायण मिश्र की स्मृति में छात्रवृत्ति की शुरुआत की। कक्षा पांच के तीन मेधावी विद्यार्थियों को 1100 रूपये की नगद छात्रवृत्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। डॉ. अरविंद ने कहा कि प्रयास रहेगा कि यह सम्मान अनवरत चलता रहे। इससे विद्यार्थियों का प्रोत्साहन के साथ आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस दौरान अनिल कुमार मिश्र,शुभम मिश्र,नीरज,निखिल रमेश चंद्र,अखिलेश,संदीप, विनोद कुमार सहित बच्चे, शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।



शिक्षक दंपति ने मेधावी को किया सम्मानित।

## भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुन भक्त भाव-विभोर

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** बाबागंज के सांडाहर्षपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास अतुल जी महाराज ने कथा के महातम्य के बारे में बताया। भक्त प्रह्लाद चरित्र,भरत चरित्र, हिरणकश्यप बध, नरसिंह अवतार व समुद्र मंथन का वर्णन किया। कहा कि आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता है। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। प्रसङ्ग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान मुख्य यजमान राम प्यारे शुक्ल, सावित्री देवी लालमणि शुक्ल, मिथिलेश शुक्ला,संजय शुक्ला,मंजू शुक्ला,आशा शुक्ला,अनुज त्रिपाठी, आलोक पांडेय, रामचंद्र शुक्ल, रामेश्वर प्रसाद मिश्र, केदारनाथ तिवारी,रामू पांडेय, त्रिभुवन नाथ मिश्र, लवकुश शुक्ल, लाल जी तिवारी, अरविंद शुक्ल, छोटेलाल यादव रहे।



भागवत कथा का श्रवण करतीं महिलाएं।

## विवेचना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर निलंबित

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अरुण कुमार को विवेचना में लापरवाही पर निलंबित कर दिया है। अरुण कुमार एक गंभीर आपराधिक मामले की विवेचना कर रहे थे। इंस्पेक्टर की लापरवाही सामने आने के बाद एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

## आरोपियों के चंगुल से मुक्त हुआ संतोष, हिंदू संगठनों का मिला संरक्षण

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मतांतरण के आरोपियों के चंगुल से छूटे मध्य प्रदेश के संतोष शुक्ला की देखरेख हिंदू संगठनों के लोग कर रहे हैं। युवक के घर वाले मंगलवार सुबह तक प्रतापगढ़ नहीं आ सके थे। संतोष की सुरक्षा को लेकर पुलिस की सतर्कता बनी है। उसकी निगरानी की जा रही है। मध्य प्रदेश के सागर जनपद के पथरिया हाट गांव निवासी 40 वर्षीय संतोष शुक्ला पुत्र भगवान दास छत्तीसगढ़ में ढाबे पर काम करता था। वहां पर 10 साल पहले कुटिलिया साड़देई डेरवा प्रतापगढ़ के बदरुल जमां पुत्र रफीउज्जमा, कल्लू व नईम पुत्र मुनीर तथा निजाम जैनुद्दीन से उसकी मुलाकात हुई। उसको सहारा देने के नाम पर झांसा देकर गांव ले आए। यहां लाने पर आरोपियों ने संतोष को मुस्लिम बनाकर उसका नाम शेर खान करवा दिया। इस केस में पांच नामजद व छह अज्ञात पर केस दर्ज है। एक आरोपी बदरुल जमां पुत्र रफीउज्जमा को पकड़ा जा चुका है। इधर संतोष के परिजन यहां नहीं आ पाए हैं। ऐसे में मंगलवार सुबह विहिप समेत संगठनों के लोग थाने पहुंचे व युवक को उसकी सहमति से अपने साथ ले गए। वह परिजनों के आने पर उसे उनके साथ घर भेजेंगे। इधर सुरक्षा को लेकर भी पुलिस की सतर्कता बनी है।


**सूचना**

मै **अफसरी बानो पुत्री रफीक अहमद ग्राम केसरिया सालिमपुर थाना जायस जिला अमेठी** की निवासी हूं। मेरा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का मूल अंकपत्र फुरसतगंज में कहीं गिर गया। काफी तलाश के बावजूद नहीं मिल सका।



**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, सदर सीतापुर।**
वाद सं0–डी 202510640222624,
अं0 धारा 116 उ0प्र0रा0सं0–2006
ग्राम–बेनीपुर राजा, परगना हरगाँव तहसील व जिला सीतापुर।

**श्रीमती राधा देवी** ......वादिनी

**बनाम**

1. थरियल इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा डायरेक्टर वालिया परम्विल उमर कोया पुत्र श्री कुन्हामु वालिया परम्विल निवासी एल0–12, बी0एच0एल0–पुरानी कालोनी, गोला गोकर्णनाथ खीरी जिला लखीमपुर खीरी। 2. श्रीमती करिश्मा वर्मा पत्नी सचिन कुमार वर्मा निवासी ग्राम पिछौरा परगना हरगाँव तहसील व जिला सीतापुर। 3. ग्रामसभा जशरथपुर परगना हरगाँव तहसील व जिला सीतापुर द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत जशरथपुर। ...... प्रतिवादीगण

चूँकि उपरिनामांकित श्रीमती राधा देवी ने इस न्यायालय में उक्त वाद प्रस्तुत किया है। अतएव आप प्रतिवादीगण को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए दि0 27.02.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

दिनांक– 24.02.2026

**आज्ञा से**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, सदर सीतापुर।**



**कार्यालय सेनानायक 27 वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर**

पत्रांक: भ–56/2026 दिनांक: फरवरी 23, 2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 27वी वाहिनी पीएसी सीतापुर में वित्तीय वर्ष–2025–2026 में मानक मद 29 अनुरक्षण (वार्षिक मरम्मत) के अन्तर्गत 27 वी वाहिनी पीएसी सीतापुर में वाहिनी आवासीय परिसर में जवानों के आवासीय व्यवस्था के अन्तर्गत ब्लाक सं0–5 के 18 आवासों में बाहर की तरफ प्लास्टर मरम्मत एवं रंगाई पुताई से सम्बन्धित कार्य होने है, जिनकी निविदा दिनांक 28.02.2026 को आमंत्रित की गयी है। इच्छुक ठेकेदार टेण्डर दिनांक 28.02.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से 17.00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर निहित शर्तो के तहत निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है।

**सेनानायक**
**27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर**



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी–राही रायबरेली**

पंत्राक :– 3287/ लेखा0/क्षे0पं0 / 2025–26 दिनांक :– 23.02.2026

**अल्पकालीन निविदा–सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से विकास खण्ड राही में निर्माण कार्यो की सम्पादित कराने हेतु क्षेत्र पंचायत राही एवं जनपद रायबरेली के अन्य शासकीय विभागो में पंजीकृत विभागो में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में क्षेत्र पंचायत राही, रायबरेली में निम्न तालिका में दर्षित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 24.02.2026 से 16.03.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनाँक 16.03.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय – में रखी टेण्डर पेटिका में डाली जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें दिनाँक 16.03.2026 को ही अपरान्ह 03:00 बजे निविदा दाताओं /उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दाता का पंजीयन प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी रायबरेली द्वारा निर्गत वैध चरित्र प्रमाण पत्र, वैध हैसियत प्रमाण पत्र, स्वघोषणा / शपथपत्र (100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर), जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाणपत्र, लेबर पंजीकरण प्रमाणपत्र, पैन कार्ड तथा अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। कार्यो के आगणित कुल मूल्य की 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एफ0डी0आर0, जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जायेगा, कोई भी निविदा बिना धरोहर / जमानत धनराशि के स्वीकार नही की जायेगी। निविदादाता अपने हैसियत प्रमाण पत्र के अनुसार ही निविदा में प्रतिभाग कर सकेगें। निविदा प्रपत्र पर कोई भी कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। कार्य की लागत में नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 शामिल होगा। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त / स्थगित करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी राही, रायबरेली में निहित / सुरक्षित होगा। निम्न कार्यो का भुगतान धनरापि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा, विलम्ब होने की दषा में किसी भी प्रकार का व्याज, पेनाल्टी या अन्य प्रतिकर देय नही होगे। कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | कार्य स्थल | कार्य का नाम | कार्य की माप | स्वीकृत लागत प्राक्क्लन के अनुसार (जी0एस0टी सहित) रू0 में | धरोहर राशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंचन राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का नाम | | | | | |
| 1 | भांव | खण्डजा मरम्मत कार्य भांव पक्की सड़क से सरायदामू की तरफ | 1100 मी0 | 590666.00 | 11900.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 2 | रतन्सीपुर | खण्डजा मरम्मत कार्य राजापुर नहर पुल तक –तम्बरपुर नहर पुल से | 565 मी0 | 809753.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 3 | मूलिहामऊ | इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण संतलाल के धर से काली माँ के मन्दिर तक | 168 मी0 | 839227.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 4 | लोधवारी | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे राजी तारामऊ गगन मौर्या के धर से इण्टरलाकिंग निर्माण तक | 175 मी0 | 839180.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 5 | कोरचन्दामऊ | इण्टरलाकिंग निर्माण पक्की सड़क से परीदीन पासी के घर तक | 154 मी0 | 805465.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 6 | मोहगंवा | इण्टरलाकिंग निर्माण आखडा से महारानी चबूतरा तक | 150 मी0 | 794375.00 | 15900.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 7 | रुस्तमपुर | इण्टरलाकिंग निर्माण वासुदेव मौर्या के घर से रामबालक मौर्या के घर तक | 194 मी0 | 805471.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 8 | भदोखर | इण्टरलाकिंग निर्माण सगीर धर से इन्द्रपाल के घर के आगे तक | 165 मी0 | 805047.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 09 | सरायदामू | इण्टरलाकिंग निर्माश दषस्थ के पुरवा श्रीलाल के दरवाजे से श्यामसुन्दर के दरवाजे की तरफ | 195 मी0 | 830560,00 | 16700.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 10 | खागीपुर सडवा | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे षिवा में हीरालाल के धर से रमणेश के धर की तरफ | 213 मी0 | 839080.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 11 | दिनोहरा | इण्टरलाकिंग निर्माण–विनोहरा डामर रोड़ से फूलवारी गांव की तरफ | 215 मी0 | 830615.00 | 16700.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 12 | झकरासी | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे गड़रियन नहर पटरी रामहर्ष के धर से बदलू प्रसाद की तरफ | 172 मी0 | 805416.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 13 | सुलखियापुर | इण्टरलाकिग निर्माण पूरे मुराईन में देवनारायण के धर से रवि प्रताप के घर के तरफ | 128 मी0 | 805468.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 14 | बेलाखारा | इण्टरलाकिंग निर्माण – पूरे खून्नू में बेलाखारा डामर रोड से खून्नू के पुरवा की तरफ | 186 मी0 | 805372.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 15 | भदोखर | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे कुन्दन में नन्दलाल के धर से रामप्रताप के घर की ओर | 187 मी0 | 805483.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 16 | भांव | इण्टरलाकिग निर्माण पूरे मखनिया में डामर रोड़ से रामसहाय के घर से उमाशंकर के धर की ओर | 193 मी0 | 839312.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 17 | भखरवारा | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे ओरी में एक्सना डामर रोड से हरिकेश के घर से तेजभान के घर की तरफ | 190 मी0 | 805571.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 18 | ब्लाकि परिसर राही | मरम्मत कार्य मीटिंग हाल की मरम्मत एंव सौन्द्रर्थीकरण का कार्य | 1 अद्द | 736610,00 | 14800.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 19 | जमालपुर | इण्टरलाकिंग निर्माण पूरे बच्चा सिंह में शिव बक्श के घर से रामकुमार के घर तक | 100 मी0 | 451720.00 | 9100.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 20 | मोहम्मपुर कुचरिया | खण्डजा मरम्मत कार्य –पुद्दन कुर्मी के धर से ओमप्रकाश मौर्या के घर की तरफ | 196 मी0 | 424059.00 | 8500.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 21 | बेलाभेला | खण्डजा मरम्मत कार्य पूरे बेद में सुरेश के धर अमृतलाल के घर की तरफ | 85 मी0 | 423883.00 | 8500.0 | 1000.00 | 03 माह |
| | | 15 वे केन्द्रीय वित्त आयोग टाईड योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का नाम | | | | | |
| 1 | लोधवारी | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी–स्वाराज शिक्षा मन्दिर उ0प्र0वि0 में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 2 | बेलाभेला | भारत सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी स्काउट गाइड एण्ड गाइड इण्टर कालेज में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 3 | रतंसीपुर | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी –सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 4 | बेलाखारा | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी –पंतजन ग्लोबल स्कूल में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 5 | भांव | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी आदर्श बाल विद्या मन्दिर में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 6 | भदोखर | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी –दयाल शिक्षा निकेतन में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 7 | लोधवारी | पेयजल की व्यवस्था पूरे भक्तन लोधवारी स्थित पहलवान बीर बाबा मन्दिर में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 106590,00 | 2200.00 | 500.00 | 03 माह |
| 8 | खागीपुर सड़वा | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी विवेकानन्द इण्टर कालेज में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 9 | लोधवारी | सोलर वाटर पम्प पानी की टंकी ए0वी0वी0 षिषु मन्दिर निकट भरतगंज परषदेपुर रोड़ में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 10 | दरियापुर | सोलर वाटर पम्प बानी की टंकी सत्यनारायणी देवी शिक्षा निकेतन में स्थापना का कार्य | 1 अद्द | 283997.00 | 5700.00 | 500.00 | 03 माह |
| 11 | मोनई | नाला निर्माण – महेंगू का पुरवा नाला निर्माण सुरेष के दरवाजे से श्यामसुन्दर के दरवाजे से गड़ही तक | 135 मी0 | 779834.00 | 15600.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 12 | राजापुर | नाली निर्माण उमाशंकर के दरवाजे से बाग की तरफ | 400 मी0 | 667426.00 | 13400.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 13 | परौरा | नाली निर्माण पूरे इंची का पुरवा देषराज पाल के दरवाजे से होते हुए रमाकान्त के दरवाजे स्थित तालाब की तरफ | 149 मी0 | 299855.00 | 6000.00 | 500.00 | 03 माह |
| 14 | विनोहरा | नाली निर्माण पूरे घूरी में रामबहादुर के धर से नहर तक नाली निर्माण | 230 मी0 | 710073.00 | 14300.00 | 1500.00 | 03 माह |
| | | 15 वे केन्द्रीय वित्त आयोग अनटाइंड योजनान्तर्गत कराये जाने बाले कार्यो का नाम | | | | | |
| 1 | राही | इण्टरलॉकिंग निर्माण इमामगंज रभेष के दरवाजे से संगम नेता के दरवाजे से होते हुए माइनर की तरफ। | 182 मी0 | 805206.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 2 | सरायें मुगला | इण्टरलॉकिंग निर्माण आदमपुर माइनर की पुलिया से शहजाद के धर की तरफ माइनर की बाई पटरी पर | 196 मी0 | 839116.00 | 16800.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 3 | गुलखियापुर | इण्टरलाकिंग निर्माण कलसहा में इण्टरलाकिंग से पासापुर की तरफ असुल के धर की तरफ | 201 मी0 | 805385.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 4 | सेमरा | इण्टरलाकिंग निर्माण पक्की सड़क से भोला सिंह के घर होते हुए पक्की सड़क तक | 167 मी0 | 805457.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 5 | बेलाभेला | इण्टरलाकिंग निर्माण हनुमान गंज में मदन के धर से पूरे मदनी की ओर | 175 मी0 | 805299.00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |
| 6 | अकबरपुर कछवाहा | इण्टरलाकिंग निर्माण – इण्टरलाकिंग से सूरज पाल के घर से बृजेष के घर की तरफ। | 172 मी0 | 805457,00 | 16200.00 | 1500.00 | 03 माह |

(गौरी राठौर)
खण्ड विकास अधिकारी राही–रायबरेली।

## न्यूज ब्रीफ

### पैदल रूट मार्च कर दिया शांति व्यवस्था पर जोर

**मसौली, बाराबंकी :** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर मंगलवार को शहाबपुर, मसौली बाराबंकी में थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ पैदल रूट मार्च निकाला। यह रूट मार्च कस्बे की विभिन्न गलियों से होकर गुजरा। पुलिस टीम ने ग्रामीणों और दुकानदारों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की। थाना प्रभारी ने लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और आमजन के सहयोग से क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सकती है। रूट मार्च के दौरान रमेशचंद्र, सत्यपाल सिंह, राम नायक सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### बाजार में महिला के बैग से चुराए जेवर

**फतेहपुर, बाराबंकी :** नगर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर भीड़ भरी बाजार में चोरों ने एक महिला का बैग काट कर 90 हजार मूल्य के जेवर साफ कर दिए। चोरी का पता चलते ही चीख पुकार मचाती महिला व उसके पति ने काफी खोजबीन की, सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई लेकिन चोरों का कोई सुराग नही लगा। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा चक के रहने वाले अंकित यादव अपनी पत्नी प्रीति के साथ फतेहपुर कस्बे की साप्ताहिक सट्टी बाजार में होली की खरीदारी करने आई थी। वह बाजार में एक स्टाल पर कपड़े देख रही थी। उसके कंधे पर टंगे पर्स में एक जोड़ी झुमकी व अन्य सामान मौजूद था। घात लगाए चोरों ने उसका पर्स काट कर सोने की झुमकी उड़ा दी। कुछ देर बाद पर्स खुला देख महिला ने तलाशी ली तो करीब 90 हजार रुपये मूल्य की झुमकी गायब थी। उसने घटना की सूचना पति को दी।

# नशे की हालत में मिली युवती, दुष्कर्म की आशंका

## पुलिस ने कराया मेडिकल, भेजा वन स्टाप सेंटर, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बड्डूपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवती शराब के नशे में एक गांव के पास पड़ी मिली। आशंका है कि लखनऊ से यहां तक साथ लाने वाले युवक ने दुष्कर्म किया है हालांकि वह फरार है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसे वन स्टाप सेंटर भिजवा दिया। पीड़िता की बहन की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण आदि धाराओं में मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम ओझियापुर के पास एक युवती संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ी मिली। ग्रामीणों ने यह देख पुलिस को खबर की। मौके पर महिला पुलिस पहुंची तो युवती बेतहाशा नशे में मिली, जिसे थाने पर ले जाने के बाद पूछतांछ की गई, इसके बाद उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। यहां से पुलिस युवती को वन स्टाप सेंटर ले गई। उधर मंगलवार को थाने पहुंची लखीमपुर जिले की मूल निवासी पीड़िता की बहन ने आरोप लगाया कि वह अपनी बहन के साथ लखनऊ में रहती है, बहन एक पेट्रोल पंप पर जिस युवक के साथ काम कर रही थी, वह उसका दोस्त है और इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसकी बहन को आरोपी ही देर रात अपने साथ जबरन लेकर आया था। आरोप यह भी कि उसी युवक ने बहन का अपहरण कर उससे मारपीट की व शराब पिलाई है। जबकि नशे की हालत व सड़क पर अकेले मिलने से आशंका है कि युवती के साथ दुष्कर्म भी किया गया है। पुलिस ने बहन की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं आरोपी की तलाश की जा रही। क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया ने बताया कि दुष्कर्म की बात सही नहीं है। पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद बहन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही।

## जमीन विवाद में मारपीट, 6 नामजद

**देवा, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक जमीन के विवाद को लेकर दबंगों ने परिवार पर हमला बोल दिया। इस घटना में तीन लोग जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भिजवाया, वहीं पीड़ित की तहरीर पर छह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर निवासी सुभाष यादव पुत्र राम नरेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर के पास स्थित साझा पारिवारिक जमीन पर उसके कंडे लगे हुए थे। आरोप है कि पट्टीदार कैलाश यादव पुत्र स्व. रामचंदर ने पूर्व में कंडे हटाने की बात कही, जिस पर सहमति बन गई थी। पीड़ित के अनुसार, सोमवार को करीब 11:30 बजे कैलाश यादव, अभिषेक यादव, शेखर यादव, रोहित यादव, भगवानदीन व सत्यवान लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और कंडा हटाने को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। घटना में सुभाष यादव के पैर में चोट आई, जबकि उसकी मां शारदा के सिर में गंभीर तथा बहन रोली यादव को भी शरीर में चोटें आईं। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एएसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए गए। एएसपी दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित परेड ग्राउण्ड में सलामी ली। परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों, रिक्रूट आरक्षियों की परेड, अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता की भी समीक्षा की।



मनोज यादव के साथ बार अध्यक्ष। अमृत विचार

## सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जेल से रिहा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव जेल से रिहा हो गए। जमानत मंजूर होने के बाद बाराबंकी के सत्यापन के चलते रिहाई लटकी हुई थी। बता दें कि सफदरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को धमकाने व धक्का देने के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी, वहीं पुलिस ने उन्हें क्षेत्र से गुजरते समय गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अदालत ने उनकी त्रिपाठी जमानत मंजूर कर ली थी लेकिन उनकी रिहाई नहीं हो सकी थी। रिहाई में साथ रहे अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने बताया कि बाराबंकी के सत्यापन में वक्त लगता है। मंगलवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता रिहा हो गए हैं।

# मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा मिठाई और कचरी कराई नष्ट



कार्रवाई करती टीम। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम का मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान जारी है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश में मंगलवार को कुल छह नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए गए, जिनमें खोया, कचरी, बूंदी लड्डू, पनीर और रंगीन कचरी शामिल थे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से 30 किग्रा मिठाई (बूंदी लड्डू) अधिक मात्रा में रंग होने के कारण और 250 किग्रा दूषित कचरी मौके पर ही नष्ट कर दी गई। इसके साथ ही 30 किग्रा पनीर भी अस्वास्थ्यकर पाए जाने पर नष्ट किया गया। नष्ट किए गए खाद्य पदार्थों का कुल मूल्य 49,000 रुपये है। अभियान में साई राम राम ढाबा दादरा से खोया और बूंदी लड्डू का नमूना लिए गए तथा 30 किग्रा मिठाई का विनष्टिकरण किया गया। रिंकू लाल बदोसराय से पनीर का नमूना और 30 किग्रा पनीर नष्ट किया गया। वहीं जायसवाल किराना स्टोर स्टेशन रोड से कचरी का नमूना और 250 किग्रा दूषित कचरी नष्ट की गई। अभियान में नीरद पाण्डेय, अरुण कुमार, अर्शी, फारूकी, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी, अनुराधा मिश्रा और डॉ. अंकिता यादव भी शामिल रहे।

# कर्मी को धक्का देकर टेस्ट ड्राइव के बहाने लूटी कार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** शहर कोतवाली क्षेत्र में सरेशाम हुई वारदात से हड़कंप मच गया। टेस्ट ड्राइव के लिए कार बाजार पहुंचे चार युवकों ने हाईवे पर कर्मी को सड़क पर धक्का दे दिया फिर कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से शिकायत की, वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बाराबंकी अयोध्या मार्ग पर शहर से सटे इलाके में न्यू बाराबंकी के नाम से कार बाजार है। मंगलवार की शाम को यहां पर चार युवक पैदल कार बाजार पहुंचे और काफी देर तक विभिन्न गाड़ियों का मुआयना करते रहे। बाद में उन्होंने एक्सयूपी 300 पसंद करते हुए उसकी टेस्ट ड्राइव की मांग की। शोरूम का एक कर्मचारी उनके साथ कार में बैठकर हाईवे की ओर रवाना हुआ। कुछ दूरी तय करने के बाद आरोपियों ने अचानक कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे सड़क पर फेंक दिया। इसके बाद वे 7.50 लाख कीमत की कार लेकर रफ्तार में भाग निकले। घायल कर्मचारी ने किसी तरह शोरूम संचालक को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। घटना की पूरी वारदात शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में चारों युवक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

## वृद्धाश्रम व संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण



निरीक्षण में मौजूद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह की अध्यक्षता में सिविल जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनम शर्मा द्वारा आश्रय गृहों के अंतर्गत वृद्धाश्रम तथा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठजनों से संवाद कर भोजन, स्वास्थ्य, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं एवं मनोरंजन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकार मित्र सविता सिंह तथा आश्रम प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कई वृद्धजनों को वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन न मिलने का मामला सामने आने पर सचिव ने ऐसे सभी पात्र लोगों की सूची तैयार कर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद समिति ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) का निरीक्षण कर निरुद्ध किशोरियों की आवास, भोजन, शिक्षा, काउंसलिंग व स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकार मित्र रूबी वर्मा, प्रभारी अधीक्षिका मौजूद रहीं।

## गुटखा व सिगरेट की वसूल रहे मनमानी कीमत

**सफदरगंज, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में गुटखा व सिगरेट की जमाखोरी और एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री लगातार जारी है। बताते चलें कि पान मसाला व सिगरेट के दामों में अचानक आग लग गई है। आरोप है कि कुछ थोक विक्रेता अघोषित गोदामों में माल डंप कर मनमाने दामों पर माल बेच रहे हैं। जिसकी वजह से बाजार में इन चीजों का भाव आसमान चढ़ गया है लेकिन खास बात यह कि गुटखा व सिगरेट एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा, वहीं खरीददार मनमाना दाम देने को मजबूर हैं। जमाखोर ही नहीं बल्कि एजेंट भी निर्धारित मूल्य से अधिक पर माल बेच रहे, जिससे फुटकर दुकानों पर इनके दाम काफी बढ़ गए हैं। उदाहरण के लिए बाजार में 5 रुपये एमआरपी वाला गुटखा 7 रुपये में तथा 10 रुपये वाला गुटखा 12 रुपये में बेचा जा रहा। ब्रांडेड सिगरेट पर भी 2-3 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं, जबकि पैकेट पर पुरानी एमआरपी अंकित है। उपभोक्ताओं ने इसे नियमों का उल्लंघन बताते हुए प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## एक ही आरोप के दो मुकदमे, आरोपी फरार

**सूरतगंज, बाराबंकी :** अज्ञात की ओर से मोबाइल पर काल कर महिला अधिकारी से अभद्रता करने वाले आरोपी को पुलिस अब तक नहीं पकड़ सकी है। जिससे ब्लाक के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। बताते चलें कि स्थानीय विकास खंड में बतौर अधिकारी तैनाम एक महिला ने 16 फरवरी को मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 13 मई के बाद छह जनवरी और 15 फरवरी को उनके फोन पर अज्ञात व्यक्ति निरंतर धमकियां और अभद्रता भरे संदेश भेज रहा है। पुलिस ने दूसरा मुकदमा भी अंकित किया था लेकिन दो बार मुकदमा पंजीकृत करने के बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ने में रुचि नहीं दिखा रही है। जिसको लेकर ब्लाक कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कोतवाल आशुतोष मिश्रा ने बताया कि जांच चल रही हैं। अतिशीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# जानलेवा हमला कर युवक को किया मरणासन्न, केस

**बाराबंकी, अमृत विचार:** महिलाओं के बीच विवाद के बाद आईपीएल कंपनी जा रहे कर्मी को रास्ते में रोककर जानलेवा हमला कर दिया गया। जिससे घायल वहीं बेहोश होकर गिर गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, वहीं घायल को गंभीर दशा में जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र में मोहल्ला कटरा निवासी रूबी तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 फरवरी को बच्चों को लेकर पंकज कुमार की पत्नी से कहासुनी हुई थी। आरोप है कि विवाद के दौरान पंकज कुमार व उसकी पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। तहरीर के अनुसार 20 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे अनिल कुमार तिवारी आईपीएल कंपनी माती काम पर जा रहे थे। जैसे ही वह मेयो अस्पताल के आगे धर्मकांटा के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार पंकज कुमार और उसके दो अज्ञात साथियों ने उनकी गाड़ी रोक ली। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## घर से अचानक लापता हुआ अधेड़

**मसौली, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र में 45 वर्षीय व्यक्ति के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। ग्राम अमलोरा निवासी वीरेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके बड़े भाई जितेन्द्र कुमार 22 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे घर से कहीं चले गए थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार लापता व्यक्ति के दोनों मोबाइल नंबर बंद जा रहे, जिससे चिंता और बढ़ गई है। मामले की सूचना 23 फरवरी को पुलिस को दी गई।

# 94 लाख की हेरोइन संग दो गिरफ्तार

सफदरगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** एएनटीएफ यूनिट लखनऊ ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 470 ग्राम हेरोइन, एक मोटरसाइकिल, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक कीपैड मोबाइल फोन तथा 1,620 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान देवी प्रसाद पुत्र स्व. रामबहादुर निवासी याकूतगंज थाना जैदपुर तथा अनिल कुमार पुत्र प्रदीप कुमार निवासी ताड़पुरवा थाना जैदपुर के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को सोमवार के दिन लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर चंदवारा मोड़ से आगे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सफदरगंज पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे दोनों पार्टनर के रूप में हेरोइन की तस्करी करते थे। बरामद हेरोइन को मोटरसाइकिल से एक ग्राहक को बेचने जा रहे थे। बिक्री से प्राप्त धनराशि को आपस में बांटकर घर का खर्च चलाने और अपने शौक पूरे करने की बात उन्होंने स्वीकार की। टीम में एएनटीएफ यूनिट लखनऊ की टीम में प्रभारी निरीक्षक दर्शन यादव, उपनिरीक्षक सौरभ कुमार, मुख्य आरक्षी दिनेश सिंह, मुख्य आरक्षी मो. खालिद खां, मुख्य आरक्षी संगम पटेल एवं कांस्टेबल राजन कुमार शामिल रहे।



पुलिस की गिरफ्त में हेरोइन तस्कर। अमृत विचार

# तय दूरी पर पहुंचे जानलेवा एचटी लाइन के तार

**खबर का असर**



**हैदरगढ़, बाराबंकी:** एक व्यक्ति को करंट का झटका लगने व लंगूरी बंदर की मौत की खबर अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद आखिरकार विभाग जागा और मंगलवार को मैनुअली काम कराकर तार तय ऊंचाई पर पहुंचा दिए गए। बताते चलें कि कस्बा के पूरे मित्तई वार्ड से होकर लिल्हौरा माइनर पटरी गुजरी है। इसके आस पास जंगल झाड़ी लगी हुई है। करीब एक सप्ताह पूर्व एक व्यक्ति हरा बांस लेने गया था, वापस लौटते समय बांस काफी नीचे लटक रहे हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वह काफी झुलस गया हालांकि उसकी जान बच गई। सोमवार को इसी तार से चिपक कर एक लंगूरी बंदर की दर्दनाक मौत हो गई। इस तार के काफी नीचे लटकने से बराबर खतरा बना हुआ है। विभागीय नियम की बात करें तो हाईटेंशन लाइन के तार की ऊंचाई साढ़े पांच मीटर होनी चाहिए लेकिन यह तार केवल पांच फीट ऊंचाई पर लटका हुआ है। बताया जा रहा कि करीब एक साल पहले टीम नए खंभे लगाकर तार खींचने गई थी लेकिन विरोध के चलते काम नहीं हो सका। अमृत विचार के डिजिटल प्लेटफार्म ने इस अहम समस्या को प्रमुखता से उजागर किया। जिसके बाद विद्युत विभाग हैदरगढ़ डिवीजन ने मंगलवार को तार ऊंचे करवा दिए। तार तय दूरी पर पहुंच जाने से अब कम से कम जान का खतरा न के बराबर हो गया है।

## सीडीपीओ ने प्रावि का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी:** सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे प्राथमिक विद्यालय तूलीपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई का स्तर, मध्याह्न भोजन व्यवस्था और छात्र उपस्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों से सामान्य ज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और गणित से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया। शिक्षकों से विद्यालय की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्धारित समय पर संचालन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपलब्ध सुविधाएं बच्चों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया। प्रधानाध्यापिका प्रांजलि राव ने बताया कि विद्यालय में 51 छात्र पंजीकृत हैं, जिनमें से 46 निरीक्षण के दिन उपस्थित थे। मध्याह्न भोजन में मेनू अनुसार दाल-चावल वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।

## बंधक बना पिटाई करने का आरोप

**सूरतगंज, बाराबंकी:** क्षेत्र में एक वृद्ध ने ट्रैक्टर से शौचालय गिराने और बंधक बनाकर मारने-पीटने के आरोप लगाए है। पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहा है, हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। जमीन का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। मोहम्मदपुर खाला थाना के खंडेहरा के निवासी 75 वर्षीय वारिस का आरोप है कि उसकी भूमि का विवाद अकील अहमद से चल रहा है, जो न्यायलय में विचाराधीन है। 22 फरवरी को अकील अहमद, एकलाक, गुड्डू व पप्पू ने ट्रैक्टर से पहले शौचालय गिरा दिया।

## आलू भंडारण शुल्क वृद्धि का विरोध



एसडीएम को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाकियू नवाबगंज तहसील इकाई ने आलू भंडारण शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विरोध जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए रोक लगाने की मांग की। किसानों का तर्क है कि बिजली दर और मजदूरी में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है, फिर भी शीतगृह संचालक शुल्क बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। बढ़ती लागत, बेमौसम बरसात और आलू के गिरते दामों ने किसानों की आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर कर दी है। इन परिस्थितियों में बढ़ा हुआ भंडारण शुल्क देना किसानों के लिए संभव नहीं है। ज्ञापन सौंपने वालों में उत्तम सिंह, शिवनारायण सिंह, मनोज कुमार, शाहिद अली, मोहम्मद रईस और अल्ताब आदि शामिल रहे।

## अधिवक्ता से अभद्रता व मारपीट, आक्रोश

**फतेहपुर, बाराबंकी :** पत्नी संग बाइक से घर जा रहे अधिवक्ता से तीन बाइक सवार युवकों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम अछैछा निवासी लवकुश पेशे से अधिवक्ता हैं। सोमवार रात वह पत्नी और साले आदेश के साथ ग्राम सिहाली में एक शादी समारोह से बाइक से लौट रहे थे। ग्राम गंगौला के निकट पीछे से आ रहे तीन बाइक सवार युवकों ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर अधिवक्ता की पिटाई कर दी। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता कोतवाली पहुंचकर आक्रोश जताने लगे। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## रिवाल्वर समेत हर्ष फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** चार दिन पूर्व वैवाहिक समारोह में हर्ष फायरिंग का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। देवा निवासी इस युवक से एक लाइसेंसी रिवाल्वर व 15 कारतूस बरामद किए हैं। उधर गोली से घायल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्राम सहेलिया निवासी अवधराम यादव की पुत्री की शादी गत गुरुवार को थी। इस दौरान उनके बेटे का तिलक समारोह भी हुआ। आयोजन में शामिल होने अवधराम का रिश्तेदार सुनील यादव (45) भी आये थे। देर रात भोजन के दौरान अचानक हर्ष फायरिंग में गोली सुनील के सीने के ऊपरी हिस्से से जा धंसी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया, वहीं मौके पर पहुंचे अवधराम ने घायल की पहचान अपने साथी सुनील यादव के रूप में की। परिजनों आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले गए पर हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। इस घटना के बाद से पुलिस फायरिंग करने वाले को सिरे से तलाश रही थी। इस बीच सतरिख थाना पुलिस ने अरूण पुत्र रमेश यादव निवासी ग्राम कैथी थाना देवा को असैनी मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# मिनी स्टेडियम के शौचालय में हुई सफाई

**खबर का असर**

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार:** धरौली वार्ड स्थित पायका मैदान मिनी स्टेडियम के इंडोर हॉल के शौचालयों की बदहाल स्थिति को लेकर सोमवार को प्रकाशित खबर का असर मंगलवार को दिखा। खबर सामने आते ही संबंधित जिम्मेदारों में हलचल मच गई और तत्काल साफ-सफाई कराई गई।

पायका मैदान के इंचार्ज तरुण तिवारी की देखरेख में सफाईकर्मियों ने शौचालय परिसर की धुलाई कर गंदगी हटाई। साथ ही टूट-फूट व अव्यवस्था को दुरुस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कराई गई। गौरतलब है कि सुबह-शाम बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी और बुजुर्ग मैदान में दौड़ने व खेलकूद के लिए पहुंचते हैं, लेकिन शौचालय में फैली गंदगी के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इंचार्ज तरुण तिवारी ने बताया कि खबर के संज्ञान में आते ही तत्काल सफाई कराई गई है और आगे नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय लोगों ने त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताते हुए नियमित निगरानी की मांग की है, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति न बने।


स्टेडियम के शौचालय की बदहाली
...ाट, बाराबंकी, अमृत विचार :
...र पंचायत रामसनेहीघाट के धरौली
...मिनी स्टेडियम पायका मैदान के
...के शौचालय स्थिति बदहाल है।
...बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी और
...दौड़ने व खेलकूद के लिए पहुंचते हैं,
...ालय में गंदगी और अव्यवस्था के
असुविधा का सामना करना पड़
...का मैदान इंचार्ज तरुण तिवारी ने
...फाई के लिए बजट नहीं मिलता
...कर्मी भी नहीं आते। उन्होंने कहा
...ायत को अवगत कराया जाएगा।
बदहाल पड़ा शौचालय

सोमवार को प्रकाशित खबर।



पायका मैदान के शौचालय में हुई सफाई।

## सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन

**मसौली, बाराबंकी :** मंगलवार को बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्रीराम स्तुति श्रीराम चन्द्र कृपाल भजु मन से की, इसके बाद गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। भजन संध्या में सुंदर है नाम राम का, हे प्रभु मुझे बता दो, सावन की ऋतु है आजा मां जैसे भजन गूंजे। अंकित वर्मा ने दरबार में बंशी वाले के व मेरे राम जी कह देना जय सियाराम भजन प्रस्तुत किए। रजत ने बजरंगबली बाबा पार नैया लगा देओ सहित अन्य भजन सुनाए। भक्तों ने माता जी व हनुमान जी के सुंदर भजन गाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में हनुमान जी महाराज की आरती उतारी गई। इस अवसर पर सचिन मोहित वर्मा, ऋषि सैनी, चंद्रपाल यादव, रजत वर्मा, दीपक नाग, पंकज आदि मौजूद रहे।



नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

## हनुमंत अध्यक्ष, पवन मंत्री व प्रदीप बने कोषाध्यक्ष

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा विकास खंड रामनगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने बाबू हनुमंत प्रसाद अवस्थी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं पवन कुमार मिश्र को मंत्री, प्रदीप कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा अयोध्या प्रसाद रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला आईटी (मीडिया) प्रभारी दिलीप तिवारी, डॉ. राकेश सिंह, उमा नाथ मिश्रा, डॉ. देवेंद्र कुमार द्विवेदी, श्याम किशोर बाजपेई, राजेश श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, प्रदीप वर्मा, रोहित त्रिपाठी, ललित वर्मा, रवि भदौरिया, आशुतोष मिश्र, आदर्श पांडेय, मो. आसिम, संतोष मिश्रा, देश दीपक शुक्ला, नीतेश त्रिपाठी, राम प्रताप, इंदुनाथ मौर्य, इरफान अहमद, सुहैल अहमद, इंद्रजीत, ज्योत्स्ना त्रिपाठी, लोकनाथ तिवारी, शिशिर पांडेय, विवेक मिश्रा (बिरौली), चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, आलोक वर्मा, अंकुर गिरि, देव पांडेय, सरजू शरण त्रिवेदी, शीतल खरे व चित्रा यादव सहित अनेक शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फंदे से लटककर फैक्ट्री श्रमिक सहित तीन युवकों ने दी जान

## सदर कोतवाली, दही और अचलगंज थाना क्षेत्र में हुईं घटनाएं, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत लोकनगर मोहल्ला में राजमिस्त्री का शव फंदे से लटका मिला। वहीं दही थानाक्षेत्र के नंदौली गांव में युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। उधर अचलगंज थानाक्षेत्र में फैक्ट्री श्रमिक का शव सर्वेंट क्वार्टर में लटका मिला। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराए हैं।


शिवलाल।


अनुज।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जुरखान खेड़ा निवासी शिवलाल प्रजापति (34) पुत्र स्व. रामेश्वर राजमिस्त्री था। वह शराब का लती था। इससे उसकी पत्नी सविता उसे छोड़कर चली गई थी। बीती रात वह बाहर से घर आया और कमरे में चला गया। खाना खाने के लिए मां रामश्री बेटे को बुलाने कमरे में पहुंची तो बेटे को पंखे के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। इस पर बड़ा बेटा रवि कुमार व पड़ोसी पहुंचे। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। भाई रवि ने बताया कि शिवलाल शराब पीता था। इसे लेकर अक्सर परिवार में विवाद होता था। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

### युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

उन्नाव, अमृत विचार। दही थानाक्षेत्र के नंदौली गांव निवासी अनुज (21) पुत्र रामप्यारे बेंगलुरु में मजदूरी करता था। करीब 15 दिन पहले वह घर लौटा था। पिता के मुताबिक अनुज शराब का लती था। इससे अक्सर घर में विवाद करता था। बीते रविवार को भी नशे में पड़ा था। इस पर परिजनों ने उसे घर पहुंचाया था। सोमवार रात वह नशे में घर लौटा और विवाद करने लगा। इस पर पिता खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने चला गया। अन्य लोग भी सो गए। सुबह मां सुनीता उसे तलाश करने निकली तो घर से 200 मीटर आगे रस्सी के फंदे से बेटे का शव पेड़ पर लटका देख उसने शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बेटे की मौत से मां सुनीता, पिता रामप्यारे, छोटा भाई अरुण व बहन रुचि रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

### क्वार्टर में लटका मिला श्रमिक का शव

उन्नाव, अमृत विचार। बिहार राज्य के पश्चिम चंपारण पिडारी जिला के पुरे नियपस गांव निवासी एजाज अहमद (21) पुत्र शेखनन्हू अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में श्रमिक था। वह फैक्ट्री परिसर में बने अस्थाई सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। मंगलवार भोरपहर सर्वेंट क्वार्टर में पड़े टीन शेड के एंगल में एजाज का शव बेल्ट के फंदे से लटका देख साथी श्रमिकों के होश उड़ गए। उनकी सूचना पर फैक्ट्री प्रबंधन के लोग पहुंचे। सहायक एचआर मोनिश हयात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवा कर मोर्चरी भेजा। फैक्ट्री में काम करने वाले फूफा मो. मासिन ने बताया कि एजाज 3 भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से मां नूरजहां खातून रो-रोकर बेहाल है। चर्चा रही कि एजाज की रात में फोन पर पत्नी से कहासुनी हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा फूफा के सुपुर्द किया। इसके बाद फैक्ट्री की एंबुलेंस से शव उसके घर भेजा गया।

**मौत के 71वें दिन आज होगा पोस्टमार्टमः** सफीपुरः आगरा एक्सप्रेस-वे पर 13 दिसंबर को हुए सड़क हादसे में मृत किशोर का शव 71 दिन बाद कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बाबा के प्रार्थनापत्र पर डीएम के आदेश के बाद बुधवार को दफन शव कब्र से निकाला जाएगा। इसके बाद 3 डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम होगा। बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के रोलिया गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र नन्हा ने 2 जनवरी- 2026 को डीएम गौरांग राठी से फरियाद की थी कि 13 दिसंबर-2025 को उनकी पुत्रवधू सुमन पत्नी स्व. सुरेंद्र अपने बेटे रामजी के साथ बाइक से लखनऊ गई थी। तभी बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर किमी संख्या 253 के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें मां-बेटा गंभीर घायल हुए थे। इसमें रामजी की लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

उन्नाव, अमृत विचार। किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी युवक को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 5000 का जुर्माना भी लगाया है। सफीपुर कोतवाली पुलिस ने 10 मई-2020 को क्षेत्र के दउलहा गांव निवासी दानिश पर किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। 28 मई-2020 को पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेजा गया था। तत्कालीन सीओ महेंद्र पाल शर्मा ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद 22 जुलाई-2020 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई एडीजे-11 की कोर्ट में पूरी हुई। इसके बाद न्यायाधीश ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई की दलील व साक्ष्य के आधार पर दानिश को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई।

### अगस्त क्लब ने 71 रनों से जीता मैच

उन्नाव, अमृत विचार। जिला क्रिकेट एसो. द्वारा आयोजित अंडर-19 रजनींद्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग के 5वें मैच में अगस्त क्लब ने इंटरनेशनल क्लब को 71 रनों से हराया। शुरुआत में अगस्त क्लब ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 35 ओवरों में सभी विकेट खोकर 153 रनों का स्कोर बनाया। टीम की ओर से अंशराज ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंटरनेशनल क्लब की टीम अगस्त क्लब के गेंदबाजों के सामने महज 82 रनों पर ऑलआउट हो गई। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए ओम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# होली पर हुड़दंग करने वालों की खैर नहींःडीएम

**उन्नाव, अमृत विचार।** आगामी होली व होलिका दहन पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें डीएम व एसपी जय प्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों से प्रशासन कड़ाई से निपटेगा।



त्योहारों को लेकर बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

डीएम ने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों व होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर लें। कहा कि किसी भी हाल में कोई नई परंपरा न डाली जाए। साथ ही पर्व के दौरान बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। आमजन की सुविधा के लिए डीएम ने कहा कि जर्जर व लटके तारों को तत्काल ठीक किया जाए और जनता की सहायता के लिए कंट्रोल रूम का नंबर जारी हो। नगर निकाय व पंचायती राज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। पेयजल आपूर्ति सुचारु रहे और पंप हाउस पर ऑपरेटरों के नंबर चस्पा किए जाएं। त्योहार के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि 3 से 5 मार्च संभावित होली तिथियों तक डॉक्टरों और स्टाफ की ड्यूटी लिस्ट उपलब्ध कराएं। इस दौरान किसी भी स्टाफ को बिना अनुमति अवकाश नहीं मिलेगा। वहीं, आबकारी विभाग को शराब की दुकानों की बंदी सुनिश्चित करने और अवैध शराब की बिक्री पर छापेमारी के निर्देश दिए गए हैं। बिना अनुमति डीजे नहीं बजेगा और अनुमति मिलने पर भी ध्वनि सीमा का पालन करना होगा। अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। खाद्य सुरक्षा विभाग मिलावटी मावा व मिठाइयों की दुकानों की सघन चेकिंग कर प्रभावी कार्रवाई करेगा। एसपी ने लोगों से अपील कि वे अपने क्षेत्रों में लोगों को समझाएं व शांतिपूर्वक जुलूस संपन्न कराने में सहयोग करें। कहा कि पुलिस भ्रमणशील रहेगी और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।

# 104 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न हुईं। प्रथम पाली में जिले के केवल 6 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई। इसमें इंटर कृषि वनस्पति विज्ञान में 32 छात्रों में 29 उपस्थित व 3 अनुपस्थित रहे। जबकि कृषि अर्थशास्त्र में 37 छात्रों में 34 उपस्थित व 3 अनुपस्थिति रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 69 छात्रों में 63 उपस्थित व 6 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में जिले के 101 केंद्रों में हाईस्कूल मानव विज्ञान व इंटर अर्थशास्त्र की परीक्षा हुई। हाईस्कूल मानव विज्ञान में एक छात्र पंजीकृत था वह भी अनुपस्थित रहा। जबकि इंटर अर्थशास्त्र में 3293 छात्रों में 3196 उपस्थित व 97 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार द्वितीय पाली में 3294 पंजीकृत छात्रों में 3196 उपस्थित व 98 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में पंजीकृत 3363 छात्रों में 3259 उपस्थित व 104 अनुपस्थित रहे। प्रातः पाली में केवल 6 केंद्रों में परीक्षा होने से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से ही निगरानी की जाती रही। जबकि द्वितीय पाली में 2 जिला स्तरीय सचल दल प्रधानाचार्य अदनान हाफीज व उपमा त्रिपाठी के नेतृत्व में हसनगंज व बीघापुर क्षेत्र के करीब एक दर्जन केंद्रों का भ्रमण किया मगर कोई नकलती नहीं मिला।


कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी करते एसडीएम व सचल दल प्रभारी।

### स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर पालिका में कार्यशाला आयोजित

शुक्लागंज, उन्नाव। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को देखते हुए मंगलवार को नगर पालिका गंगाघाट में एक विशेष कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें स्वच्छ भारत मिशन की मंडल प्रबंधक प्रियंका यादव ने प्रतिभाग किया। उन्होंने पालिका अधिकारियों, कर्मियों व सफाई कर्मियों को स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों की जानकारी दी और बेहतर प्रदर्शन कर अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए जरूरी बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया। प्रियंका यादव ने कहा कि स्वच्छता केवल सर्वेक्षण तक सीमित न रहकर जनआंदोलन का रूप लेनी चाहिए। उन्होंने कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, डोर-टू-डोर कलेक्शन, शिकायत निस्तारण व नागरिक सहभागिता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# पिता-पुत्री के शव मिलने से पुलिस की उदासीनता पर उठे सवाल

- मृतक के भाई ने भाभी और ससुरालियों पर लगाए आरोप
- मिश्रा कॉलोनी घाट पर पिता-पुत्री का हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


विकास गुप्ता।


वेदिका।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी रेलवे क्रॉसिंग के पास कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर सोमवार रात करीब 9 बजे ट्रैक पर एक पिता-पुत्री के शव बरामद हुए थे। जिनकी पहचान सहजनी निवासी विकास गुप्ता (45) व उनकी 13 वर्षीय बेटी वेदिका के रूप में हुई। घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर उनकी कार भी मिली थी। जो अंदर से लॉक थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों शव एक-दूसरे से करीब 3 मीटर की दूर पड़े थे। किशोरी वेदिका का सिर व बायां हाथ धड़ से अलग था। जो ट्रेन की चपेट में आने की भयावहता बयां कर रहा था। सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। हालांकि, इस घटना ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। मृतक विकास गुप्ता जो मूल रूप से कानपुर के कल्याणपुर के रहने वाले थे और फिलहाल राजमार्ग सहजनी में किराए पर रह रहे थे। बीते कई दिनों से वह परेशान चल रहे थे। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस देररात दोनों की शिनाख्त कर पाई। जानकारी के अनुसार 19 फरवरी को पति-पत्नी में हुए विवाद के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से न लेते हुए मामला रफा-दफा कर दिया था। अगर उस समय पुलिस ने संज्ञान लिया होता तो शायद घटना टल सकती थी। विकास मरहला चौकी में वीडियो सहित साक्ष्य दे चुके थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे वह मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। मृतक की कार में सुसाइड नोट भी मिलने की चर्चा रही। जिसमें बताया गया कि उसने अपनी पत्नी शैफाली व ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई ने पत्नी व ससुरालियों पर हत्या कर शव ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी है। वहीं शाम को पीएम के बाद शव मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट लाये गए। जहां पिता-पुत्री के शवों का अंतिम संस्कार हुआ।

**पारिवारिक कलह की शुरुआतः** विकास गुप्ता की पत्नी शैफाली उर्फ डॉली के सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक वीडियो को लेकर उससे पहले 10 हजार फिर 17 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब 50 हजार रुपये की मांग की तो पूरा मामला विकास के सामने आया। इसके बाद से पति-पत्नी में लगातार विवाद चल रहा था। यह आपत्तिजनक वीडियो व विदेश में रह रहे युवक से आपत्तिजनक फोटो, वीडियो के साथ ही चैट भी होती थी। यही मूल कारण बना जिसने परिवार में कलह की नींव रखी और आगे चलकर इसने विकराल रूप ले लिया।

**पति-पत्नी ने की थी दूसरी शादीः** विकास व शैफाली का रिश्ता सामान्य नहीं था। दोनों ने वर्ष- 2012 में दूसरी शादी की थी। जिससे बेटी वेदिका का जन्म हुआ। दोनों के लिए यह दूसरा वैवाहिक जीवन था। इसके चलते उम्मीद थी कि वे एक-दूसरे की भावनाओं को बेहतर समझेंगे। विकास बेटी वेदिका से बेहद प्यार करते थे।

### श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ यज्ञ व सुंदरकांड


गायत्री मंदिर में हवन में आहुतियां डालते भक्त। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। शहर के डीएसएन कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में मंगलवार को काल गायत्री मंत्रों के जाप से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद गायत्री यज्ञ व सुंदरकांड पाठ हुआ। अजय शुक्ला की टोली द्वारा प्रस्तुत सुंदरकांड पाठ ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इसमें गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि हनुमान जी का जीवन आत्मविश्वास व ईश्वर पर अटूट विश्वास का सबसे बड़ा उदाहरण है। कहा कि सुग्रीव के सेवक रहे हनुमान श्री राम का आश्रय पाकर अजर-अमर व गुणों की निधि बन गए। उन्होंने सुंदरकांड को रामचरित मानस का दिल बताया। उन्होंने सभी से मंगलवार को सुंदरकांड पाठ करने व हनुमान जी की जीवनशैली से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। अंत में मंगल गान सकल सुमंगल दायक रघुनायक गुन गान के साथ आरती हुई। इसमें अजय शुक्ला, जगदेव शर्मा, ईश्वरानंद बाजपेई, कन्हैया, गौरव, तिलक श्रीवास्तव, अशोक राय, अशोक दीक्षित, रघुनाथ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### नशे में हुए विवाद में हुई थी वृद्ध की हत्या

उन्नाव, अमृत विचार। पुरवा कोतवाली क्षेत्र में 65 वर्षीय वृद्ध की हुई हत्या का पुलिस टीम ने खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपी ने स्वीकार किया कि शराब पीने के बाद हुए विवाद में उसने कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या की थी। उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद कर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूपतिपुर गांव निवासी शिवपाल (65) बीती 7 फरवरी को घर से निकले थे। लेकिन वापस नहीं लौटे। 20 फरवरी को बहु ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 22 फरवरी को उसका शव घर से 3 किमी आगे कोतवाली क्षेत्र के असेहरु गांव स्थित अरहर के खेत में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को पुलिस ने मुकदमे में लाखन सिंह (70) निवासी कस्बा पुरवा को तुसरौर-कौआगढ़ी मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि 7 फरवरी को शराब के नशे में शिवपाल से विवाद हुआ था। इससे उसने आवेश में आकर कुल्हाड़ी से हमलाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी पुलिस ने बरामद की है। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से अभियुक्त को पकड़ा है। कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से वह जेल भेजा गया।

### हाईकोर्ट का भूमि पर यथास्थिति का आदेश

शुक्लागंज, उन्नाव। पालिका क्षेत्र के वार्ड 16 गोपीनाथपुरम स्थित गाटा संख्या 153 राजस्व गांव नेतुवा गंगाघाट की भूमि को लेकर चल रहे विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से नगर पालिका को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने विवादित 12 बीघा भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। उक्त भूमि के संबंध में राजस्व परिषद के आदेश दिनांक 25 जून 2025 से नगर पालिका गंगाघाट के स्वामित्व हित प्रभावित हुए थे। आदेश के तहत गोपीनाथपुरम निवासी राहुल तिवारी व अन्य को 55 बीघा 13 बिस्वा के स्थान पर 67 बीघा 15 बिस्वा भूमि का लाभ मिल गया था। इससे क्षुब्ध होकर नगर पालिका गंगाघाट की अध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर उच्च न्यायालय में रिट बी संख्या 133/2026 दाखिल की गई। याचिका अधिवक्ता सुदीप कुमार व अधिवक्ता प्रणव पांडे के माध्यम से पेश की गई। मामले की सुनवाई न्यायालय संख्या 5 में न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने की। न्यायालय ने माना कि भूमि क्षेत्रफल बढ़ाने के संबंध में कई तथ्यों पर गंभीर विचार की जरूरत है। अगली सुनवाई 30 मार्च 2026 को निर्धारित है। उसी दिन दोनों पक्षों को जमीन के कागज प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं।

### बेसिक शिक्षकों ने काला फीता बांध किया विरोध

उन्नाव, अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद के मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अनिवार्य टेट के विरोध में मंगलवार को जिले के अधिकांश विद्यालयों में शिक्षकों ने काला फीता बांधकर शिक्षण कार्य किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, जिलामंत्री गजेंद्र वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा व जिला महामंत्री रामजन्म सिंह, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष मंजू कन्नौजिया, जिला महामंत्री निधि मिश्रा, एससीएसटी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा ने बताया कि 25 फरवरी को भी विरोध प्रकट करने हेतु काला फीता बांधकर शिक्षण कार्य किया जाएगा। 26 फरवरी गुरुवार को अनिवार्य टीईटी के विरोध में दोपहर 1 से 4 बजे तक बीएसए कार्यालय में धरना दिया जाएगा। इसके बाद डीएम कार्यालय जाकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया जाएगा।

# मेडिकल टीम जांचेगी ग्रामीणों का स्वास्थ्य

संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सिंगरोसी गांव स्थित रिमझिम स्टील फैक्ट्री में मानकों की अनदेखी से फैल रहे प्रदूषण की शिकायत लेकर जिलाधिकारी कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों को ज़ब रोक दिया गया तो नाराज ग्रामीण डीएम कार्यालय गेट के अंदर धरने पर बैठ गए। जब जिलाधिकारी पहुंचे तब उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए एक कमेटी से जांच कराने के आदेश दिए।


डीएम कार्यालय परिसर में धरने में बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि डीएम ने उप्र पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया है कि कल मौके पर जाकर स्थित का जायजा लें और उन्होंने एक प्रशासनिक अधिकारी सहित 5 अधिकारियों की कमेटी नियुक्त की है। कहा है कि आपके गांव एक मेडिकल टीम जाएगी और वहीं ग्रामीणों के स्वास्थ्य की टेस्टिंग और इलाज होगा। यदि स्टील फैक्ट्री प्रबंधन प्रदूषण नियंत्रण की अवहेलना कर रही है तो उनका लाइसेंस निलंबित होगा। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह, महामंत्री अनुराग सिंह, पूर्व प्रवक्ता प्रदीप पासी, मो. बशीर, खलीक खान, शिव, वीरेंद्र, राकेश कुशवाहा, अमर प्रकाश, शफीक अहमद सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष कार्यालय के बाहर मौजूद थे।

# बहुचर्चित माखी कांड में दुष्कर्म पीड़िता के चाचा की कोर्ट में पेशी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** बहुचर्चित माखी दुष्कर्म कांड की पीड़िता का चाचा अलग-अलग मामलों में तिहाड़ जेल में बंद है। उस पर सदर कोतवाली व माखी थानाक्षेत्रों से जुड़े 4 अलग-अलग गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें सीबीआई के गवाह युनूस की मौत पर फर्जी अफवाह फैलाना] गांव में राजनैतिक द्वेष के चलते एक नेता के विरुद्ध अपमानजनक पंपलेट बटवाना, गैंगस्टर की पत्रावली पर नाम हटवाने के लिए सफेदा लगाने जैसे आरोप भी हैं। ये मामले लंबे समय न्यालालय में विचाराधीन हैं। इन मामलों में सुनवाई एसीजेएम प्रथम की न्यायालय में चल रही है। मंगलवार को पीड़िता के चाचा को दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया। जहां उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की पत्रावली में सफेदा लगाने वाले पहले मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले सेवानिवृत्व न्यायालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गणेश तिवारी की गवाही व जिरह पूरी की गई। राजनैतिक द्वेष के चलते एक नेता के विरुद्ध अपमानजनक पंपलेट बंटवाने वाले मामले में तत्कालीन माखी थाना में तैनात हेडमुर्हिरर अरविंद त्रिपाठी (सेवानिवृत्त) की गवाही व जिरह पूरी हुई। झूठा मुकदमा दर्ज कराने के तीसरे मामले में हेड कांस्टेबल नीरज सिंह की गवाही व जिरह हुई। वहीं सीबीआई के गवाह युनूस की मौत पर फर्जी अफवाह फैलाने वाले चौथे मामले में गवाही देने पहुंचे रतिदेव मिश्रा की गवाही व जिरह नहीं हो सकी। अगली सुनवाई अब 10 मार्च को होगी।

**बैठक** | बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश, नई कार्ययोजना तैयार कर शुरू करें काम

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा, मिशन-5 का किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने विकास भवन सभागार में जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम गौरांग राठी की उपस्थिति में हुई बैठक में जिले के विकास कार्यों, कानून व्यवस्था व जनहितकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य आकर्षण डीएम द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के लिए शुरू किया गया मिशन-5 रहा।

प्रभारी मंत्री ने इसकी सराहना करते हुए इसे अद्वितीय पहल बताया। कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत यह प्रयास जिले की शैक्षिक स्थिति में क्रांतिकारी सुधार लाएगा। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया कि सभी विभाग 15 मई तक अपनी नई कार्ययोजना तैयार कर काम शुरू कर दें। पीडब्ल्यूडी विधानसभावार बनी नई सड़कों का तत्काल उद्घाटन कराए और अधूरे कार्य जल्द पूरा करे। पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास उपलब्ध कराए जाएं। त्योहारों के मद्देनजर विद्युत विभाग को अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था रखने व निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में संरक्षित करें। गौचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर वहां हरे चारे का प्रबंध करें। बकरी पालन योजना का लाभ अधिक से अधिक पशुपालकों को दिया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी को अभियान चलाकर पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। फसल कटाई के सीजन को देखते हुए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को सक्रिय रखने व टोल-फ्री नंबर जारी करने को कहा। प्रभारी मंत्री ने हत्या, लूट, चोरी व साइबर क्राइम पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। युवाओं को लेकर उन्होंने जिला सेवायोजन अधिकारी को कॉलेजों में जाकर करियर काउंसलिंग करने व उपायुक्त उद्योग को निवेशकों के लिए बिजली-सड़क जैसी सुविधाएं बेहतर करने का निर्देश दिया। ताकि जिले में रोजगार के अवसर बढ़ें। इस दौरान सीडीओ कृति राज, एसपी जयप्रकाश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विधायक पंकज गुप्ता, श्रीकांत कटियार, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह आदि मौजूद रहे।


बैठक में अधिकारियों से बातचीत करते प्रभारी मंत्री। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### गर्भवती को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** गर्भवती महिला ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति व ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र साल्हेनगर गांव निवासी सोनाली पुत्री प्रमोद की तहरीर पर पुलिस ने कानपुर नगर के चौबेपुर थानाक्षेत्र के घनश्यामपुर गांव निवासी उसके पति अखिलेश सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी बताया कि तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामले की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पीएमश्री स्कीम की गतिविधियां देखीं

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** जवाहर नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी उन्नाव में पीएमश्री स्कीम के तहत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण हुआ। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार में ज्वाइंट सेक्रेटरी अदिति सिंह द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी उन्नाव में पीएमश्री स्कीम में संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। उनके साथ डीआईओएस सुनील दत्त व जीईसी उन्नाव के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण भी थे। विद्यालय में प्राचार्या प्रतिमा पुरी व उपप्राचार्य रोहित सिंह व अन्य स्टाफ द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय की सभी गतिविधियों की बारीकी से जांच की। उन्होंने गतिविधियों के मूल्यांकन के बाद जरूरी सुझाव दिए। निरीक्षण का उद्देश्य पीएमश्री योजना के लागू होने के बाद विद्यालय में पठन पाठन में आए सभी प्रकार के परिवर्तन का आकलन कर इस योजना की गुणवत्ता बढ़ाकर अधिक लाभप्रद करवाना था। उन्होंने विद्यालय में आ रही समस्याओं को भी सुना और दूर करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# दुर्घटनाओं में दो बच्चों सहित पांच की मौत

## माधौगंज में स्कूल बस ने छात्र को कुचला, बेहटा गोकुल में पिकअप ने बच्चे को मारी टक्कर

संवाददाता, हरदोई


छात्र लकी पाल की फाइल फोटो।


चंद्र प्रकाश की फाइल फोटो


मृतक बब्लू की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में यूकेजी के छात्र सहित दो बच्चों और तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटनाओं की वजह अधिक रफ्तार और लापरवाही रही।

पहली घटना में माधौगंज कस्बा है, कस्बे के नई बस्ती निवासी राजेश पाल के दो बेटों में छोटा 6 वर्षीय लकी पाल आदर्श बाल विद्या मंदिर इस्लामपुर जगाई में यूकेजी का छात्र था। लकी पाल सोमवार को स्कूल गया था, दोपहर में छुट्टी होने पर वह स्कूल बस पर बैठने जा रहा था। उसी बीच ड्राइवर प्यारे लाल निवासी बखरिया मल्लावां ने लापरवाहीपूर्वक बस चला दी। जिससे छात्र लकी पाल उसके पहिए के नीचे आ गया। छात्र को उठाकर सीएचसी माधौगंज ले गए। वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

दूसरी घटना बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में हुई। यहां के बिजगवां निवासी शिवम का 5 साल का इकलौता बेटा अयान और उससे छोटी बेटी है। मंगलवार की शाम अयान खेल रहा था, खेलते-खेलते वह कुछ दूरी पर बिजगवां तिराहे पर पहुंच गया। उसी बीच उधर से निकली तेज़ रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे की वहीं पर मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों का हाल बेहाल है, शव देखकर मां बेहोश हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हादसे की जांच शुरु कर दी है।

तीसरी घटना अरवल थाना क्षेत्र की है, जहां बाजार से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के जिगिनी गांव निवासी चंद्रप्रकाश (40) खेती करता था। परिवार में पत्नी चन्द्रमुखी के अलावा दो बेटे और 6 बेटियां हैं। चंद्रप्रकाश सोमवार की शाम बाइक से श्रीमऊ की बाजार गया था। वहीं से देर शाम वापस लौट रहा था। रास्ते में देवकली गांव की मोड़ पर तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। परिजन उसे इलाज के लिए कन्नौज के तिर्वा मेडिकल कालेज ले गए। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अरवल पुलिस ने चन्द्रप्रकाश के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

चौथी घटना सुरसा थाना क्षेत्र की है, यहां के मोहकम पुरवा निवासी बब्लू (37) सोमवार की शाम को वापस घर जा रहा था। उसी बीच गांव के मनोज की बेटी का मुण्डन कराकर वापस लौट रही बस ने बब्लू को टक्कर मारी और उसे कुचलते हुए निकल गई। हादसे में बब्लू की वहीं पर मौत हो गई। उसके परिवार में पत्नी ममता के अलावा दो बेटी अर्चना, करीना और एक बेटा कार्तिक है। पुलिस शव को कब्जे में ले कर हादसे की जांच कर रही है।

पांचवीं घटना मझिला थाना क्षेत्र की है, जहां ऑटो के पलटने से महिला की नीचे दबकर मौत हो गई। क्षेत्र के एलिमपुर अण्डौआ निवासी चौधरी की पत्नी गुड्डी (46) मंगलवार को खरीदारी करने पिहानी गई थी।

### सड़क पर बने गड्ढे में फंसी बाइक, दो युवक घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-हरदोई रोड पर हैबतपुर गांव के निकट मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक अचानक सड़क पर बने गड्ढे में फंस गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायल बरन (30) पुत्र राम गोविंद और सत्य पाल राम रत्न (40) निवासी ग्राम रडेना हबीब नगर सेमरा चौराहे से अपने गांव लौट रहे थे। हैबतपुर गांव के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे में बाइक का अगला पहिया फंस गया, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और दोनों सड़क पर गिर पड़े। सीएचसी बिलग्राम में उनका उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

# लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्राली खाई में पलटी, कारोबारी की मौत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई


मृतक रफीक की फोटो।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के टुमरकी मार्ग पर रेभा मुरादपुर गांव के पास मंगलवार को सुबह 4 बजे तेज रफ्तार लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली खाई में पलट गई जिससे दबकर लकड़ी कारोबारी की मौत हो गई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी रफीक (55) ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी लेकर ईंट भट्टे पर जा रहा था। रेभा मुरादपुर के पास ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और खाई में पलट गई जिससे लकड़ी में दबकर रफीक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। अस्पताल की सूचना पर जामा मस्जिद चौकी प्रभारी अनिल सिंह सीएचसी पहुंचे। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ गंभीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में एक सड़क हादसे में साइकिल सवार ताराशंकर (55 वर्ष) निवासी सदरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। ताराशंकर घर से साइकिल से निकले थे। कटरा-उन्नाव मार्ग पर सदरपुर गांव के निकट तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** विवाहिता की संदिग्ध हालात में रसोईघर में मौत हो गई। उसका शव दुपट्टे से लटका मिला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति, सास-ससुर व ममेरे ससुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। जांच सीओ सण्डीला संतोष सिंह को सौंपी गई है।

उन्नाव ज़िले के महामाइन खेड़ा मजरा सुसुमऊ थाना फत्तेपुर चौरासी निवासी रामविलास ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री पूजा की शादी पिछले साल 15 मई को कासिमपुर थाने के सफियापुर तिराहा निवासी विपिन के साथ की थी। पिता रामविलास ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पूजा के ममेरे ससुर सुरेश पाल कार की मांग कर रहे थे। असमर्थता जाहिर करने पर ससुराली लोन पर कार ले आए और उसकी किस्त पूजा और उसके पिता के मत्थे मढ़ दी। किस्त की अदायगी के लिए पूजा पर दबाव बनाते हुए उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। मंगलवार को उसकी गला घोंट कर हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर पति विपिन, ससुर रामसेवक, सास सावित्री और ममेरे ससुर सुरेश पाल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ओवरटेक करने के चलते सीएनजी ऑटो पलटा, आधा दर्जन घायल

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई,

**अमृत विचार।** मल्लावां -मेहंदीघाट रोड पर ट्रक को ओवरट्रैक करने के दौरान सामने से आ रही डीसीएम गाड़ी से सीएनजी ऑटो टकराकर सड़क के किनारे पलट गया। घटना में ऑटो सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे राघौपुर चौराहे से सवारी भरकर सीएनजी ऑटो मल्लावां की ओर जा रहा था। तभी मल्लावां से राघौपुर रोड पर शुक्लापुर गांव के पास ऑटो ट्रक को ओवरट्रैक करने लगा। सामने से आ रही डीसीएम से टकराते हुए सड़क किनारे पलट गया। ऑटो को कल्यानपुर निवासी सूरज उर्फ तमस (21) पुत्र संजय, नारायनमऊ निवासी चंपा देवी 61 पत्नी हरी, राघौपुर निवासी सबरून बानो (35) पत्नी बल्ला, रमजानी (45) पत्नी वकील, व उन्नाव जनपद के थाना बांगरमऊ के गांव नेवल जकटापुर निवासी रुचि (24) पत्नी हरिश्चंद्र और कलवारी महमदाबाद निवासी अंकुश (18) पुत्र सुदामा घायल हो गए। घटना की सूचना पर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने सूरज, चंपा देवी और अंकुश को जिला अस्पताल रिफर कर दिया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्या–यॉ/301/इज्ज़त/25–26/ओ0टी0–39**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्ज़तनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.:–1, कार्य का संक्षिप्त विवरण:–** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 01 वर्ष हेतु आवधिक जीर्णोद्धार के दौरान ब्रेक वैन के उन्नयन का कार्य (60 ब्रेक वैन) पिंक बुक सं. 770/2024–25 (स्कोप ऑफ़ वर्क के अनुसार), **अनुमानित मूल्य (रु० में):–** ₹ 28790994.17 (रुपये दो करोड़ सत्तासी लाख नब्बे हज़ार नौ सौ चौरानवे एवं सत्तरह पैसे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (रु० में):–** ₹ 294000 (दो लाख चौरानवे हज़ार रुपये मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०):–** शून्य, **कार्य अवधि:–** एक वर्ष, **निविदा खुलने की तिथि व समय:–** 13.03.2026 15:10 बजे, **नोट:– 1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 20.02.2026 से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 13.03.2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है।, **2.** उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं।, **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

**उप मुयांइ/प्लांट, यॉंत्रिक कारखाना, इज्जतनगर**
**मुजाधि/यांत्रिक–143**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# कांग्रेस के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते सदर विधायक व महिला मोर्चा की सदस्य।

**उन्नाव, अमृत विचार।** हाल ही में आयोजित समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाले कथित अशोभनीय प्रदर्शन के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की मानसिकता के विरुद्ध नारेबाजी की और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की रक्षा का संकल्प लिया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने प्रदर्शन में महिला मोर्चा की बहनों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस द्वारा किया गया कृत्य न केवल अशोभनीय है बल्कि यह भारत माता की अस्मिता पर प्रहार है। कहा कि यह विरोध केवल एक राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र की संस्कृति व सम्मान की रक्षा के लिए एक पवित्र संकल्प है। धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश विरोधी मानसिकता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने एकजुट होकर संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। यह प्रदर्शन राष्ट्रहित व संवैधानिक मर्यादाओं के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, साधना दीक्षित, प्रियंका शुक्ला, अवनीश गुप्ता, मंजु अवस्थी, सुरुचि अग्निहोत्री, सरिता सिंह, श्रद्धा बाजपेयी, पुनीता दीक्षित, शोभा, रेणु, रामलली दीक्षित, प्रीति शर्मा, सविता, ज्योति तिवारी, जयंती, दीप शिखा आदि मौजूद रहे।

### विपक्षियों को फंसाने के लिये बेटे के अपरहण की कहानी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत महिला ने विपक्षियों को फंसाने के लिए अपने नाबालिग बेटे के अपहरण की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस की जांच में खुलासा होने के बाद महिला को हिरासत में लिया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर निवासी पिंकी पत्नी राकेश ने बीती 21 फरवरी को कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसका 14 वर्षीय बेटा प्रांजुल खेत गया था। तभी पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी गांव ताजपुर निवासी संजय आदि ने उसका अपहरण कर लिया। पुलिस ने उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीमों ने संभावित स्थानों पर किशोर की तलाश शुरू की। तभी पुलिस को पता चला कि लापता किशोर माखी थानाक्षेत्र के रुपऊ गांव निवासी महिला की सहेली के घर पर है। पुलिस ने मंगलवार को सहेली के घर छापा मारकर किशोर को बरामद कर लिया।

### कांस्टेबल ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव के पास सोमवार शाम दो बाईकों की टक्कर में औरास के लालता खेड़ा निवासी छोटेलाल की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं दूसरी बाइक का चालक आसीवन थानाक्षेत्र के उदशाह गांव निवासी बसंत (35) पुत्र मंगल भी गंभीर घायल हुआ था। जिसकी जिला अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई थी। घटना के समय बसंत बाइक पर अकेला था। कांस्टेबल अंजनी पांडेय को उसके पास 20 हजार रुपए व मोबाइल मिला था। जिसे उसने अपने पास रख लिया था।

# नितिन ने फिर जीता स्वर्ण पदक


कोच आमिर के साथ पदक दिखाते नितिन।

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले के गौरव व भारतीय सेना के जांबाज खिलाड़ी नितिन गुप्ता ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी बादशाहत साबित की है। नितिन ने 13वीं इंडियन ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले में हर्ष की लहर है। नितिन की यह जीत उनकी वर्षों की तपस्या का फल है। दिलबर रायपुर गढ़ी निवासी नितिन बेहद साधारण परिवार से हैं। उनके पिता व बड़े भाई मजदूरी कर परिवार पालते हैं। मां गृहणी हैं। तंगहाली व अभावों के बीच पले-बढ़े नितिन ने अपनी मेहनत के दम पर पहले भारतीय सेना में जगह बनाई फिर खेल के मैदान में तिरंगा फहरा रहे हैं। नितिन के कोच आमिर खान ने बताया कि नितिन की सफलता का सिलसिला पुराना है। कहा नितिन ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक नहीं जीता है। इससे पहले भी वह कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व कांस्य पदक जीतकर अपनी क्षमता का लोहा मनवा चुके हैं। नितिन वर्तमान में भारतीय सेना के एएसआई सेंटर में हवलदार हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No./Lot No. | KHNM-CTG |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 13.02.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 03.03.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 03.03.2026 at 11:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| S. N. | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/ PF-1/ 31/ADDL | 03.03.2026 at 11:30 hrs. | GMU | |

624/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


आयोजन | नगर में किया गया डीलर सम्मेलन का आयोजन

# शक्ति कंपनी ने किया सोलर उत्पादों का लोकार्पण



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के एक अतिथि गृह में शक्ति पंप्स द्वारा एक डीलर सम्मेलन व उत्पाद का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कंपनी के नवीनतम सोलर पंप व कृषि उपकरणों को प्रदर्शित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए शक्ति कंपनी के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा कि कंपनी का मुख्य ध्येय उत्पादों की गुणवत्ता व ग्राहकों की पूर्ण संतुष्टि है। उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ किसानों के सपनों को साकार करने की बात दोहराई। वहीं, प्रबंध निदेशक रमेश पाटीदार ने बताया कि कंपनी अब तक पूरे भारत में 3 लाख से अधिक सोलर पंप सेट लगा चुकी है। उन्होंने विशेष रूप से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों को रोशन करने की उपलब्धि पर गर्व जताया। कंपनी प्रबंधक राजेश ने माइक्रो इरिगेशन सिस्टम की खूबियों पर बताया कि इसके ऑटोमेटिक सिस्टम से खाद व रसायन सीधे फसलों तक पहुंचते हैं। इससे किसान साल में 4 फसलें ले सकते हैं और समय की भारी बचत के साथ पैदावार भी बढ़ा सकते हैं। शुभारंभ संजय मशीनरी स्टोर के प्रबंध निदेशक भगवती शंकर गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। भाजपा नेता व व्यवसायी पुनीत गुप्ता ने कहा कि क्षेत्रीय किसानों की सेवा व उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। इसमें अजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, संजय गुप्ता, पुनीत गुप्ता, गिरीश गुप्ता, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अमित होजरी, अशीष इलेक्ट्रॉनिक आदि रहे।


**कार्यालय जिलाधिकारी, रायबरेली**

संख्या 2607 / आबकारी / अपील / 2025–26/रायबरेली/ दिनांक फरवरी 20, 2026

**अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि होली पर्व सन्निकट होने के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अतः अवैध स्थानों व अड्डों से खरीदी गयी शराब में मिथाइल अल्कोहल मिश्रित शराब हो सकती है, जो कि घातक जहर है और इसकी बहुत थोड़ी सी भी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है एवं उसकी जान भी जा सकती है। आपका जीवन अमूल्य है, इस सस्ती शराब के सकता है एवं पनी जान गवायें। इसलिये अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी दशा में अवैध स्थानों व अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। मदिरा का सेवन अधिकृत आबकारी दुकानों से ही सील लगी बोतल खरीद कर करें। यदि आपके आस–पास अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर तत्काल सूचना दें। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों के मोबाइल नम्बर क्रमशः क्षेत्र–1 सदर, 9454466277, क्षेत्र–2 महराजगंज, 9454466275, क्षेत्र–3 लालगंज, 9454466276, क्षेत्र–4 सलोन, 9454466274, क्षेत्र–5 डलमऊ, 9454465980, क्षेत्र–6 ऊचॉहार, 9454465979 एवं टोल फ्री नम्बर–14405/9454466019 है। आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

**(दिनेश कुमार)** जिला आबकारी अधिकारी रायबरेली

**(हर्षिता माथुर)** जिलाधिकारी रायबरेली



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम देवेश कुमार गुप्ता है जबकि मुझे दीपू कौशल के नाम से भी जाना व पहचाना जाता है। मेरे दोनों नामों, देवेश कुमार गुप्ता व दीपू कौशल को मान्यता प्रदान की जावे। **देवेश कुमार उर्फ दीपू कौशल पुत्र श्री गोविंद गणेश गंज रूरा कानपुर देहात।**

**सूचना**
उपेन्द्र पुत्र रामनरेश ग्राम भुनिया पुर मौजा लिलुइया तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज का निवासी है। मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम बबलू अंकित है जबकि आधार कार्ड संख्या 3821 3806 5260 में मेरा नाम उपेंद्र अंकित हो गया है। उपेंद्र और बबलू दोनों नाम से ही मैं जाना जाता हूं।

**सूचना**
मैने अपना नाम SANAD HUSSAIN FAROOQUI से बदलकर SANAD HUSSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-MANSOOR UL HASAN R/O-RAJANPUR, KUNDA DIST-PRATAPGARH (U.P)**

**सूचना**
मै दीक्षा इदनानी आयु 46 वर्ष पुत्री हीरा इदनानी निवासी–बी.एन. घई. लेन लालबाग, लखनऊ–226001, मेरे एकसटेल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में नाम कुमारी दीक्षा अंकित है जिसे बदल कर मैने अपना नाम दीक्षा इदनानी अंकित कर लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mohammad Imran से बदलकर Mohd Imran रख लिया है। भविष्य में मुझे Mohd Imran के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Mohd Imran पुत्र Faiyaz Ahmad Khan ग्राम– बीबीपुर पोस्ट–हुनहुना जिला– अयोध्या।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Roshan Jabeen से बदलकर Roshan Jabi रख लिया है। भविष्य में मुझे Roshan Jabi के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Roshan Jabi पत्नी Mohd Imran ग्राम– बीबीपुर पोस्ट–हुनहुना जिला– अयोध्या।**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHD IZHAR ALI से बदलकर IJAHAR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SARTAZ ALI ADD-MAHIPAT MAU, KAKORI, PO- BARAWAN KALA, DIST-LUCKNOW - 226101(U.P)**

**सूचना**
पहले मेरा नाम USMAN था मैं अपना नाम बदलकर USMAN JALIL SHAIK रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **USMAN JALIL SHAIK S/O-JALIL ADD- KUTUBPUR, SULTANPUR DIST - JAUNPUR (U.P.).**

**सूचना**
मैने अपना नाम MAHNOOR KHAN से बदलकर MAHNOOR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-IJAHAR ALI ADD-MAHIPAT MAU, KAKORI, PO-BARAWAN KALA, DIST - LUCKNOW-226101 (U.P)**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SANJAY LOHIYA था अब मैने अपना नाम बदलकर SANJAY LOHIA रख लिया हूँ अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **SANJAY LOHIA S/O-RAJENDRA LOHIYA ADD-1061 BADHMANDI KHAIRABAD DIST-SULTANPUR(U.P)**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Maisarun Nisa से बदलकर Maishar Jahan रख लिया है। भविष्य में मुझे Maishar Jahan के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Maishar Jahan पत्नी Faiyaz Ahmed Khan ग्राम– बीबीपुर पोस्ट– हुनहुना जिला– अयोध्या**

**सूचना**
पहले मेरा नाम Santosh Kumar था अब मैने बदलकर अपना नाम Santosh रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O Gaya Prasad ,Vill Kamangarh Post Sultanpur Ps Kotwali Dehat Dist Sultanpur 228001**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Zulfekarhader Roinakhusen से बदलकर Sayyed Zulfekar Haider रख लिया है। भविष्य में मुझे Sayyed Zulfekar Haider के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Sayyed Zulfekar Haider पुत्र Raunaq Hussain Rizvi निवासी 546/782 Rizvi Cottage Sarfarazganj Rouze Wali gali Balaganj Chowk Lucknow- 226003**

**सूचना**
भारतीय स्टेट बैंक शाखा निजामाबाद में मेरा बचत खाता संख्या 35215168337 है, जिसमें मेरा नाम बबीता पत्नी संतोष कुमार एवं जन्मतिथि 01.01.1987 दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बबीता देवी पत्नी संतोष कुमार एवं जन्मतिथि 08.07.1989 दर्ज है। आधार कार्ड में अंकित मेरा नाम और जन्मतिथि ही सर्वमान्य है। **बबीता देवी पत्नी संतोष कुमार ग्राम घूरीपुर पोस्ट व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़।**

**सूचना**
मेरा यूपी बोर्ड वर्ष 2018 हाई स्कूल अनुक्रमांक 2388037 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2277156 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अरविंद कुमार पुत्र भुवन भास्कर ग्राम –अकबरपुर कला मथुरा बाजार जिला बलरामपुर**

**Public Notice**
I, Army No. JC-380241, Rank- Ex Subedar, Name- Vinod Chandra, resident of 1984, Kudwar Road, Karaundia Post, Sultanpur City, Tehsil and District, Sultanpur (Uttar Pradesh), want to change my daughter's name from Bhavya to Bhavya Dubey and her date of birth from 30-12-1999 to 30-12-1998 and daughter Divya name to Divya Dubey and along with this, want to change my son name from RK Dubey to Ratnesh Kumar Dubey in my service record.

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **संजय सिंह कसेरा पिता स्व. राधे सिंह कसेरा, और मेरी पत्नी सुमन सिंह कसेरा, निवासी 486/68 ठठेरी बाजार डालीगंज स्टेशन, डालीगंज –226020** का निवासी पूर्व में संजय सिंह के नाम से जाना जाता था अब वर्तमान समय में मेरे सभी प्रमाण पत्र संजय सिंह कसेरा के नाम से बने है और अब हमें इसी नाम से (संजय सिंह कसेरा) जाने जाना जाएगा। संजय सिंह कसेरा 486/68 ठठेरी बाजार डालीगंज स्टेशन डालीगंज लखनऊ –226020

**सूचना**
मैं RASHMI PANDEY पत्नी श्री ANAND KISHORE PANDEY, निवासी म0नं0–501/124, केसरीपुर, डालीगंज, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर RASHI PANDEY कर लिया है, अतः आज से मुझे RASHI PANDEY के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

## मुकद्दस रमज़ान



- सातवां रोज़ा–
- अफ्तार–बुधवार 6:07 बजे
- आठवां रोज़ा–
- सहरी–गुरुवार 5:19 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह ने बताया कि जिला ग्रामोद्योग कार्यालय ने मंगलवार को मुख्य अतिथि–विधायका अल्का सिंह अर्कवशी व अमित गुप्ता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सण्डीला ने विकास खण्ड–सण्डीला के मीटिंगहाल में जागरूकता कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उनके द्वारा विभाग में संचालित सभी योजनाओं से सम्बन्धित समस्त जानकारी दी गयी व प्रतिभागियों को जागरूक किया गया।

### डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 49 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में मंगलवार को कुल 49 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंत्रियों ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

## लोकतंत्र सेनानी शिवराज सिंह की पुण्यतिथि पर हुआ विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं कृषि कल्याण मेले का आयोजन

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई



कृषि मेले में प्रगतिशील किसानों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपते मंत्रीगण।

**अमृत विचार।** कस्बे के जूनियर हाई स्कूल मैदान में दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तहत मंगलवार को विधायक आशीष सिंह आशू के पूज्य पिता शिक्षाविद् लोकतंत्र सेनानी शिवराज सिंह की पुण्य स्मृति और भाई डॉ आलोक सिंह नीलू की आठवीं पुण्यतिथि पर विशाल स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा मोतियाबिंद ऑपरेशन कृषि कल्याण मेला समेत जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व कृषि राज्य मन्त्री बलदेव सिंह औलख ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर अनुदान पर मिलने वाले सात ट्रैक्टर की चाभी भेंट की ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सचान व दिनेश प्रताप सिंह, कृषि शिक्षा राज्यमंत्री बलदेव औलख ने स्व. आलोक सिंह नीलू के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की। स्वास्थ्य शिविर में लगाए गए स्टालों में न्यूरो से संबंधित, स्त्री रोग, बाल रोग, नाक कान गला रोग समेत अन्य रोगों में रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। कार्यक्रम में आए भारी संख्या में किसानों को निःशुल्क नैनो यूरिया, सगरिया कृषि टानिक का वितरण किया गया। तीनों ब्लॉकों के प्रगतिशील किसानों को मंत्रियों ने विधायक आशू के साथ फसल मूंगफली, मूंग, उरद, समेत अन्य बीज देकर सम्मानित किया।

### 794.34 लाख की योजनाओं का लोकार्पण

प्रदेश सरकार में उद्यान एवं कृषि विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने 794 .34 लाख रुपए की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। इसके अलावा जनकल्याण के उद्देश्य से अयोजीत शिविर में मत्स्य विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, मोतियाबिंद ऑपरेशन स्टाल, बीज वितरण, के स्टाल लगाए गए थे।

जिसके तहत किसानों को सालाना छह हजार रुपये की किसान सम्मान निधि के रूप में दिया जा रहा है। विशिष्ट अथिति दिनेश प्रताप सिंह ने भी आए हुए लोगो को सम्बोधित करते हुए सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए स्वर्गीय आलोक सिंह के जीवन परिचय के बारे में बताया। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, हमीरपुर विधायक मनोज प्रजापति, कृषि वैज्ञानिक रामशरण वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आए हुए अतिथियों को विधायक की मां विमला देवी ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर प्रमुख भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, डॉ गीता वर्मा बिलग्राम ब्लाक प्रमुख सतेंद्र सिंह, रमेश वर्मा प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख, मुरादाबाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक सिंह, शिवराज बाबा, अजीत कश्यप, गुड्डू फौजी, वीरेंद्र मिश्र, मौजूद रहे। संचालन प्रवीण पटेल ने किया।

## तहसील में ग्राम चौपाल का आयोजन आज से

**बिलग्राम/हरदोई, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के चयनित ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया जा रहा है। ग्रामों में समुचित प्रचार-प्रसार के उपरांत निर्धारित तिथि व समय पर ग्राम चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा। इस दौरान किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं का फीडबैक प्राप्त कर उनके निस्तारण के निर्देश भी दिए जाएंगे। 25 फरवरी को तहसील बिलग्राम के ग्राम रहुला में अपराह्न तीन बजे ग्राम चौपाल आयोजित की जाएगी। 26 फरवरी को तहसील बिलग्राम के ग्राम विन्धौरी में अपराह्न तीन बजे ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन चकबंदी अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा की उपस्थिति में किया जाएगा।

# शौच के लिए गए बालक की तालाब में डूबकर हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 8 वर्षीय बालक गांव के बाहर तालाब के किनारे शौच के लिए गया, उसी बीच पैर फिसलने से वह तालाब में गिर कर डूब गया, मौके पर पहुंचे ग्रामीण उसे ढूंढने लगे तो काफी देर बाद उसका शव बरामद हो सका।

बघौली थाने के बम्हनाखेड़ा निवासी रामू का 8 वर्षीय पुत्र साहिल मंगलवार की दोपहर गांव के उत्तर तालाब के किनारे शौच करने गया हुआ था, उसी बीच पैर फिसलने से वह तालाब में गिर कर डूब गया, इस बारे में वहां मौजूद बच्चों ने साहिल के घर वालों को बताया, पता होते ही वहां काफी ग्रामीण पहुंचे और साहिल को ढूंढने के लिए तालाब में कूद पड़े, काफी देर बाद उसका शव बाहर निकाला गया। साहिल की मौत से उसकी मां पप्पी का रो-रो कर बुरा हाल है। दो बड़े और तीन उससे छोटे भाई व दो बड़ी बहनें है। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।



मृतक साहिल की फाइल फोटो।

# राजस्व वसूली की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनाएं : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार (सीआरए अनुभाग) का विस्तृत निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने पटलवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की स्थिति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, जिसमें अमीन वार औसत वसूली, बैंक देय और विविध देय के आंकड़ों का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए वसूली की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।



कार्यों की प्रगति समीक्षा करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने एक वर्ष से लंबित पेंशन प्रकरणों और विद्युत देय कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने विभागीय कार्यवाहियों की अद्यतन स्थिति और ऑडिट आपत्तियों के समयबद्ध समाधान हेतु संबंधित सहायकों को निर्देशित किया। कार्यालय की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से डीएम ने पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रखरखाव और अनुभाग में उच्च स्तरीय साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष बल दिया, ताकि शासकीय कार्यों का निष्पादन सुगमता और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिहं, अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम मौजूद रहीं।

### 15 दिन में कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर निकायों व डूडा की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि 15वें वित्त के तहत शासन के निर्देशानुसार नगर निकायों में विकास कार्य कराये जाएं। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिन मे चल रहें कार्य की प्रगति बढाने तथा टाइड अनटाइड फण्ड के द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रगति रिपोर्ट सहित अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्टेट पूनम भाष्कर, व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्राओं ने शिक्षक पर लगाए आरोप, निलंबित

संवाददाता, हरदोई

- कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय का मामला, आगे की जांच के लिए बनाई गई स्पेशल टीम
- बैड टच और गोद में बैठाकर गंदी हरकतें करने का है आरोप

**अमृत विचार।** कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक का बेहद शर्मनाक कारनामा सामने आया है। वहां तैनात शिक्षक पर छात्राओं के आरोप सुनकर अफसर हैरान रह गए। शिक्षक पर आरोप है कि वह छात्राओं को गोद में बैठाकर उनके साथ गंदी हरकते करता था। प्रभारी बीएसए प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव ने बताया कि शुरुआती जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी शिक्षक को निलंबित करते हुए बीईओ बिलग्राम और बीईओ पिहानी को जांच सौंपी गई है।

माधौगंज ब्लाक के एक कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने वहां के इंचार्ज अध्यापक योगेश कुमार पर आरोप लगाया कि उन्होने बार-बार बैड टच किया। कक्षा-8 की छात्रा ने गोद में बैठा कर गंदी हरकतें करने, कक्षा-6 की छात्रा ने कमर पकड़ कर दबाने का आरोप लगाया है। कई छात्राओं ने अपने साथ बैड टच करने का आरोप लगाया है। प्रभारी बीएसए प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव ने बताया है कि शिक्षिकाओं के सामने छात्राओं के बयान दर्ज किए गए हैं। जिसमें शिक्षक योगेश कुमार पर लगाए गए आरोप सही पाए गए। शुरुआती जांच के तहत आरोपी शिक्षक को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही बीईओ बिलग्राम और बीईओ पिहानी की स्पेशल टीम बना कर उन्हे पूरे मामले की जांच सौंपी गई है।

### आरोपी शिक्षक के बचाव में उतरीं कुछ छात्राएं

बैड टच करने के मामले में निलंबित किए गए शिक्षक योगेश कुमार का बचाव शुरु हो गया है। स्पेशल टीम की जांच शुरु होने से पहले ही विद्यालय की कक्षा 6, 7 और 8 की 17 छात्राओं ने बीएसए को चिट्ठी लिखकर कहा कि योगेश गुरु जी अच्छे है। एक तरफ शिक्षक पर छात्राओं ने बेहद शर्मनाक आरोप लगाए हैं वहीं कुछ छात्राएं आरोपी के बचाव में उतर आई हैं।

इसके अलावा आरोपी शिक्षक के बचाव में एक अभिभावक भी सामने आया है। विद्यालय में पढ़ने वाली दो सगी बहनों के पिता ने 17 सेकेंड का वीडियो बनाकर कहा कि उनकी दो बेटियां विद्यालय में पढ़ती हैं, वहां के योगेश मास्टर साहब बढ़िया आदमी हैं, उनकी तरफ से कोई शिकायत नहीं है।

## ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिप्पणी करना पड़ा महंगा

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंझार मजरा पीपरगांव के उदय यादव को सोशल मीडिया के अपने एकाउंट से ब्राह्मण समाज पर आर्यादित टिप्पणी करना महंगा पड़ा।अतरौली पुलिस ने उदय यादव को गिरफ्तार कर शान्तिभंग में जेल भेज दिया है। भाकियू नेता गुलाब तिवारी ने बताया कि उदय यादव निवासी मंझार मजरा पीपरगांव ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर भाकियू आदर्शवादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु कुमार मिश्र,भाकियू मजदूर यूनियन (सर्वसमाज) के जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने आक्रोश जताते हुए कहा कि ब्राम्हण समाज पर टिप्पणी करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाये नही तो आन्दोलन किया जायेगा।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र ने बताया की युवक को जेल भेज दिया गया है।

# पड़ोसी महिला के हमले में गंभीर रूप से घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**हरदोई/कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** बच्चों को लेकर हुई कहासुनी में महिला ने पड़ोस की वृद्धा पर लाठियों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल वृद्ध महिला की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एसएचओ कछौना अमित सिंह का कहना है कि मारपीट का मामला दर्ज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कछौना कोतवाली के आंट मजरा आंट सांट की चम्पा देवी (58) पत्नी पंचमलाल 3 फरवरी को घर में थी। उसी बीच पड़ोसन वंदना पत्नी विपिन लाल से बच्चों को लेकर उसकी कहासुनी होने लगी। वंदना ने चम्पा देवी पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे उसके काफी गहरी चोट पहुंची। चम्पा देवी को सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर किया गया। लेकिन घर वाले उसे निजी हास्पिटल उठा ले गए। जहां सोमवार की देर शाम मौत हो गई। चम्पा देवी के छोटे बेटे सुनील ने बताया कि मां की मौत की सूचना दिए जाने पर पहुंची पुलिस ने हमलावर के बारे में कोई पूछताछ नहीं की। कुछ देर रुकने के बाद चली गई। हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि एसएचओ कछौना का कहना है कि मारपीट का मामला दर्ज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच की जा रही हो।



चप्पा देवी की फाइल फोटो।

# आंत फटने से हुई थी महिला की मौत, हत्या का था आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पति के साथ मुरादाबाद में रह रही पत्नी की वहीं तबियत बिगड़ गई,पेट में दर्द और उल्टियां होने पर उसे निजी हास्पिटल में दिखाया गया,जहां की जांच रिपोर्ट में आंत फटने की बात सामने आई। उसी बीच मौत हो गई, पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया,जिसकी रिपोर्ट में आंत फटने से मौत होने की बात सही निकली।

जानकारी के अनुसार पिहानी कोतवाली के टण्डौर तिराहा निवासी बब्लू अपनी 30 वर्षीय पत्नी किरन व बच्चों के साथ मुरादाबाद में रहकर वहां फेरी लगाता है। रविवार को किरन के पेट में दर्द के साथ उल्टियां होने पर बब्लू ने उसे निजी हास्पिटल में दिखाया, जहां की जांच में उसकी आंत फटने की बात कही गई, सोमवार को किरन की मुरादाबाद में मौत होने पर बब्लू शव ले कर गांव पहुंचा, उसी गांव निवासी किरन के पिता गुलाब ने बब्लू पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया। जिसकी रिपोर्ट में कहा गया कि किरन की मौत आंत फटने से हुई। किरन की 5 साल पहले शादी हुई थी, उसके एक बेटा व एक बेटी है।

# काली पट्टी बांधकर किया टीईटी का विरोध

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देश एवं उ.प्र.प्रा. शिक्षक संघ के आह्वान पर टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय/प्रान्तीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय के नेतृत्व में जनपद के शिक्षक टीईटी के खिलाफ चलाए जा रहे आन्दोलन में प्रतिभाग किया। मंगलवार को भी जनपद के अधिकतर विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। वहीं बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कर रहे बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों ने भी काली पट्टी बांधकर आन्दोलन में भागीदारी की।

इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने जनपद के कई विद्यालयों में पहुंच कर शिक्षकों को जागरूक करते हुए कहा कि यह लड़ाई शिक्षकों की आजीविका की लड़ाई है। इस लड़ाई में शिक्षकों को आपसी मतभेद भुलाकर साथ एक साथ आना होगा। श्री पांडेय ने कहा कि सड़कों पर शिक्षकों के प्रति सहानुभूति दर्शाने वाले सत्ता पक्ष के जिम्मेदारों द्वारा संसद में शिक्षक विरोधी बयानों से शिक्षक समुदाय आक्रोशित है। आन्दोलन के अगले चरण में आगामी 26 फरवरी को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना होगा जिसमें जनपद के भारी संख्या में शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा।



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक–शिक्षिकाएं। अमृत विचार

- बोर्ड परीक्षा करा रहे शिक्षकों ने भी किया सांकेतिक विरोध

# अग्नि पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री, मदद का दिया भरोसा

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** आग से तीन घरों में भारी नुकसान हुआ। अग्नि पीड़ितों के पास खाने को राशन, पहनने को कपड़े तक नहीं बचे। गरीब बेरोजगार सेवा फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी डॉ. नृपेन्द्र वर्मा व डॉ. काजल वर्मा ने अपनी टीम के साथ गांव में पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवारो को गर्म वस्त्र आदि राहत सामग्री वितरित की। उनको मदद का भरोसा दिया।

श्री वर्मा ने बताया है कि ग्राम सभा हथौड़ा के मजरा पहावा गांव में रामजीवन के घर मे शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे आग के चपेट में राममूर्ति,रामनिवास के घरों में आग लगने से घर मे रखा जेवरात सहित अनाज कपड़े जलकर खाक हो गया था। जहां पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवारों से वार्ता की। रविवार को आग लगने से गांव के तीन घर जलकर राख हो गए थे। अग्नि पीड़ित परिवार खुले आसमान तले आ गए। उनके पास खाने को राशन, पहनने को कपड़े तक नहीं बचे। सभी पीड़ित परिवारों को कपड़े, खाने-पीने की वस्तुएं आदि सामान मुहैया कराया। आपदा विभाग से मिलने वाली सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया व संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप की।

**अभियान** — जल्द होगा अभियान का शुभारंभ, सीएमओ कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगा एचपीवी टीकाकरण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है। इस तरह की गंभीर बीमारी से किशोरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश के 30 ज़िलों (हरदोई भी) में सिंगल डोज ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान जल्द ही शुरु किया जाएगा। इस तरह का विशेष अभियान तीन महीनें तक चलता रहेगा।

मंगलवार को सीएमओ दफ्तर के सभागार में एक दिवसीय ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें टीकाकरण से जुड़ी जरूरी तकनीकी और व्यवस्थागत पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सीएमओ डा. भवनाथ पाण्डेय ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ अगले सप्ताह प्रधानमंत्री करेंगे। उसके बाद जिले में अभियान शुरु होगा। बताया कि एचपीवी टीकाकरण जिला महिला अस्पताल के अलावा सभी 19 सीएचसी पर किया जाएगा। शुरुआत में तीन महीने तक यह अभियान सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में संचालित रहेगा। तीन महीने की अवधि में अभियान पूरा होने के बाद वैक्सीन नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत पूरे साल प्रत्येक बुधवार व शनिवार को उपलब्ध रहेगा। उन्होने बताया कि अभियान के तहत वे किशोरियां पात्र होंगी जो 14 साल की पूरी हो चुकी हैं, लेकिन अभी 15 साल की पूरी नहीं की है। अभियान का लक्ष्य कुल जनसंख्या का एक प्रतिशत निर्धारित किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.आरके सिंह ने बताया कि आगामी दो दिनों में ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यू-विन पोर्टल पर किशोरियों के अभिभावक स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद ओटीपी के माध्यम से डिजिटल सहमति देने की सुविधा उपलब्ध होगी। आयु सत्यापन के लिए पहचान पत्र अनिवार्य होगा। टीकाकरण प्रमाणपत्र भी यू-विन पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा। भारत सरकार के प्रतिनिधि डा.सैय्यद क़ादरी ने प्रशिक्षण के दौरान टीकाकरण के तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, एआरओ और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

# नारद–विष्णु के संवाद का किया मंचन

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के बहुती कला में प्रथम विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन के साथ रास लीला एवं राम लीला का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के तीसरे दिन सोमवार को पंडित दुर्गेश शास्त्री ने रासलीला की कथा सुनाई। जिसमें वृंदावन के कलाकारों ने नारद विष्णु संवाद का सचित्र वर्णन किया। कथा में बताया कि भगवान विष्णु द्वारा नारद जी को वानर का स्वरूप दिया गया तो इससे विचलित होकर नारद ने विष्णु को श्राप दे दिया कि मानव योनि में जन्म लेकर पत्नी वियोग में जीवन व्यतीत करना पड़ेगा। इसी श्राप से भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक पर श्री राम के रूप में जन्म लिया। आयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरल द्विवेदी ने बताया कि सुबह यज्ञ के साथ रासलीला और रात्रि में राम लीला का सचित्र वर्णन वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया जाता है। 24 फरवरी को अग्निहोत्री प्रकट्य पूजन हवन के साथ रास लीला का वर्णन होगा। रासलीला में गांव के ध्रुव तिवारी, बाराती लाल, लवकुश वर्मा, हिमांशु तिवारी आशुतोष द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, रामकुमार गुप्ता भक्त गण मौजूद रहे।



कार्यक्रम में श्रीकृष्ण लीला की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।



**रोजा**

शिया
सहरी : 05.05 बजे
अफ्तार : 06.18 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.11 बजे
अफ्तार : 06.07 बजे

# वरासत और शस्त्र दुकानों की करें समीक्षा: मंडलायुक्त

## कलेक्ट्रेट परिसर के पटलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



डीएम से अभिलेखों की जानकारी लेते मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए कहा कि वरासत पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए शस्त्र दुकानों का संयुक्त निरीक्षण किया। साथ ही समय से आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण भी हों। उन्होंने जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कराए गए सार्थक प्रयासों की खुलकर प्रशंसा भी की।

मण्डल आयुक्त विजय विश्वास पंत निश्चित कार्यक्रम के तहत सीतापुर आए, निरीक्षण के दौरान संयुक्त कार्यालय, नजारत अनुभाग, शिकायत प्रकोष्ठ, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग, एसडीएम न्यायिक न्यायालय का निरीक्षण किया। एसडीएम और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की जानकारी ली। आईजीआरएस पर लंबित शिकायतों को लेकर सवाल- जवाब हुए। 14 वें एवं 15 वें वित्त आयोग की धनराशि के अभिलेखों को दुरुस्त करने के लिए कहा गया। बाद में वरासत पत्रावलियों को पूर्ण कर शस्त्र दुकानों के संयुक्त निरीक्षण को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान डीएम डॉ. राजा गणपति आर., सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या, एडीएम नीतीश कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट धामिनी एम दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भू-अभिलेखों की भी करें समीक्षा

नगर तहसील क्षेत्र के भू अभिलेखों को लेकर मण्डलायुक्त ने खास निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसी पुनः समीक्षा की जाए। एसडीएम न्यायिक न्यायालय में दाखिल-खारिज व्यवस्था का अवलोकन करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

## घर लौटो, वरना फांसी लगा लूंगा, दे दी जान

**महोली, सीतापुर।** सम्मान के बीच रिश्ते आड़े आए तो एक किसान ने अपनी जान दे दी। मामला पुत्र के एक युवती को लेकर चले जाने के बाद बिगड़ा। बताते हैं कि पिता ने पुत्र से वापस लौटने की बात कहीं, न आने पर फांसी लगाकर पेड़ से झूल गया। हाल-फिलहाल महोली पुलिस नियाजपुर निवासी परिवार के दावों और ग्रामीणों के बयान लेकर मामले में जांच पड़ताल कर रही है। महोली इलाके के नियाजपुर गांव में किसान चंद्र प्रकाश वर्मा (48) का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर महोली जंग बहादुर पाण्डेय मौके पर पहुंच गए। परिवार से हुई पूछताछ में पता चला कि चंद्र प्रकाश वर्मा का पुत्र अंकित एक युवती को लेकर चला गया था, जिससे वो क्षुब्ध थे। पुलिस कार्रवाई व बदनामी के चलते किसान ने पुत्र को फोन करके वापस लौटने की बात कही। घंटों बाद भी वापसी न होने पर चंद्र प्रकाश वर्मा ने मौत को गले लगा लिया।



पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## नुक्कड़ नाटक के सहारे जगाई जागरुकता की अलख

**सीतापुर, अमृत विचार।** उप्रावि रहीमाबाद में डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएसआई इण्डिया और केन्वयू के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी और नुक्कड़ नाटक के जरिए रोटा वायरस, स्वच्छता और ओआरएस-जिंक की महत्ता समझाई गई। प्रधानाचार्या सीमा बाजपेयी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में समर व अलकैफ प्रथम, सुजीत व सीबू द्वितीय और सिमरन व इकरा तृतीय स्थान पर रहे। ज्योति, रोहित व अम्बुज को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा, डॉ. शिवानी टंडन व स्टाफ नर्स जया तिवारी ने बच्चों को विटामिन-ए और खसरा-रूबेला टीकाकरण की जानकारी दी। मौके पर अश्वनी कुमार, शिवकांत, जसविंदर कौर व आरती अवस्थी समेत विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### न्यूज ब्रीफ

## महिला से छेड़छाड़ घर में घुसकर पीटने का लगाया आरोप

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ छेड़छाड़ और विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी 30 वर्षीय महिला के अनुसार, बीते 13 फरवरी की रात वह घर के बाहर गई थी। तभी एक युवक ने उसे बुरी नीयत से दबोच लिया और छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। आरोप है कि कुछ देर बाद वह दो अन्य साथियों के साथ महिला के घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। जाते-जाते आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी ग्राम कोदहरा मजरा बेहड़ा निवासी दयाराम, रंजीत और प्रीतू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा कर रही है। जल्द से जल्द पूरा मामला साफ हो जायेगा।

## सिंचाई उपकरणों पर 90 प्रतिशत तक अनुदान

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद के किसानों के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पर ड्रॉप मोर क्रॉप) के तहत एक सुनहरा अवसर है।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि गन्ना, गेहूं और आलू जैसी फसलों में कम लागत में अधिक पैदावार के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति पर भारी छूट दी जा रही है। इस योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को 90 फीसदी तथा सामान्य श्रेणी के किसानों को 80 फीसदी तक का अनुदान मिलेगा। सिंचाई के इन आधुनिक उपकरणों में ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, रेनगन आदि से न केवल पानी और उर्वरक की बचत होगी, बल्कि खरपतवार पर भी नियंत्रण रहेगा। योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मिलेगा।

इच्छुक किसान पोर्टल www.upmip.in पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्यान कार्यालय, राजकीय पौधशाला स्वरूपनगर, सीतापुर में संपर्क किया जा सकता है।

# खाकी के वेश में करते थे लूट, 6 गिरफ्तार

**खुलासा**

- रामकोट और क्राइम ब्रांच की पुलिस को मिली सफलता
- नकदी, असलहे, बोलेरो और अन्य सामान बरामद

संवाददाता सीतापुर



वारदात का खुलासा कर जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रामकोट और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने अंतरजनपदीय टप्पेबाजों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह शातिरों गिरफ्तार किया। इनके पास से 20, 200 की नकदी, अवैध असलहा और घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी बरामद हुई है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मुताबिक, पिरई नदी पुल के पास से सनी राजपूत, बृजेश, ऋषभ, कुनाल, राजन और रोहित को पुलिस टीम द्वारा दबोचा गया। बताया कि ये अपराधी कन्नौज और फर्रुखाबाद के निवासी हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये पुलिस की वेशभूषा बनाकर राहगीरों को लिफ्ट देने और उनसे लिफ्ट लेने के बहाने उनकी जेब काट लेते थे। जेब काटते समय ब्लेड लगने से कई नोट कट भी जाते थे। पकड़े गए आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। बताया कि बृजेश और रोहित पर कानपुर, लखनऊ और हरदोई में दर्जनों मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

कन्नौज जनपद के थाना इन्दरगढ़ का बलीपुरवा निवासी सनी राजपूत, असेरन निवासी राजन, जगतापुर निवासी रोहित, थाना ठठिया के दौलतपुर निवासी बृजेश, फर्रुखाबाद जनपद के थाना कमालगंज स्थित मेहरुपुरवाई निवासी ऋषभ गिहार, कुनाल की गिरफ्तारी की गई है।

### ये टीम रही शामिल

एसओजी प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह के साथ उनकी टीम के अरविंद, शराफत, गुरुपाल सिंह, विनय सिंह, सोहन पाल, डॉली रानी शामिल रहीं। वहीं रामकोट उपनिरीक्षक घनश्याम राय, रामहेत गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

# किसानों में निराशा: उत्पादन पर्याप्त मात्रा में, बाजार भाव ने बिगाड़ा खेल



खेत से आलू निकालता ग्रामीण परिवार। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** अच्छी बुवाई के बाद निकली फसल को वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे। ऐसे में बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों के किसान परेशान हैं। किसानों ने शासन से न्यूनतम मूल्य घोषित किये जाने की मांग की है। विकास खण्ड रामपुर मथुरा क्षेत्र में आलू की बुवाई अधिक रकबे में किसानों द्वारा गई। शंकर लाल मौर्य बताते हैं कि इस बार जोताई के साथ पर्याप्त मात्रा में खाद व आलू बीज का प्रयोग किया था। निराई, दवाई सहित कई बार सिंचाई की थी। ताकि उत्पादन सही हो सके। लेकिन बाजार भाव ने निराश कर दिया। विनोद कुमार का कहना है कि उत्पादन भी सही हुआ लेकिन बाजार भाव न मिलने से हम लोग परेशान हैं, कारण पहले बाढ़ और कटान का दंश झेला, अब फसल के वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे हैं। रामवृक्ष चौहान और बृज किशोर मौर्य का मानना है कि अगर ऐसी ही स्थिति रहीं तो खर्च हुए पैसे निकलना मुश्किल हो जाएंगे। अशोक कुमार मिश्रा और प्रताप नारायन मौर्य का मानना है कि प्रशासन को जिला स्तर से एक रिपोर्ट तैयार करके शासन को देनी चाहिए, ताकि मुआवजे के साथ न्यूनतम मूल्य भी निर्धारित हो सके।

# सचिव ने किया जिला जेल का निरीक्षण

संवाददाता सीतापुर



कारागार में बंदी परिवार से स्वास्थ्य व अन्य जानकारियां लेते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देशानुसार सचिव विजय भान ने जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया। अपराह्न 3 बजे हुए इस निरीक्षण के दौरान जेल परिसर और लीगल एड क्लिनिक में साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं।

सचिव ने पाकशाला का जायजा लिया, जहां मीनू के अनुसार भोजन और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम मिले। उन्होंने जेल प्रशासन को कड़े निर्देश दिए कि सभी बंदियों के हिस्ट्री टिकट पर उनके निजी या सरकारी अधिवक्ता का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए, ताकि मुकदमों की पैरवी में पारदर्शिता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में बंदियों के मुकदमों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नामित पाए गए। इस मौके पर जेलर राजेश कुमार वर्मा, डिप्टी चीफ सुजीत बाजपेई और जेल स्टाफ मौजूद रहा।

**डीआईजी ने किया मुआएना:** कारागार के डीआईजी लखनऊ रेंज रामधनी ने कारागार का दोपहर बाद निरीक्षण किया। अवलोकन के दौरान जेल अधीक्षक प्रीति यादव मौजूद रही। इस दौरान पत्रावलियों के साथ पाक शाला, महिला बैरक और सुरक्षा से जुड़े बिन्दुओं का गहनता से अध्ययन हुआ। कारागार स्टाफ मौजूद रहा।

## पेड़ से टकराया दूध वाहन, दो लोग घायल

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार सुबह बिसवां मार्ग पर ग्राम रूढ़ा भवनाथपुर के पास एक दुग्ध वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक समेत दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना में घायल चालक की पहचान हरदोई निवासी इरफान (26) पुत्र लुकमान और खलासी यासीन (35) पुत्र रईस के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

## परिक्रमार्थी संत सुरेश दास के निधन से शोक



निधन की जानकारी मिलने पर सीएचसी में मौजूद साधु-संत। अमृत विचार

**मिश्रिख, सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगवां गांव में चल रही 84 कोसी परिक्रमा के छठे पड़ाव स्थल पर मंगलवार सुबह संत सुरेश दास (55) का आकस्मिक निधन हो गया। ये स्व. महंत भरत दास महाराज के शिष्य थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने उन्हें रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक बताया जा रहा है। बाबा जगमोहन दास ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार देवगवां के पड़ाव स्थल पर ही विधिविधान से किया जाएगा।

## भाकियू ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते भाकियू समर्थक। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर।** अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बीके सिंह को सौंपा। भाकियू के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान (विवेक) के नेतृत्व में तहसील पहुंचे किसानों ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौता किसान विरोधी है और इससे देश के कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी व कॉर्पोरेट मॉडल पर आधारित है। यदि सोयाबीन, मक्का, गेहूं, डेयरी उत्पाद व दालों पर आयात शुल्क में कटौती की गई तो सस्ती विदेशी उपज भारतीय बाजार में आएगी, जिससे स्थानीय किसान प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे। किसानों ने सवाल उठाया कि क्या इस समझौते से पहले किसानों की सहमति ली गई है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने समझौता रद्द करने की ज्ञापन के माध्यम से मांग की। सुरक्षा के मद्दे नजर कोतवाल अनिल सिंह, खुफिया पुलिस मुस्तैद रही।





जलजीवन मिशन के कार्य की समीक्षा करती टीम। अमृत विचार

## जलजीवन मिशन की परखी हकीकत

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद में संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ की विशेषज्ञ टीम ने विभिन्न विकास खंडों का व्यापक आकलन किया। 7 जनवरी से 13 जनवरी के मध्य टीम ने महमूदाबाद के कुंशरा, बिसवां के सुखनवां कला, खैराबाद के कनवा खेड़ा, परसेंडी के मीरनगर और पिसावां के जिगिनिया ग्राम पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने जलापूर्ति की नियमितता, पानी की गुणवत्ता, पाइपलाइन नेटवर्क का गहन मूल्यांकन किया। ग्रामीणों से संवाद के दौरान लोगों ने बताया कि घर-घर नल कनेक्शन मिलने से समय की बचत के साथ स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। टीम की रिपोर्ट के आधार पर योजनाओं की गुणवत्ता और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## छात्रवृत्ति वितरण की संशोधित समय-सारिणी जारी

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की संशोधित समय-सारिणी जारी की है। शासन के निर्देशानुसार, छूटे हुए पात्र छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने के लिए यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी। बताए कि विश्वविद्यालय और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्रों को ब्लॉक करने की कार्रवाई 21 से 27 फरवरी तक होगी, और जनपदीय समिति द्वारा डाटा लॉक करने की अंतिम तिथि एक मार्च निर्धारित है।

## श्रमिकों का आंदोलन आज से

**सीतापुर, अमृत विचार।** कटीली स्थित जेपी दारूका पेपर मिल के श्रमिकों ने बकाया वेतन न मिलने पर एक बार फिर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले और संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में 25 फरवरी से मिल गेट पर शांतिपूर्ण धरना पुनः शुरू किया जाएगा। पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि यदि पहली मार्च तक समाधान नहीं हुआ, तो 2 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए पैदल मार्च निकाला जाएगा।

## 225 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**सीतापुर, अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 225 परीक्षार्थी अनपस्थित रहे। इस दौरान कोई भी छात्र नकल करते पकड़ा नहीं गया। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। मंगलवार को इण्टर मीडिएट की प्रथम पाली में कृषि अर्थशास्त्र की परीक्षा थी। इसमें 743 परीक्षार्थियों में से कुल 723उपस्थित थे। अनपुस्थित की संख्या 20 रही। इसी तरह वनस्पति विज्ञान की परीक्षा में 889 को सम्मिलित होना था, जिसमें से 849 ही परीक्षा दे सके। शेष 40 अनपुस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में अर्थशास्त्र परीक्षा का आयोजन हुआ। इसमें 3822 में से 3657 की उपस्थिति ही दर्ज हुई।

## ऑटो पलटा, नौ घायल

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के भदफर मार्ग पर ग्राम पोंगलीपुर के निकट बाइक व ऑटो की टक्कर हो गई। हादसे में यात्रियों से भरा ऑटो पलट गया, जिससे 9 लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंगलवार देर शाम को कोतवाली क्षेत्र के भदफर मार्ग पर पोंगलीपुर पुल के पास भदफर की तरफ से यात्रियों से भरा ऑटो रिक्शा आ रहा था। लहरपुर की तरफ से बिना हेलमेट लगाए मोटरसाइकिल सवार पप्पू पुत्र मिश्री लाल (40) निवासी ग्राम मदारीपुरवा थाना हरगांव भदफर की तरफ जा रहा था और अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्शा से टकरा गया। हादसे में यात्रियों से भरा ऑटो रिक्शा पलट गया। जिसमें बाइक सवार पप्पू और ऑटो रिक्शा में सवार राजेश पुत्र दुजई निवासी चंदीभानपुर तंबौर, वंदना पत्नी सर्वेश निवासी ग्राम चंदीभानपुर तंबौर, कलावती पत्नी कमलेश छावनी लहरपुर, कमला देवी पत्नी सालिक राम, नीलम पत्नी हरिनाम, कामनी पत्नी छबिनाथ निवासी खमरिया, कौशल्या देवी पत्नी कौशल किशोर, शीला पत्नी राकेश निवासी ग्राम मड़वा खमरिया सभी लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

# 84 कोसी परिक्रमार्थी पहुंचे मंडुआ, भजन-कीर्तन संग गूंजे वैदिक मंत्र

संवाददाता मिश्रिख/नैमिषारण्य/ औरंगाबाद (सीतापुर)



मंडरुआ पहुंचता श्रद्धालुओं का दल। अमृत विचार



पुलिस की उपस्थिति में मुख्य मार्ग से निकलते परिक्रमार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** त्रेतायुगीन परंपराओं को संजोए 84 कोसी परिक्रमा अपने आध्यात्मिक पथ पर निरंतर अग्रसर है। हरैया और देवगवां की पावन धरती पर विश्राम करने के बाद, साधु-संतों और श्रद्धालुओं का रेला अब अपने सातवें पड़ाव मंडरवा पहुंच चुका है। धूल धूसरित रास्तों और नंगे पांव की यात्रा के बावजूद, श्रद्धालुओं के चेहरों पर थकान की जगह गजब का आध्यात्मिक तेज दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले से आए संत राघवपुरी महराज ने शानदार व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बताते चलें कि पड़ाव स्थल मछरेहटा ब्लाक में होने के चलते बीडीओ राजेश तिवारी के नेतृत्व में स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और मार्ग की साफ-सफाई के कार्य बेहतर हुए। वहीं रामादल की सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे। बुधवार को रामादल आठवें पड़ाव जरिगवां पहुंचेगा।

**देवगवां से मंडरवा तक का सफर में लगे जयघोष:** ब्रह्म मुहूर्त में डंका बजते ही परिक्रमा का जत्था देवगवां से मंडरवा की ओर रवाना हुआ। रास्ते भर जय श्री राम और कड़ाकड़ सीताराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ रही है, श्रद्धालुओं का संकल्प और भी दृढ़ होता जा रहा है।

**भजन और कीर्तन:** मार्ग में संतों की मंडलियां ढोलक-मंजीरों के साथ राम नाम का संकीर्तन करती चल रही हैं, जिससे लंबी दूरी का अहसास भी कम हो रहा है। परिक्रमा के मुखिया महंतों के नेतृत्व में ध्वजा व डंका आगे चल रहा है, जिसका अनुसरण परिक्रमार्थी कर रहे हैं।

**सेवादारों ने बिछाए पलक-पावड़े:** मंडरवा की सीमा में प्रवेश करते ही जगह-जगह भंडारों का दृश्य अद्भुत रहा। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कहीं खिचड़ी, कहीं हलुआ-पूरी तो कहीं दूध-चाय का वितरण निरंतर जारी है। सातवें पड़ाव मंडरवा पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर रामादल का स्वागत किया। यहां के विशाल मैदानों में चारों तरफ तंबुओं का शहर बस गया है।

> मंडरवा का सातवां पड़ाव साधकों के धैर्य और अटूट विश्वास का प्रमाण है। 'बोलो कड़ाकड़ सीताराम' का यह जयघोष सिद्ध करता है कि त्रेतायुगीन मर्यादाएं और सनातन संस्कृति आज भी अक्षुण्ण हैं
>
> **-स्वामी विमलानंद सरस्वती, संयोजक श्री चौरासी कोसीय होली परिक्रमा मेला मिश्रिख नैमिषारण्य**

## दरोगा पर ई-रिक्शा का शीशा तोड़ने का आरोप

**सीतापुर, अमृत विचार।** शहर के मुख्य चौराहा ट्रांसपोर्ट पर ई रिक्शे का शीशा टूट गया। आरोप एक दरोगा पर लगा। घटना से जुड़ा वीडियो वायरल होने पर लोगों ने पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े किये। बताते हैं कि रिक्शा चालक ई रिक्शा पर सवारी लेकर स्टेशन की ओर से ट्रांसपोर्ट चौराहे पर पहुंचा ही था कि एक उपनिरीक्षक से नोक-झोंक हो गई। आरोप है दरोगा ने ई-रिक्शा का शीशा तोड़ दिया। एएसपी विनायक गोपाल भोसले ने बताया वायरल वीडियों की जांच होगी।

## धार्मिक संस्थाएं वार्षिकी भुगतान के लिए दो सप्ताह में करें आवेदन: अपर जिलाधिकारी

**सीतापुर, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 और 2027-28 के लिए पात्र वक्फ, न्यास (ट्रस्ट) और धर्मस्वों को डीबीटी के माध्यम से वार्षिकी का भुगतान किया जाना है। उन्होंने जनपद की समस्त धार्मिक संस्थाओं और सर्वराहकारों को सूचित किया है कि वे विज्ञप्ति प्रकाशन के दो सप्ताह के भीतर अपने दावे व साक्ष्य निर्धारित प्रारूप पर जिलाधिकारी कार्यालय (जिला भूमि व्यवस्था अनुभाग) में जमा कर दें। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी सूचना शून्य मान ली जाएगी। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट स्थित संबंधित अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**डलमऊ :** क्षेत्र के पूरे हिम्मत सिंह राधाबालमपुर निवासी सरवन ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। सरवन का आरोप है कि बीते एक सप्ताह पूर्व उसकी मां घुरवारा बाजार से पैदल घर जा रही थी। तभी पीछे से मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मां घायल हो गई। चौकी प्रभारी विनय पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### करंट से मवेशी की मौत, आक्रोश

**डलमऊ :** क्षेत्र के अदीलाबाद पूरे बिंदागंज निवासी राजू की भैस करंट की चपेट आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। बताते है कि वहां ट्रांसफार्मर लंबे समय से जमीन पर रखा है और उसके चारों ओर कोई सुरक्षा घेरा या ऊंचा प्लेटफॉर्म नहीं बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार विद्युत विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। घटना के बाद गांव में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने मृत पशु के मालिक को उचित मुआवजा देने और ट्रांसफार्मर को तत्काल सुरक्षित स्थान पर स्थापित कराने की मांग की है।

### छात्रों की पिटाई में चार का चालान

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के शंकरपुर स्थित राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में छात्रा से अभद्रता और दो छात्रों की पिटाई के मामले में पुलिस ने दो छात्रों और छात्रा के भाई व उसके एक साथी सहित चार लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया है। बताया जाता है कि सोमवार को इंटर कॉलेज में परीक्षा देने आए दो छात्रों पर एक छात्रा से अभद्रता करने का आरोप लगा। छात्रा ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। परीक्षा समाप्त होने के बाद परिजन कॉलेज पहुंच गए और दोनों छात्रों को पकड़ लिया। आरोप है कि परिजनों ने छात्रों की पिटाई कर दी और उन्हें कार में बैठाकर ले गए, जहां रास्ते में भी मारपीट की गई। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और संबंधित कार का पीछा किया। इस दौरान कार सवार लोगों ने एक छात्र को पूरे झाम सिंह और दूसरे को बाबूगंज के पास छोड़ दिया। पुलिस ने कार में सवार दो लोगों को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद दोनों पक्षों के परिजन थाने पहुंच गए, जहां काफी देर तक हंगामा होता रहा। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि मामले में दोनों छात्रों सहित चार लोगों का शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।

### रोजगार मेला 27 को

**रायबरेली :** मिशन रोजगार के तहत वृहद रोजगार मेलों का आयोजन 27 फरवरी को कर्मयोगी डिग्री कालेज मुलिहामऊ में किया जाएगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी तनुजा यादव ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में समस्त योग्यताधारी अभ्यर्थियों के लिए लगभग 2000 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं।

### पति की पिटाई से पत्नी की हालत गंभीर

**महराजगंज :** क्षेत्र के एक गांव निवासी पति ने अपनी ही पत्नी बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना बीते रविवार की है। कोतवाली के थुलवासा चौकी क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे मर्दानपुर गांव निवासी अजय का अपनी पत्नी बबिता से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान उसने आपा खो दिया और बबिता की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गईं।

# पर्व को लेकर मिलावटखोरों पर शिकंजा, एकत्र किए नमूने

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** होली और ईद पर्व को देखते हुए खाद्य एवं औषधि विभाग अलर्ट मोड पर है। खाद्य की दुकानों पर छापेमारी करते हुए लगातार मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को सीएफएसओ अंजनी कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ऊंचाहार शेफाली रस्तोगी ने टीम के साथ ऊंचाहार के प्रमुख मिष्ठान और पनीर बनाने वाले और बेचने वालों के यहां पर छापेमारी की। तहसील क्षेत्र के प्रमोद गुप्ता किराना शॉप पर छापेमारी की। वहीं बड़कू मिठाई शाप पर छेना खोया का नमूना लिया गया। 55 किलो दूषित मिठाई को मौके पर नष्ट कराया गया। सर्किल इंचार्ज शेफाली रस्तोगी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर त्योहार को देखते हुए लगातार कार्यवाही की जाएगी।इस कार्रवाई से तहसील क्षेत्र में दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।


नमूना संग्रह करतीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी शेफाली रस्तोगी।

# संवेदनशील इलाकों में रखें विशेष नजर: पुलिस महानिरीक्षक

संवाददाता, रायबरेली

**निर्देश**

- थाना प्रभारियों से जानी हकीकत कोतवाली नगर ओर थाना हरचंदपुर का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ किरण एस. ने मंगलवार को कोतवाली और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर बेहतर पुलिसिंग के निर्देश दिए। कहा कि पर्वों के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखें। इससे पहले रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी रवि कुमार, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

पुलिस लाइन स्थित संगोष्ठी भवन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक में पुलिस महानिररीक्षक नेआगामी त्यौहारों होली, रमजान आदि को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में जनपद के समस्त थाना प्रभारीगण गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जुड़े रहे। उन्होंने त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत पैदल गश्त, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्थानीय संभ्रांत व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित कर शांति समिति की बैठकें आयोजित करें।


पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस. को बुके देकर स्वागत करते एसपी रवि कुमार व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

इसके बाद पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों का अवलोकन करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा थाना कोतवाली नगर एवं थाना हरचंदपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, मिशन शक्ति कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया।

थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। जनता के साथ संवेदनशील एवं सकारात्मक व्यवहार बनाए रखा जाए, जिससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

# बदमाशों ने घर से पार किए लाखों के जेवरात

## धन्नीपुर गांव में छत के रास्ते घर में घुसकर की वारदात, पुलिस ने शुरू की मामले की छानबीन

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के धन्नीपुर गांव में बदमाशों ने एक घर धावा बोलकर करीब 25 लाख रुपये का सामान पार कर दिया। चोरी गए सामान में सोने चांदी के जेवरात शामिल है। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़ित सुखेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर करीब 25 से 30 लाख रुपये का सोने चांदी का जेवरात पार कर दिया है। बताया कि वह पत्नी के साथ नीचे घर में सो रहे थे। घर की पहली मंजिल पर उनकी बहू साधना सिंह का कमरा है। साधना सिंह लखीमपुर खीरी में सरकारी अध्यापक हैं। उनके सारे जेवर कमरे में ही अलमारी में बंद थे।


घटना की तहकीकात करते प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह। अमृत विचार

उसी कमरे में चोरी की वारदात हुईहै। इस समय वह लखीमपुर खीरी में ही है। सुखेंद्र सिंह का कहना है कि बदमाश पहले छत पर चढ़े और बाद में जीने के पास बनी खिड़की की सरिया तोड़कर कमरे में घुस आए और कमरे में बंद ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। चोरी गए सामान में सोने की चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र सहित अन्य कई प्रकार के जेवरात हैं।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और चोरी की घटना का मौका मुआयना किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके। बताया जा रहा है कि चोरों ने आसपास के दो अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया था। पास के ही रमेश तिवारी उनके घर सीसीटीवी कैमरा देखने आए थे, क्योंकि उनके यहां भी ताला टूटा था। तब सुखेंद्र सिंह ने भी अपने घर में ऊपर जाकर देखा तो चोरी की घटना हुई थी और सामान बिखरा हुआ था। क्षेत्राधिकारी लालगंज ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। पुलिस का कहना है कि जल्द चोरों का पता लगाया जाएगा।

### युवक पर रुपये और चेन चोरी का आरोप

**जगतपुर (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के पूरे हनुमान मजरे रामगढ़ टिकरिया निवासी एक युवक ने अपने परिचित पर नगदी और सोने की चेन चोरी करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित गौरव सिंह ने बताया कि वह ऊंचाहार थाना क्षेत्र के एक परिचित युवक को अपने घर लाए थे। रात में दोनों ने साथ भोजन किया और सो गए। आरोप है कि रात के दौरान सोते समय परिचित युवक उनकी जेब में रखे 48 हजार रुपये और सोने की चेन लेकर फरार हो गया। सुबह नींद खुलने पर रुपये और चेन गायब मिले। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा

**जगतपुर।** थाना क्षेत्र के सिंघापुर भटौली गांव में दबंगों द्वारा घर में घुसकर मां-बेटी की पिटाई कर दी। पीड़िता बिटाना ने बताया कि तीन-चार दिन पूर्व आरोपियों की झटका मशीन की बैटरी चोरी हो गई थी। इस चोरी का संदेह उसके बेटे पर जता रहे थे। मंगलवार को चार लोग उसके घर पहुंचे और उसके बेटे के बारे में पूछताछ करने लगे। बेटे के नहीं मिलने पर गाली-गलौज करते हुए मुझे और मेरी बेटी की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूटी सवार शिक्षिका से चेन स्नेचिंग, हड़कंप

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बदमाशों ने दिनदहाड़े स्कूटी सवार शिक्षिका से चेन स्नैचिंग कर पुलिसको चुनौती दी है। इस घटना ने पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना पर एएसवी संजीव कुमार सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर जांच किया। वहीं जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी की बात कही है। हालांकि भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज कस्बे में पुलिस कड़ी चौकसी का दावा करती है। दिखावे के लिए तो मुंशीगंज कस्बे के निकट पत्थरकटा चौराहे पर 24 घंटे पुलिस मुस्तैद रहती है। लेकिन पुलिस की आंखों में धूल झोंकते हुए बदमाशों ने लूट को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम लगभग 4 :30 बजे शहर की रहने वाली शिवांगी डलमऊ में शिक्षिका है। वह स्कूटी से घर लौट रही थी। मुंशीगंज कस्बा में पत्थरकटा चौराहे पर सब्जी ले रही थी। तभी अचानक बाइक सवार बदमाश आ धमके। वह कुछ समझ पाती तब तक उसके गले में पड़ी चैन की छिनैती करते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस वही हमेशा की तरह लकीर पीटती रही। घटना की जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक के साथ सीओ सीटी अरुण नौहवार भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। चौकी प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### जगमगाया महाकालेश्वर मंदिर, भंडारा आज

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में 25 फरवरी को 24वीं वर्षगांठ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक विद्युत सज्जा और सुगंधित पुष्पों से सजाया गया है। मंगलवार प्रात :काल से ही मंदिर में ओम नम : शिवाय का पावन जाप प्रारंभ हो गया, जिसकी गूंज से संपूर्ण क्षेत्र शिवमय हो उठा है। भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य मान रहे हैं। वर्षगांठ पर विधि-विधान पूर्वक विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा। समस्त देवी-देवताओं को भोग अर्पित करने के पश्चात कन्या भोज का आयोजन होगा, जो भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का प्रतीक है। ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बहादुर सिंह के प्रेरणास्पद मार्गदर्शन में यह मंदिर वर्षों से आस्था का केंद्र बना हुआ है। उनके पगचिह्नों पर चलते हुए मंदिर की संस्थापक ऊषा सिंह ने आयोजन की सफलता के लिए भगवान महाकालेश्वर का आशीर्वाद लिया और इसे अपने परिवार के लिए परम सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि यह सब भगवान शिव की असीम कृपा और अनुकंपा का परिणाम है कि उन्हें यह पुण्य अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि आयोजन की तैयारियां एक माह पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थीं। भंडारे की व्यवस्था, प्रसाद निर्माण, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के सभी प्रबंध सुव्यवस्थित रूप से पूरे कर लिए गए हैं। अपरान्ह 3 बजे से विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण प्रारंभ हो जाएगा।


रंग-बिरंगी झालरों से सजा महाकालेश्वर मंदिर।

### दो डंपरों की टक्कर में चालक गंभीर

**सेमरी।** थाना क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज मुख्य मार्ग पर केसौली गांव के पास मंगलवार की दोपहर डंपरों में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक डंपर का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं क्लीनर के साथ दूसरे डंपर के चालक और खलासी भी बाल बाल बच गए और घटनास्थल पर वाहन छोड़कर भाग गए। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से घायल चालक को सीएचसी लालगंज पहुंचाया। बांदा निवासी राकेश निषाद पुत्र गुलाब निषाद ने बताया कि एसएस कंस्ट्रक्शन कम्पनी का डंपर से लखनऊ जनपद के कस्बा निगोहा से सामान छोड़कर वाहन लेकर लालगंज जा रहा था। तभी उन्नाव - लालगंज मुख्य मार्ग पर स्थित गांव केसौली के पास डंपर के अज्ञात चालक तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मारकर चालक और खलासी वाहन छोड़कर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घायल चालक को इलाज के लिए सीएचसी लालगंज भेज दिया गया है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


मार्ग पर खड़ा क्षतिग्रस्त डंपर।

# उत्कृष्ट कार्य पर महिलाएं सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से जीआईसी में चल रहे तीन दिवसीय सरसमेले के अंतिम दिन अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी नव चयनित दो विद्युत सखियों को थार्मल प्रिंटर प्रदान कर कार्य प्रारम्भ करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य कर रही विद्युत सखी, समूह सखी, स्वास्थ्य सखी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा मल्टीग्रेन आटा, आलू चिप्स पापड़, पॉपकार्न, झाडू, टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर, कम्पोस्ट खाद्य आदि उत्पादों के स्टॉल, वन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, आरसेटी, बाल विकासपुष्टाहार, महिला कल्याण विभाग, कृषि विभाग, सामर्थ्य मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गयें। मेले में उत्पादों की अच्छी बिक्री से महिलाओं में विशेष उत्साह रहा। भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की। ऐसे आयोजन से महिलाएं आगे बढ़ेंगी।



सरस मेला में उत्कृष्ट कार्य पर महिला को सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी साथ में शिवेंद्र सिंह व अन्य। अमृत विचार

**आयोजन**

उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह ने कहा कि सरकार की इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। कौशल विकास मिशन जिला समन्वयक राजीव सिंह, जिला मिशन प्रबंधक तीरथ, दिनेश कुमार, शैलेश, धीरेन्द्र गौतम आदि उपस्थित रहे।

**जूनियर अधिवक्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन, रायबरेली:** जूनियर अधिवक्ताओं के लिए मंगलवार को रेलवे स्टेशन के निकट एक होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ध्रुव कुमार तिवारी रहे। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद जूनियर अधिवक्ताओं का हौसला बढ़ाया। आयोजक प्रभारी डीजीसी (सिविल) व सेंट्रल बार के पूर्व महामंत्री विनोद कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, बब्बन कुमार त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह ने जूनियर अधिवक्ताओं को कानून की जानकारी के साथ कोर्ट में अच्छा व्यवहार करने को कहा। मौके पर सेंट्रल बार के महामंत्री योगेन्द्र दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला के अलावा संजय मिश्रा, प्रमोद कुमार पांडेय, धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला, उमाकांत तिवारी, अजय श्रीवास्तव, शुभम सिंह, धनंजय शुक्ला, कृष्णेन्द्र श्रीवास्तव, अनन्त त्रिवेदी, अर्पित द्विवेदी, शैलेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे। विनोद कुमार द्विवेदी ने आगे भी ऐसी कार्यशाला आयोजित करते रहने की घोषणा की।

# शराब के ठेकों से बढ़ा सरकारी राजस्व, 40 करोड़ तक मिलेगा शुल्क

संवाददाता, रायबरेली

- जिले में देशी और कम्पोजिट शराब की दुकानों का नवीनीकरण 97 फीसदी पूरा


**अमृत विचार।** सरकारी राजस्व बढ़ाने में आबकारी विभाग की भूमिका दिनोंदिन अहम होती जा रही है। मार्च के अंतिम दिनों तक 40 करोड़ तक राजस्व शुल्क मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके साथ ही 97 प्रतिशत देशी और कम्पोजिट दुकानों का नवीनीकरण भी पूरा हो चुका है।

जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जिले में संचालित हो रही देसी शराब की दुकान एवं कम्पोजिट शराब की दुकान और भांग की दुकानों के रिन्युअल अंतिम चरण में हे। जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि रिन्युअल का कार्य सम्पन्न करते हुए मार्च के आखिर तक चालीस करोड़ का राजस्व जमा हो जाएगा। जिले में संचालित देशी शराब और कम्पोजिट शराब की दुकानों के रिन्यूअल का कार्य 97 प्रतिशत विभाग ने पूरा कर लिया है। गौरतलब है कि जिले मे संचालित 314 देशी शराब की दुकान में 306 दुकान, अंग्रेजी व बीयर की कंपोजिट दुकान 177 में 176 व माडल शॉप की 10 में सात और भांग की 66 में 61 दुकान का नवीनीकरण किया जा चुका है। जिला आबकारी अधीकारी दिनेश कुमार ने बताया कि रिन्यूअल का कार्य समय से पूरा कर लिया जाएगा। लगभग 40 करोड़ राजस्व फीस मार्च के अंत तक लाइसेंस शुल्क के रूप में सरकार को प्राप्त होगा। अवशेष दुकानों कार्निवल 20 मार्च को कराया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया 6 मार्च से शुरू हो जाएगी।


दिनेश कुमार, जिला आबकारी अधिकारी।

**30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र पांच की टीम ने दबिश देकर तहसील डलमऊ के थाना गदागंज पुलिस के साथ ग्राम पम्पापुर में लगभग 50 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।

### भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पर कार्य शुरू


भवानीगढ़-सूरतपुर सम्पर्क मार्ग पर कार्य करते मजदूर। अमृत विचार

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** अमृत विचार द्वारा लगातार खबरे प्रकाशित किए जाने के बाद आखिरकार पीएमजीएसवाई ने शिवगढ़ क्षेत्र के भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पर सूरजपुर की ओर से नवीनीकरण कार्य शुरू करा दिया है। गौरतलब हो कि भवानीगढ़ - सूरजपुर सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण की टेंडर प्रक्रिया एक साल पहले पूरी होने के बावजूद नवीनीकरण कार्य अधर में लटका हुआ था। सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील होने से राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर अमृत विचार लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित कर रहा था। 7 .3 किलोमीटर लम्बे भवानीगढ़ सूरजपुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण एक करोड़ 87 लाख की लागत से होना है। सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण के लिए जनवरी 2025 में टेंडर हुआ था और हर हाल में मई 2025 तक कार्यदाई संस्था को नवीनीकरण कार्य पूरा करना था। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जेएमएफ फॉर्मूला बदलने से नवीनीकरण अधर में लटका हुआ था। पुन : जेएमएफ बदलने के बाद कार्यकारी संस्था ने सड़क का नवीनीकरण शुरू करा दिया है। नवीनीकरण शुरू होने पर क्षेत्र के लोगों ने अमृत विचार के प्रति आभार व्यक्त किया है। जेई ओपी वर्मा ने बताया कि मशीनरी साइट पर पहुंच चुकी है। सूरजपुर की ओर से नवीनीकरण कार्य शुरू करा दिया गया है। कार्यदाई संस्था को मानक के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

**आस्था**

## जगमोहनेश्वर मंदिर से नंगे पैर निकले श्रद्धालु, खाटू श्याम मंदिर में की गई पूजा-अर्चना

# फागुन उत्सव पर निशान यात्रा में उमड़े भक्त, लगे जय बाबा के जयकारे

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** श्री श्री मां शीतला शनि सरकार एवं खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा श्याम का फागुन उत्सव मनाया गया, जिसमें बाबा की एक विशाल निशान यात्रा का आयोजन किया गया। बाबा श्याम की निशान यात्रा सिद्ध श्री जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर चंदापुर धाम से प्रारंभ होकर सुपर मार्केट, घंटाघर, मछली बाजार चौराहा, कैंपरगंज, खोवा मंडी, कहारों का अड्डा, जहानाबाद चौकी, चंपा देवी मंदिर होते हुए अहिया रायपुर स्थित बाबा श्याम के मंदिर तक पहुंची।

इससे पहले यात्रा का प्रारंभ बाबा की ज्योत जला के और निशान की पूजा करके किया गया। यात्रा में सबसे आगे डीजे फिर महिलाएं पुरुष उसके पीछे ढोल और उसके पीछे बाबा का विशाल रथ रहा बाबा की अखंड ज्योत बाबा के रथ पर पूरे समय जलती रही। यात्रा में लगभग 550 से 600 लोगों ने बाबा का निशान उठाकर नंगे पैर यात्रा की रास्ते पर गुलाल की होली खेलते हुए झूमते गाते नाचते हुए चले, जिसमें महिलाओं ने बहुत ही उत्सुकता से प्रतिभाग किया।


निशान यात्रा में सजे खाटू श्याम बाबा।


खाटू श्याम बाबा की यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

यात्रा के मंदिर पहुंचने पर सभी भक्तों ने बाबा का निशान बाबा के शिखर पर चढ़ना और उसके उपरांत बाबा का विशाल भंडारा अहिया रायपुर चौराहे पर हुआ। इस यात्रा का आयोजन बाबा के वार्षिक उत्सव में किया गया पिछले साल 17 फरवरी को रायबरेली में बाबा खाटू श्याम की स्थापना हुई थी। एक वर्ष पूर्ण होने पर बाबा का वार्षिक उत्सव मनाते हुए प्रथम दिवस में 14 फरवरी को रायबरेली में नंदकिशोर शर्मा उर्फ नंदू भैया का आगमन हुआ था। उन्होंने मीठे-मीठे भजनों से अमृत वर्षा कर भक्तों को बहुत नचाया इस कार्यक्रम के कार्यक्रम अधिकारी ऋषि अग्रवाल रहे। संदीप मुरारका, रोहित मित्तल, पल्लव, प्रतीक अग्रवाल, राघव मुरारका, सपना, प्रियंका, पूजा, उपासना, दीपाली, लक्ष्मी, शालू, नरेश जैन, मयंक अग्रवाल, विमलेश गुप्ता, अर्पित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### शिव बारात पहुंची बाबा बाल्हेश्वर धाम

**लालगंज।** लालगंज क्षेत्र के पूरे चैन मजरे कुम्हरौड़ा गांव में धर्मानुरागी गणेश प्रसाद शर्मा के द्वारा महादेव शक्ति पार्वती मंदिर की स्थापना की गई है। मंदिर में जहां भोले बाबा के शिवलिंग की स्थापना की गई है। वहीं भगवान गणेश, नंदी, कार्तिकेय, मां पार्वती, भगवान विश्वकर्मा और बजरंगबली की मूर्तियों की भी स्थापना धार्मिक रीति रिवाज के साथ हुई है। मंगलवार को भगवान शिव की बारात ने क्षेत्र के भगवान गहरेश्वर मंदिर और बाबा बाल्हेश्वर मंदिर का दर्शन पूजन किया है। भक्तों ने शिवलिंग की परिक्रमा कर मंदिर की स्थापना के प्रति बाबा बाल्हेश्वर से आशीर्वाद प्राप्त किया। गणेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि मूर्तियों की स्थापना के बाद बुधवार को भंडारे का भी आयोजन होगा। अधिवक्ता अशोक शुक्ला, जनार्दन सिंह और गोवर्धन शर्मा ने मंदिर की स्थापना को बड़ा ही पुण्य कार्य बताया है।इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी गंगा देई, देव प्रसाद, राजेश मिश्रा, बबलू सिंह, दिनेश शर्मा, सुनील, अरविंद तिवारी, अरविंद चौधरी, रामकिशन मौजूद रहे।


मूर्तियों के साथ गणेश प्रसाद शर्मा और भक्त।

न्यूज ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस दर्ज

**जायस (अमेठी):** युवक द्वारा एक युवती की शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मुस्लिम महिला ने पूरे गंगाराम मजरे बहादुरपुर निवासी मुकेश पटेल के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई माह से दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता ने बताया कि आरोपित द्वारा कहा गया कि मेरी पत्नी मर चुकी है और हमारे दो बच्चे हैं। मैं तुम से जल्द ही शादी कर लूंगा जिससे कि बच्चों की देखभाल में आसानी होगी। लेकिन कुछ दिन पहले जब शादी करने को कहा तो वह टाल मटोल करने लगा।

### कालिकन मंदिर परिसर के आसपास स्वच्छता की अनदेखी

**संग्रामपुर (अमेठी):** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों व मंदिरों के आसपास भारी गंदगी फैली हुई है कहते हैं जहां सफाई और स्वच्छता होती है वहां ईश्वर का वास होता है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत जहां एक ओर गांव की सड़कों से लेकर सम्पर्क मार्ग व गांव गलियों बेहतर स्वच्छता दावा किया जाता है वहीं पूजा स्थलों के आसपास के क्षेत्र इस अभियान की अनदेखी के शिकार हो रहे हैं। संग्रामपुर के कालिकन धाम के कालिका मंदिर परिसर, कालीमाई मंदिर परिसर, दु:ख भंजन नाथ सहजीपुर आदि धार्मिक स्थलों पर भारी गंदगी बनी हुई है। कालिकन धाम में आने वाले दर्शनार्थी प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा बताया।

### सार्वजनिक रास्ते पर गड्ढा, आवागमन ठप

**अमेठी:** क्षेत्र के टिकरी गांव में एक ग्रामीण द्वारा सार्वजनिक खड़ंजे वाले रास्ते पर अवैध रूप से गड्ढा खोद देने से करीब दस परिवारों का आवागमन बाधित हो गया है। यह समस्या पिछले पांच दिनों से बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि 19 फरवरी को शौचालय निर्माण के लिए रास्ते के बीच गड्ढा खोदा गया, जिससे लोगों का आना-जाना पूरी तरह प्रभावित हो गया। गड्ढा खोदने के दौरान रास्ते के किनारे से गुजर रही पानी की आपूर्ति लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है। पीड़ित परिवारों ने पहले स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर मामला उपजिलाधिकारी आशीष सिंह के संज्ञान में लाया गया। उनके निर्देश पर 23 फरवरी की शाम पुलिस टीम गांव पहुंची, लेकिन आरोपी पक्ष के विरोध के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी। आरोपी की पत्नी गड्ढे में कूद गई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। गांव में महिला आरक्षी न होने के कारण पुलिस को लौटना पड़ा। उपजिलाधिकारी ने मामले को गंभीर बताते हुए प्रभारी निरीक्षक को मार्ग बहाल कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### यूपी बोर्ड: 179 छात्र रहे अनुपस्थित

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की परीक्षा जिले के 122 केंद्रों पर चल रही है। मंगलवार की दूसरी पाली में हाईस्कूल का कोई प्रश्न पत्र जिले में नहीं था। इंटरमीडिएट के कृषि वनस्पति विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र सप्तम प्रश्न पत्र व शस्य विज्ञान (व्यावसायिक) में कुल 492 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 26 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में इंटरमीडिएट के अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इसमें कुल 2561 विद्यार्थी शामिल हुए और 143 बच्चों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि जिले में शांति पूर्ण व नकल विहीन परीक्षा संचालित है। अब तक एक भी नकलची नहीं पकड़े गए हैं। सचल दस्ते लगातार छापेमारी कर रहे हैं।

# टेंट व्यवसायी के बेटे की धारदार हथियार से हत्या

## बाग के बगल नाले में खून से लथपथ मिला शव, परिजनों की तहरीर पर चार नामजद आरोपी हिरासत में



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



घटना स्थल पर जानकारी लेते एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह।

### परिवार में सबसे बड़ा लड़का था शाहिद

मृतक शाहिद तीन सगे भाइयों और तीन सगी बहनों में सबसे बड़ा था। वह अपने पिता के व्यवसाय में हाथ बंटाता था और परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहा था। भाइयों में जाहिद और समीर शामिल हैं। हाल ही में उसने अपनी एक बहन की शादी की थी। शाहिद की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हत्या के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं एएसपी सरवण टी ने बताया कि मृतक के पिता शरीफ के तहरीर पर चार नामजद आरोपी के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत कर लिया गया है। चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



शाहिद की फाइल फोटो।

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब टेंट व्यवसायी के 23 वर्षीय बेटे शाहिद का शव इण्टर कॉलेज रोड स्थित बाग के पास घर से 700 मीटर दूर नाले में खून से लथपथ पड़ा मिला। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया, मृतक के गले व चेहरे पर धारदार हथियार से हमले के गहरे निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि पहले युवक की पिटाई की गई और बाद में उसकी किसी धारदार हथियार से हत्या कर शव नाले में फेंक दिया गया। युवक पिता ने कस्बे से बाहर हुए अपना मकान बनाया था, उसी में पूरा परिवार व टेंट संबंधित सामान लेकर निवास करता था। कस्बा निवासी शरीफ टेंट व्यवसाय से जुड़े हैं।

परिजनों के मुताबिक शाहिद सोमवार देर रात किसी का फोन आने के बाद घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने नाले में शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता शरीफ ने थाने में तहरीर देकर चार लोगों में अपने ही सगे भाई मो. गुलाम पुत्र हैदर अली कस्बा शुकुल बाजार, सोहेल पुत्र निजामुद्दीन पूरे लोहांगी मजरे दक्खिनगांव क्यार, इरफान पुत्र फुदुल पूरे लोहांगी मजरे दक्खिनगांव क्यार तथा कफील पुत्र शकील निवासी कस्बा शुकुल बाजार पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चारों नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व शाहिद ने पूरे लोहागी मजरे दक्खिन गांव निवासी नियाजुद्दीन की पुत्री सबीहा से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद दोनों घर छोड़कर मुंबई चले गए थे। बाद में पारिवारिक सहमति से युवक वापस कस्बे में रहने लगा। बताया जा रहा है कि कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी, जिससे रिश्तों में दूरी आ गई थी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रहा है।

घटना की सूचना पर एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह और सीओ अतुल सिंह को मिली जिसके बाद घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम के प्रभारी ईश नारायण मिश्रा और कमरौली थाना अध्यक्ष मुकेश पटेल ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

# सेना के जवान के घर दस लाख की चोरी, परिवार भयभीत

संवाददाता, अमेठी

- बिराहिमपुर गांव का मामला, केस नहीं दर्ज करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में लगातार हो रहीं चोरी की वारदातों से लोग दहशत में हैं। इसी क्रम में बिराहिमपुर गांव में सेना के एक जवान के घर करीब दस लाख रुपये की चोरी हो गई। इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है और अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत व चिंतित है।

शिक्षिका सावित्री देवी ने बताया कि उनके दोनों दामाद फौज में हैं। एक बीएसएफ में और दूसरा सेना में तैनात है। घर पर अधिकतर महिलाएं ही रहती हैं। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर घर में सेंध लगाई। वे नकदी और जेवर समेत लाखों का कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना देने के बावजूद तीन दिन तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। काफी भागदौड़ और प्रयासों के बाद सोमवार की रात पुलिस ने रिपोर्ट लिखी। परिवार का यह भी आरोप है कि पुलिस ने चोरी में गए पूरे सामान को तहरीर में कम दिखाया है।

शिक्षिका सावित्री देवी ने पुलिस पर परिवार के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब सामान ही सुरक्षित नहीं तो जान कैसे सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बताया कि चोरी में नकदी व जेवरात समेत करीब 10 लाख के सामान पार कर दिया गया है।

**लगातार बढ़ रहीं चोरी और छिनैती की घटनाएं:** अमेठी थाना क्षेत्र में चोरी और छिनैती की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पूरे दत्ता दरखा में ट्यूबवेल इंजन चोरी का मामला सामने आया है। अमर मरीज लॉन के पास सादी में छिनैती की घटना भी हुई है। बिराहिमपुर में भी हाल ही में सेंधमारी की एक घटना सामने आई है। बारहमासी में हत्या का आरोप जैसे बड़े घटनाक्रम भी हुए हैं। इन लगातार हो रही वारदातों से क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ दिख रहा है। वहीं कोतवाली थाना प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# लाटरी का लालच देकर ठगे नौ लाख रुपए, केस दर्ज

जायस (अमेठी)

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने लाटरी में 85 लाख रुपये जीतने का लालच देकर एक व्यक्ति से नौ लाख रुपये की ठगी की है। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने तहरीर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

जायस नगर के मोहल्ला बड़ा गोरियाना निवासी रिजवान अहमद को नंबर में वाट्स एप पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम सुलेमान अयूब बताया। लाटरी में 85 लाख रुपये जीतने का प्रलोभन दिया। जिसके बहकावे में वे आ गए। उसके बैंक खाता नंबर मांगने पर भाभी अफसरी बेगम के खाते का विवरण दें दिया। इसके बाद उसने बैंक आफ अमेरिका की फर्जी डिपाजिट स्लिप भेजकर 10 लाख डालर जमा होने का लालच दिया। एसबीआइ मुंबई शाखा का फर्जी नंबर देकर कहा कि डालर को रूपये में बदलने के लिए क्लियरेंस शुल्क जमा करना होगा। पहले पांच हजार रुपये यूपीआई आईडी पर सैफ अली के नाम से भेजे गए। फिर विभिन्न विभागों के नाम पर नंबर से क्यूआर कोड भेजे जाते रहे। जिसपर उसने भुगतान किया। बताया कि ठगों ने वाट्स ऐप पर फर्जी फोन और दस्तावेज दिखाकर 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक करीब नौ लाख रुपये की ठगी की है।एक मित्र के सतर्क करने पर मामला उजागर हुआ।ठगी होने के बाद पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में थाना अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है विवेचना प्रचलित है।

# 18.56 करोड़ से बनेगा महोना-दूधाधारी मार्ग

संवाददाता, शुकुल बाजार, (अमेठी)



भूमि पूजन करते विधायक सुरेश पासी व मौजूद लोग। अमृत विचार

- विधायक सुरेश पासी ने किया भूमि पूजन

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक सुरेश पासी ने ऊंचगांव महोना-दूधाधारी मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का मंगलवार को विधि-विधान से भूमि पूजन किया। यह सड़क 18 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से निर्मित की जाएगी।

विधायक सुरेश पासी ने बताया कि इस परियोजना के तहत ऊंचगांव और महोना से जैनबगंज, किशनी होते हुए दूधाधारी तक जाने वाले संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। सड़क चौड़ी होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी। साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अंचल को बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा किसानों, व्यापारियों और छात्रों को विशेष लाभ होगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अधिशाषी अभियंता रमेशचंद्र निर्माण खंड अमेठी, सहायक अभियंता विनोद कुमार गौतम तथा अवर अभियंता रविंद्र प्रताप को सौंपी गई है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान सतीश मिश्रा, जगदीश पाल, संजय मौर्या, शोएब अहमद सोनू, समाजसेवी मनोज पासी, महेश दुबे तथा ठेकेदार अमित प्रताप सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रैली निकालकर किया जागरूक

**गौरीगंज (अमेठी)।** मंगलवार को मनीषी महिला पीजी कॉलेज, गौरीगंज अमेठी द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयं सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत परिसर की साफ-सफाई से हुई, जिसमें छात्राओं ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके उपरांत सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योगाभ्यास के पश्चात सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से चयनित ग्राम के ग्रामीणों को मतदान में भाग लेने, अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे संवेदनशील विषयों पर जागरूक किया गया। रैली के दौरान छात्राओं ने नारों और संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। शिविर के इस आयोजन से ग्रामीणों में सकारात्मक संदेश पहुंचा तथा छात्राओं में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।



जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं।

### मानव जीवन को सजाती और संवारती है शिक्षा

**सेमरी (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय रमुवापुर दुबाई में मंगलवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अपने बच्चों को शिक्षित करने और प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बीईओ मुकेश कुमार ने अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के साथ सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजे। शिक्षा से ही उनका भविष्य स्वर्णिम होगा। कंपोजिट विद्यालय रमुवापुर दुबाई के प्रधान शिक्षक और कार्यक्रम के संयोजक दुर्गाशंकर, शिक्षामित्र संघ ब्लाक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन को सजाती संवारती है। बिना शिक्षा के मनुष्य पशु के सामान होता है। आधुनिक युग में शिक्षा का विशेष महत्व है। शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कारित करना भी आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश अभिभावक बच्चों को घरेलू या खेती के कामों में लगा देते हैं और नियमित विद्यालय नहीं भेजते हैं। जिससे बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिल पाती। मुकेश तिवारी, ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार, शिक्षिका शशिबाला, आरती रावत, विनीता तिवारी, अर्चना पाल, अंकिता, शिक्षक अनुज यादव, विनय पटेल, दानेन्द्र अवस्थी, रौनक धानुक, गिरजेश सिंह, राजन तिवारी आदि उपस्थित रहे।



चौपाल में बोलते खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार।

# केंद्र के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

आक्रोश

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। बताया कि यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित मौर्या को दिल्ली पुलिस द्वारा उनके निवास ताजपुर, अमावां से अलोकतांत्रिक और अवैधानिक तरीके से गिरफ्तार किया है। इसके विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन राष्ट्रपति को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संवैधानिक दायरे में अपने मौलिक अधिकारों के तहत विरोध प्रदर्शन करते है तो भाजपा सरकार अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का प्रयास करती है, जो निन्दनीय है। मोदी सरकार अपने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के कार्यालयों पर तोड़फोड़ कराती है। वहीं पुलिस मूकदर्शक बनकर उनके साथ खड़ी दिखती है। दिल्ली में भारत मंडपम समिट में विरोध प्रदर्शन के कथित आरोप में सिर्फ विपक्ष की आवाज को दबाने के आशय से तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा सरकार के इशारे पर उनकी पुलिस फर्जी व असंवैधानिक तरीके से गिरफ्तार कर रही है।

वहीं कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गैर कानूनी गिरफ्तारी घोषित करते हुए उन्हें रिहा किया जाए, मोदी सरकार को पक्षपात रवैया अपनाने से रोका जाए, मोदी सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने से बाज आए।

# तीन मृतक किसानों के खिलाफ लेखपाल ने करा दिया मुकदमा

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** तहसील लेखपाल का अनोखा कारनामा सामने आया है। ग्राम सभा ऊसर भूमि पर तीन मृतक किसानों का अवैध कब्जा दिखा कर क्षेत्रीय लेखपाल ने तहसीलदार न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में गांव के ही प्रदीप बाजपेई ने एसडीएम से शिकायत की है। उपजिलाधिकारी ने मामले की जांच नायब तहसीलदार को सौंपी है।

22 जनवरी 2026 को गांव के ही प्रदीप बाजपेई ने गांव को ऊसर भूमि पर नौ लोगों द्वारा मकान बना कर अवैध कब्जा कर लेने का आरोप लगाया था। एसडीएम के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने न्यायालय तहसीलदार में 17 फरवरी को गांव के मो. रफीक , खुर्शीद, शफीक, हसन अली, जाकिर, कुद्दूस व विजय मौर्य के खिलाफ ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा करने की रिपोर्ट भेज कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। तहसीलदार न्यायालय में 20 फरवरी को सातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गए। इनमें से मो. रफीक की करीब 30 साल पहले मौत हो चुकी है। जाकिर व हसन अली का भी करीब छह साल पहले निधन हो चुका है। इनकी पैतृक भूमि के राजस्व अभिलेखों में इनके मृतक होने की पुष्टि होती है। इनके स्थान पर इनके वारिसों के नाम भी वरासत के आधार पर अंकित हैं। मंगलवार को लेखपाल का कारनामा उस समय उजागर हुआ, जब अटरा निवासी प्रदीप बाजपेई ने शिकायत एसडीएम से की। एसडीएम ने नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी से जांच कर आख्या मांगी है। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार महराजगंज से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने पर व दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

### अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का हुआ विरोध

**अमेठी, अमृत विचार।** मंगलवार को जिले में अतिक्रमण हटाने पहुंची संयुक्त टीम को स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ा। पीडब्ल्यूडी, तहसील प्रशासन और कोतवाली पुलिस की यह टीम कार्रवाई पूरी नहीं कर सकी। इसके चलते अतिक्रमण अभियान को अधूरा ही रोकना पड़ा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी भूमि पर 12 फीट के रास्ते पर कब्जा है। यह मामला पिछले छह महीनों से लंबित है। संबंधित पक्ष का दावा है कि विपक्षी लोगों का उक्त भूमि से कोई वैधानिक लेन-देन नहीं है। इसके बावजूद रास्ते पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। प्रशासन के अनुसार, 17 जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस पर स्थलीय निरीक्षण कराया गया था। इसमें राष्ट्रीय मार्ग संख्या-931 पर अतिक्रमण पाया गया। यह अतिक्रमण प्रतापगढ़-अमेठी-गौरीगंज मार्ग के किमी 35, चैनेज 34 .006, वार्ड संख्या-7, ग्राम रायपुर फुलवारी में सड़क की सीमा के भीतर था। अवैध रूप से कॉलम फाउंडेशन तैयार कर सरिया, गिट्टी, मोरंग और पुरानी ईंट रखकर कब्जा किया गया था। हालांकि, स्थानीय स्तर पर विरोध और तनावपूर्ण माहौल के कारण अतिक्रमण पूरी तरह नहीं हटाया जा सका। प्रशासन का कहना है कि शेष अतिक्रमण को हटाने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए इस अभियान को पूरा किया जाएगा।



टीम का विरोध करते लोग।

### मन्दिर में भंडारा व मेले का हुआ आयोजन

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलाई कला की कमेटी के सहयोग से ग्राम पंचायत में स्थित गोसाई बाबा के मंदिर परिसर में पिछले कई वर्षो से लगातार रामायण पाठ के उपरांत विशाल भंडारा व विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो . अशरफ अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेला कमेटी ने मुख्य अतिथि का फूल माला व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने विकास कार्यों के पथ पर विकास मो . अशरफ के सानिध्य में अग्रसर है। गलियारो से लेकर सड़क व इंटर लाकिग स्कूल सहित पंचायत भवन तक सभी विकास कार्यो को भेहतर तरीके से ग्राम वासियो तक पहुंचाया है। इस अवसर पर पवन मौर्य, देवी मौर्य, गौरव मौर्य, अभिषेक मौर्य, धर्मेंद्र पत्रकार, संतोष त्रिपाठी पत्रकार, सरोज तिवारी, मनीष तिवारी, विजय तिवारी, अशोक तिवारी, शत्रुघ्न कोटेदार, गयादीन मौर्य, जानकी मौर्य कन्हैया मौर्य, संतराम मौर्य, अमरजीत मौर्य, मंसाराम मौर्य, लखन मौर्य , डॉक्टर विनोद पासवान, राकेश मौर्या , राम नारायण मौर्य , रामखेलावन पासी, जितेंद्र पासवान आदि रहे।

आयोजन

## मुख्य अतिथि अखिलेश वर्मा ने छात्र-छात्राओं को फिटनेस, अनुशासन व समर्पण के बारे में दी जानकारी

# इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में फिट इंडिया अभियान का शुभारंभ

संवाददाता, अमेठी



फिट इंडिया यंग इंडिया स्पोर्ट फेस्ट में अतिथियों के साथ प्रतिभागी। अमृत विचार



खेल महोत्सव में जागरूकता रैली निकालते छात्र एवं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्पोर्ट्स फिट इंडिया 2026 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम मंगलवार को कॉलेज के मैदान में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता का थीम "फिट इंडिया, यंग इंडिया" रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरीगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि अखिलेश वर्मा ने छात्र-छात्राओं को फिटनेस , अनुशासन व समर्पण का महत्व समझाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रमेश एस उपप्राचार्य डॉक्टर गोमती एम ने अतिथियों का स्वागत किया इसके बाद खेल मसाला प्रज्वलित की गई जिससे स्पोर्ट फेस्ट का औपचारिक शुभारंभ हुआ मैदान में छात्रों द्वारा अनुशासित परेड प्रस्तुत की गई इस परेड में एकता और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन दिखा मुख्य अतिथियों को सम्मान स्वरूप साल और स्मृति चिन्ह भेट किए गए छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रूप में संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया संस्कृत कार्यक्रम समूह नित्य प्रस्तुत किया गया इस नेत्र ने सभी उपस्थित लोगों का मनमोह लिया

कार्यक्रम का संचालन प्रियंका और मारिया ने किया। कीर्ति ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत भाषण दिया।अंत में वंदना ने धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ ।इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस व संजय गांधी अस्पताल के अधिकारी मौजूद रहे।

# करंट लगाकर पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**अमेठी।** मंगलवा को प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह को चेकिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना कि उमाकान्त शुक्ल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त उमाकान्त शुक्ल (पुत्र अरविन्द शुक्ल), उम्र लगभग 34 वर्ष, ग्राम पूरे शिवगुलाम (घूरे का पुरवा) का निवासी है और पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किए जाने पर मौके से कई महत्वपूर्ण वस्तुएं बरामद हुईं। इनमें बिजली का तार (दो टुकड़ों में), एक प्लास, एक टेप, एक टेस्टर तथा एक एक्सटेंशन बोर्ड शामिल हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



हम वही हैं जो हम अभी सोचते हैं, जो हम अभी करते हैं।
–सम्राट अशोक



# नव निवेश से आशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे में लगभग 6,650 करोड़ रुपये का निवेश और बीस हजार लोगों के लिए संभावित रोजगार का आश्वासन मिला है, इन आंकड़ों में अभी और बढोतरी संभव है। सिंगापुर के नेतृत्व, निवेशकों और टेमसेक होल्डिंग जैसे संस्थानों से संवाद का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक पूंजी के लिए विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और यह उद्देश्य पूरा होता दिखता है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के प्रयास बहुत तेज हुए हैं।

2018 और 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लाखों करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए। प्रवासी भारतीय सम्मेलनों और रोड शो के जरिए आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और शहरी अवसंरचना में निवेश आकर्षित हुआ है। नोएडा–ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर हब, झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, चित्रकूट को मिलाकर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और पूर्वांचल–बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं। आधिकारिक दावों के अनुसार, 2023 समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव आए, पिछले वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन कई हजार करोड़ का वास्तविक निवेश खासकर एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और मैन्युफैक्चरिंग में अवश्य आया है, परंतु सचाई है कि निवेश प्रस्ताव और वास्तविक पूंजी प्रवाह में अंतर रहता है। अनुभव यह बताता है कि सभी प्रस्ताव जमीन पर नहीं उतरते। आम तौर पर 30 से 50 प्रतिशत परियोजनाएं ही निर्धारित समय में साकार होती हैं। पिछले दस वर्षों में एक्सप्रेसवे नेटवर्क, एयरपोर्ट विस्तार, डेटा सेंटर निवेश और डिफेंस कॉरिडोर और इससे औद्योगिक आधार बाहरी निवेश के चलते ही मजबूत हुआ है। अपराध-नियंत्रण और कानून-व्यवस्था में सुधार के दावों ने सूबे में निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। आगे यदि सिंगापुर जैसे निवेशक दीर्घकालिक पूंजी लगाते हैं, तो मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू-एडिशन, निर्यात और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। सिंगापुर की ताकत शहरी नियोजन, वित्तीय सेवाओं, पत्तन-अवसंरचना, स्मार्ट सिटी और ग्रीन एनर्जी में है। यदि आवास, मेट्रो, इंडस्ट्रियल पार्क, फिनटेक और सौर-ऊर्जा परियोजनाओं में बेहतर निवेश आया, तो प्रदेश की उत्पादकता और शहरी जीवन-गुणवत्ता दोनों बढ़ेगी। उदाहरण के लिए वेयरहाउसिंग और कोल्ड-चेन में पूंजी आने से कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को बेहतर मूल्य मिल सकता है, तो फिनटेक और एसएमई फंडिंग से सूक्ष्म उद्यमों को गति मिल सकती है। बाहरी निवेश निस्संदेह उद्योगों में वृद्धि करेगा बशर्ते स्थानीय एमएसएमई को आपूर्ति श्रृंखला में विधिवत जोड़ा जाए। बाहरी पूंजी केवल बड़े शहरों तक सीमित रही तो क्षेत्रीय असमानता बढ़ सकती है, इसलिए नीति का फोकस क्लस्टर-आधारित विकास, स्किल अपग्रेडेशन और स्थानीय उद्यमिता पर होना चाहिए। अवसंरचना, आवास, वित्तीय सेवाओं और ग्रीन एनर्जी के अलावा हेल्थटेक, एजुकेशन टेक, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, खाद्य-प्रसंस्करण और रक्षा विनिर्माण जैसे कुछ क्षेत्र भी इससे लाभान्वित हो सकते हैं। सिंगापुर की विशेषज्ञता से शहरी प्रशासन और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' में सुधार आएगा।

## प्रसंगवश

# हिंदी को तकनीक की भाषा बनाने की जरूरत

हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है।

हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहां संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं।



अंबिका अंबी
लेखिका

भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह 'दिनकर' और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आंका जाता है।

डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है।

देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# कट्टरपंथ के खिलाफ नए गठजोड़ से उम्मीदें





दिग्विजय सिंह
कानपुर

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष इसका खाका नेतन्याहू रख सकते हैं।

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब इजराइल कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। यह इरादा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जाहिर किया है। उन्होंने इसे हैक्सागन गठबंधन नाम दिया है, हालांकि भारत ने अभी इस गठबंधन में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति का इजहार नहीं किया है, लेकिन इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इसका खाका बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा रखे जाने की उम्मीद है। यह गठबंधन मुस्लिम राष्ट्रों का खलीफा बनने की सोच रहे, तुर्किए और पाकिस्तान के लिए भी बड़ा झटका होगा। जिस तरह बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इस गठबंधन का एलान किया गया है, उससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इसकी खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। इसमें जिन देशों को शामिल किया जाना है, उनकी सहमति लेने के बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री ने इसका एलान किया है। यह गठबंधन इस्लामिक कट्टरपंथ के बढ़ते खतरों से निपटेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर लांच किया, तो पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों में सबसे पहला नाम तुर्किए का था। जब भी तुर्किए में प्राकृतिक आपदा आई भारत ही उसकी मदद को सबसे पहले आगे आया। बावजूद इसके इस्लामिक कट्टरता के कारण ही तुर्किए सारा एहसान भूल गया और पाकिस्तान को उसने ड्रोन की बड़ी खेप भेज दी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्किए के विरोधी राष्ट्र साइप्रस और ग्रीस का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सामरिक सहयोग बढ़ाने का आश्वासन भी इन राष्ट्रों के प्रमुखों को दिया।

तुर्किए वैसे तो आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दावे करता है, लेकिन जब आतंकी हमले इजराइल और भारत पर होते हैं, तो उसके सुर बदल जाते हैं। फिर वह आतंक के आका राष्ट्रों के साथ खड़ा नजर आता है। ऐसे में इस गठजोड़ से सबसे बड़ा नुकसान तुर्किए को होगा। हेक्सागन में ग्रीस और साइप्रस का शामिल होना ही तुर्किए के लिए बड़ा झटका है। यह गठजोड़ भूमध्य सागर में तुर्किए की दादागिरी पर लगाम लगाने में अहम भूमिका अदा करेगा। तुर्किए कई वर्षों से इस क्षेत्र के समुद्री इलाके में तेल और गैस के भंडार पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा है। उसकी दादागिरी से ग्रीस और साइप्रस परेशान हैं। ऐसे में इस गठजोड़ में शामिल होकर दोनों ही राष्ट्र उसकी दादागिरी पर लगाम लगाने में कामयाब हो सकते हैं।

लेबनान, ईरान, यमन के आतंकी संगठन हूती से परेशान इजराइल के लिए अब सबसे बड़ा खतरा तुर्किए बनता जा रहा है। सीरिया में तुर्किए और कतर के बढ़े दखल ने इजराइल को परेशान कर दिया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट ने इस गंभीर खतरे की ओर इशारा किया है। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान भी किया है। भारत के साथ ही इजराइल आतंकवाद से पीड़ित है। यमन के आतंकी संगठन हूती, लेबानन के हिजबुल्ला और फिलिस्तीन के हमास से इजराइल लड़ रहा है। अब तुर्किए और कतर के बढ़ते खतरे से उसके हुक्मरानों के माथे पर बल ला दिया है। ऐसे में इजराइल ने नए गठबंधन की नींव रखने का मन बना लिया है।

रूस के बाद इजराइल ही भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर दोनों देशों के बीच कई बड़े रक्षा सौदे होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं इजराइल से जिन हथियारों की खरीद होनी है, उनका उत्पादन भी भारत में ही हो सकता है। साथ ही इजराइल, भारत को इन हथियारों की तकनीक भी देने को तैयार है, जो मजबूत रक्षा, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों को दर्शाता है। इजराइल दौरे पर ही पीएम मोदी के समक्ष इस नए गठबंधन का प्रारूप प्रस्तुत होना है। प्रधानमंत्री मोदी भी चाहते हैं कि पूरी दुनिया आतंकवाद को एक ही चश्मे से देखे, ताकि आतंकवाद और उसके समर्थक राष्ट्रों को सबक सिखाया जा सके।

इजरायली प्रधानमंत्री की सोच भी पीएम मोदी की सोच से मेल खाती है। उन्होंने कहा है कि इस गठबंधन का मकसद कट्टरपंथ को खत्म करना है। इजराइल, भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग पर भी काम करने को तैयार है। इसके साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी इजराइल का साथ मिलने की उम्मीद है। भारत इस गलियारे के जरिए खाड़ी देशों के रास्ते यूरोप से जुड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इससे माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और उसे पहुंचाने में समय भी कम लगेगा।

भारत लंबे अर्से से इस कॉरिडोर को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष और तनाव के कारण इसे धरातल पर उतारने में दिक्कत आ रही है। इसमें ग्रीस और साइप्रस शामिल होंगे, तो भारत से यूरोप तक जाने वाला नया व्यापारिक कारिडोर मिलेगा, जो तुर्किए को बाईपास कर देगा। इससे तुर्किए को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा जो उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चोट होगी। चीन के वन बेल्ट वन रोड को भी यह कॉरिडोर फेल कर देगा।

तमाम विशेषज्ञ इसे नया नाटो मान रहे हैं। ऐसा नाटो जिसके सदस्य देश बिना अमेरिका के ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे। खुद नेतन्याहू कह चुके हैं कि इस गठबंधन से न सिर्फ युद्ध रुकेंगे, बल्कि आने वाला भविष्य सुरक्षित होगा और लोग शांति से रह सकेंगे। भारत भी तो यही चाहता है कि किसी भी समस्या का समाधान दो राष्ट्र आपस में बातचीत के जरिए करें न कि युध के माध्यम से। वैसे तो भारत रक्षा के क्षेत्र में सशक्त है, लेकिन इस गठजोड़ में शामिल होगा तो उसकी सामरिक शक्ति और बढ़ेगी।

## आमने सामने



मेरा पुराना ऑफर आज भी कायम है। 100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन जाओ। जो भी 100 विधायक अपने साथ लेकर आएगा, उसे एक सप्ताह के लिए मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा।


–अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

इस तरह के बयान से स्पष्ट है कि सपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है। ऐसी टिप्पणियां उनकी हताशा को दर्शाती हैं। यदि उन्हें अपने समर्थन पर भरोसा होता तो वे स्वयं सरकार बनाने की बात करते।

–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



# भारत में साइंस एक पब्लिक रेसिपी नहीं है



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर पर पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं।

साइंटिफिक नॉलेज में जबरदस्त इजाफे के बावजूद, साइंटिफिक नॉलेज में पॉपुलर कम्युनिकेशन में काफी बढ़त के बावजूद भारत में साइंस के पब्लिक डिस्कोर्स को लेकर कोई उत्साह नहीं है। असल में साइंस और आमजन के बीच कोई ख़ास रिश्ता नहीं है, बल्कि यह रिश्ता सिर्फ कंज्यूमर टेक्नोलॉजी के उपयोग तक सिमट गया है, जैसे कि कुछ इंजीनियरिंग डिवाइसेस और गैजेट्स के इस्तेमाल तक यह सीमित है और लोग इनके विकास के इतिहास को जानने में मामूली सी भी रुचि नहीं रखते।

असल में विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं। वे हरेक वस्तु की उत्पत्ति की गहराई में जाने के इच्छुक हैं ही नहीं, सिवाए उन चंद व्यक्तियों के जो रिसर्च करते हैं। रिसर्चर्स में से भी कुछ ही लोग ऐसे हैं, जो अपने विषय के संपूर्ण विकास और इतिहास से वाकफियत रखते हैं और नयी खोज अर्थात डिस्कवरी कर पाते हैं। दुनिया में डिस्कवरी करने वालों की जीवनियों के पढ़ने से ही मालूम होता है कि एक डिस्कवरर का एव्ल्युशन कैसे होता है। बाकी को साइंस को सिर्फ रिपीट करने वाले होते हैं।

रोजमर्रा के जीवन से ताल्लुक रखने वाली सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक व्यक्तिगत अनुभव होती है और उस पर सार्वजनिक टिप्पणी किसी काम की नहीं होती, क्योंकि हरेक व्यक्ति के अनुभव विशिष्ट और व्यक्तिगत ही होते हैं। जिस व्यक्ति को ब्रह्माण्ड से सम्बंधित खोजों और इनकी वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के इतिहास की मामूली सी भी जानकारी नहीं, अर्थात एक आमजन जो मामूली पढ़ा लिखा है और हिंदी के अखबार में इन्हें पढ़े तो उसे क्या समझ में आएगा। ज्यादातर ऐसे लोगों की ही सोशल मीडिया पर भरमार है।

भारत में वर्नाक्युलर में साइंस की प्रस्तुति के ऐसे सर्वे कभी नहीं हुए, जो अनेक व्यक्ति-क्लस्टर्स से बातचीत पर आधारित हों। बस, एक मैकेनिकल एक्सरसाइज की तरह से हम साइंस को आसान बनाकर परोसते रहे हैं। मान लीजिए आमजन में से खुद को साइंस समझने के लिए इवोल्व नहीं करने वालों का हम एक ग्रुप बनाएं और दूसरा ग्रुप वह बनाएं जिसने खुद को एक हद तक इवोल्व किया है, तब दोनों के फीडबैक में अंतर हो सकता है। हिंदी में साइंस न्यूज़ और फीचर्स के प्रति भारत में पाठक संख्या नहीं बढ़ रही है, ऐसा मेरा अनुमान है। बस एक रिचुएल के तौर से हम लिखते हैं और इसी तर्ज़ पर कि कोई तो पढ़ता होगा।

भारत ही क्यों साइंस के गढ़ अमेरिका में भी कमोबेश यही स्थिति है। उधर के मीडिया रिसर्चर्स ने अब आमजन में विज्ञान के प्रति लगाव और पढ़ने की उनकी रुचि के बारे में सर्वे करने बंद कर दिए हैं। सिर्फ मार्केटिंग सर्वे होते हैं, जोकि एक प्रोडक्ट की बिक्री के ट्रेंड को देखने के लिए होते हैं। साइंस न्यूज़ और फीचर भी के प्रोडक्ट हैं, लेकिन इन्हें ऐसा प्रोडक्ट नहीं माना जाता, जिसका लोग रोज़मर्रा के जीवन में इस्तेमाल कर लें। जानकारी ही प्रोडक्ट है, ऐसा 98 प्रतिशत लोग नहीं मानते और विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी समझ को बढ़ाने में रुचि लेना समय का सदुपयोग भी नहीं मानते। इनका कहना कि ऐसा करके भी 'क्या मिलेगा'? यह बड़ी विचलित करने वाली सोच है।

दुनिया में साइंस कम्युनिकेशन और विज्ञान के दर्शन अर्थात पब्लिक फेस ऑफ़ साइंस पर अनेक मनीषियों ने किताबें और लेख लिखे हैं, लेकिन लगता है वे सिर्फ 'अपना काम' कर रहे हैं और इस काम से आमजन का भी कोई वास्ता नहीं। भारत के अनेक साइंटिस्ट्स ने आमजन और पब्लिक-इंटरफेस पर बहुत कुछ लिखा है और इंडियन साइंस कांग्रेस में कभी-कभी इस पर चर्चा भी हुई है। इंडियन साइंस कांग्रेस की प्रोसीडिंग्स में से अगर सिर्फ प्रेसिडेंशियल भाषणों को ही पढ़ा जाए, तब भी बहुत कुछ इस बारे में समझा जा सकता है। रॉयल सोसाइटी ऑफ़ ब्रिटेन एवं ब्रिटिश एसोसिएशन की वेबसाइट ऐसे लेखों से भरी हुई है, जिन्हें पढ़ कर साइंस के प्रति पब्लिक एटीट्यूड टुवर्ड साइंस को जाना जा सकता है।

साइंस के नॉलेज सिस्टम से वाकफियत करने के लिए हेनरी एवेलिन ब्लिस की सन् 1929 में प्रकाशित पुस्तक 'द आर्गेनाइजेशन ऑफ़ नॉलेज एंड द सिस्टम ऑफ़ द साइंसेज' से शुरुआत करनी चाहिए। तत्पश्चात जेबीएस हाल्डेन को पढ़ना चाहिए। बीच-बीच में भारतीय दर्शन ग्रंथों और इन पर लिखी गई टीकाओं को पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। चूंकि ये सब मूल रूप से संस्कृत भाषा में हैं, इसलिए इनके या तो हिंदी वर्जन, व्याख्या समेत पढ़नी चाहिए या अंग्रेजी भाषा में इनके बारे में लिखी गई वे किताबें पढ़नी चाहिए, जिन्हें अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने भारत के हिंदू और मुसलमान पंडितों के योगदान से समझ कर अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# गुलजार करोल बाग में

करोल बाग 1950 के दशक का। एक दुबला-पतला और चश्मा पहनने वाला सिख नौजवान शाम के समय अजमल खान रोड के साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के नामवर लेखकों के साथ आकर बैठता। उनकी सुनता और कभी-कभार किसी मसले पर सार्थक हस्तक्षेप भी करता। उसे साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के लेखक हरनाम सिंह से मिलना होता था। हरनाम सिंह का करोल बाग में पेरिस साड़ीज नाम से एक शो रूम था। वह युवक कभी-कभी हरनाम सिंह के घर भी पहुंच जाता। वह 1950 का दशक समाप्त होने से पहले ही मुंबई चला गया। उसका नाम था संपूर्ण सिंह कालरा। मुंबई जाकर वह सिर्फ गुलजार हो गया। वहां गुलजार ने शायर, गीतकार और फिल्मकार के रूप में श्रेष्ठ और भरपूर काम किया।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गुलजार करोल बाग में एक कार गैरेज में नौकरी करते थे। वहां दिन-भर काम करना पड़ता। उन्हें लिखना-पढ़ना पसंद था। पर पेट की आग को बुझाने के लिए कुछ काम करते रहना भी जरूरी थी। परिवार की माली हालत इस तरह की थी कि कुछ कमाए बिना जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती थी। पंजाबी के वरिष्ठ कवि और खालसा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरमीत सिंह अब राजधानी में उन गिने-चुने लोगों में हैं, जिन्हें याद है जब गुलजार करोल बाग के नाईवाला में रहते थे। एक्टर और अभिनेता सतीश कौशिक भी नाईवाला से थे।

खैर, उस दौर में करोल बाग, हरध्यान सिंह करोड और आर्य समाज रोड में बंटवारे के बाद आए शरणार्थियों के सैकड़ों परिवार रहा करते थे। उनमें से कुछ कवि, चित्रकार, चिंतक भी थे। वे सब साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के सिद्ध कवि और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. हरभजन सिंह की टेबल के आसपास बैठकर तमाम विषयों पर चर्चा करते थे। सब विषय उनके थे। वहां महेंद्र कौर गिल, करतार सिंह दुग्गल, हरनाम सिंह वगैरह भी होते।

साउथ इंडियन रेस्तरां के मालिक सीएस अय्यर की तरफ से लेखकों को छूट रहती कि वे जितनी देर तक चाहें बैठ के गप-शप कर लें। पंजाबी लेखकों की टेबल से कुछ दूर हिंदी के लेखकों की भी अखंड चर्चा चल रही होती। इसमें डॉ. नरेंद्र मोहन, भीष्म साहनी, प्रताप सहगल वगैरह होते। इसमें कभी-कभी निर्मल वर्मा भी शामिल हो जाते। ये सब करोल बाग, पटेल नगर और न्यू राजेंद्र नगर में रहा करते थे। हरनाम सिंह के प्रभाव के चलते गुलजार कविताएं कहने लगे थे। उनके पास शब्दों का भंडार था। उन्हें पंजाबी के साथ-साथ हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान था। –फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# दोहरे पोषण संकट से गुजर रही है देश की आबादी

भारत का पोषण परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक सार्वजनिक नीति का केंद्र भूख, कुपोषण और खाद्य उपलब्धता रहा, परंतु आज देश दोहरे पोषण संकट का सामना कर रहा है। एक ओर बच्चों और महिलाओं में अल्पपोषण, रक्ताल्पता और अवरुद्ध वृद्धि जैसी समस्याएं बनी हुई हैं, तो दूसरी ओर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी असंचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास से भी जुड़ी हुई हैं।

इस परिवर्तन के पीछे खाद्य उपभोग की आदतों में आया बदलाव एक महत्वपूर्ण कारण है। पारंपरिक घरेलू भोजन की जगह अब डिब्बाबंद, पैकेटबंद और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है। इन उत्पादों में प्रायः शर्करा, नमक और संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होती है। आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हैं कि ये उत्पाद सुरक्षित या स्वास्थ्यवर्धक हैं। परिणामस्वरूप उपभोक्ता वास्तविक पोषण मूल्य को समझे बिना निर्णय ले लेते हैं।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

ऐसे परिवेश में पैकेज के अग्रभाग पर स्पष्ट और सरल लेबलिंग की आवश्यकता उभरकर सामने आती है। पारंपरिक पोषण तालिकाएं प्रायः पैकेट के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती हैं, जिन्हें समझना सामान्य उपभोक्ता के लिए कठिन होता है। इसके विपरीत, पैकेज के सामने बड़े और स्पष्ट संकेत, जैसे- 'उच्च शर्करा', 'उच्च नमक' या 'उच्च वसा' उपभोक्ता को तुरंत सचेत कर सकते हैं। यह व्यवस्था सूचना को जटिलता से निकालकर व्यवहारिक स्तर पर उपलब्ध कराती है।

सूचित विकल्प का अधिकार उपभोक्ता संरक्षण का मूल आधार है, किंतु भोजन के संदर्भ में यह अधिकार केवल बाज़ार संबंधी नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसकी न्यायिक व्याख्या में स्वास्थ्य का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि नागरिक को यह जानकारी ही उपलब्ध न हो कि कोई खाद्य पदार्थ उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है या नहीं, तो जीवन के अधिकार की सार्थकता अधूरी रह जाती है। अतः स्पष्ट लेबलिंग स्वास्थ्य के संवैधानिक अधिकार को व्यावहारिक रूप देने का साधन बन सकती है।

बाज़ार व्यवस्था में उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सूचना का असंतुलन एक सामान्य स्थिति है। उत्पादक को अपने उत्पाद की संरचना, अवयवों और संभावित प्रभावों की पूरी जानकारी होती है, जबकि उपभोक्ता सीमित जानकारी के आधार पर निर्णय लेता है। पैकेज के अग्रभाग पर लेबलिंग इस असंतुलन को कम करने का प्रयास करती है। जब जानकारी सरल, प्रत्यक्ष और चेतावनी के रूप में दी जाती है, तो उपभोक्ता अधिक सजग होकर चयन करता है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करते हैं। उदाहरण के लिए, चिली में लागू स्पष्ट चेतावनी लेबलों के बाद उच्च शर्करा और उच्च वसा वाले उत्पादों की खपत में कमी देखी गई। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि जानकारी सुलभ और स्पष्ट हो, तो उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। निवारक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह व्यवस्था अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। असंचारी बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय परिवारों और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ता है। यदि आहार संबंधी जोखिम कारकों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए, तो दीर्घकाल में रोग-भार कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# रंगोली



भजन क्लबिंग या भजन जामिंग मेट्रो सिटी और सोसाइटी कल्चर से शुरू हुआ एक ऐसा नया सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ट्रेंड है, जो अब छोटे शहरों का रुख कर रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे शहरों से निकली 'स्पिरिचुअल पार्टी' की इस विधा में पारंपरिक भजनों को इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हाईटेक लाइट्स और क्लब के माहौल के साथ मिलाकर किसी नई दुनिया जैसा संसार सजाया जाता है। यह फ्यूजन जेन-जी युवाओं के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे आयोजनों में किसी नाइट क्लब या रॉक कॉन्सर्ट जैसे माहौल में भजनों, भक्ति गीतों और मंत्रों पर नशा-मुक्त वातावरण में लोग अपनी ही मस्ती में झूमते और नाचते हैं। इस तरह भजन क्लबिंग का आयोजन भक्ति संगीत, ध्यान और सामूहिक ऊर्जा का एक ऐसा अनोखा मेल जाता है, जिसमें लोगों को सकारात्मकता के साथ शांतिपूर्ण आत्मिक अनुभव मिलता है।

*–मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

# भजन क्लबिंग

## परंपरा और संस्कृति का नया मिश्रण

### आधुनिक तकनीक के साथ संगीत व प्रस्तुति का नया अंदाज

आध्यामिकता और आधुनिकता का संगम किस तरह मौजूदा माहौल में खासकर युवाओं के बीच अपनी जगह बना सकता है, इसे भजन क्लबिंग या जामिंग ने साबित कर दिखाया है। बड़े शहरों के रूफटॉप कैफे, लाउंज, हॉल, रिजॉर्ट या आर्ट स्टूडियो जैसे स्थानों पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को किसी एक दिन, स्थान या व्यक्ति द्वारा शुरू नहीं किया गया, बल्कि यह भक्ति संगीत संध्या जैसे कार्यक्रमों के लगातार बदलते स्वरूप को नया विजन मिलने जैसा है। आप इसे पारंपरिक कीर्तन का आधुनिक स्वरूप मान सकते हैं, जिसने पहले कीर्तन और देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों में आधुनिक तकनीक, थीम आधारित सजावट और लोक संस्कृति के साथ रचनात्मकता का नया रंग भरा, फिर युवाओं की कल्पना पाकर संगीत और प्रस्तुति का नया अंदाज भर दिया। यही वजह है कि आज जेन-जी भजन क्लबिंग को न सिर्फ धर्म और आध्यात्मिकता से सराबोर समाज और संस्कृति को जोड़ने वाले आयोजन मानता है, बल्कि यह भी कहता है कि ऐसे आयोजन पीढ़ियों का अंतर मिटाने के साथ माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों को भी मजबूत बना रहे हैं। इस प्रकार यह भक्ति को एक नए और ऊर्जावान अंदाज में अनुभव करने वाले युवाओं के लिए नया सांस्कृतिक ट्रेंड है, जो पार्टी के वातावरण को भक्ति और अध्यात्म से जोड़ देता है।

### रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ जेन-जी की कल्पना का इस्तेमाल

वास्तव में भजन क्लबिंग न तो पारंपरिक भजन संध्या है और न इसे नाइट क्लब जैसा समझा जा सकता है, लेकिन यह इन दोनों के बीच का ऐसा संगम जरूर है, जिसने युवाओं के लिए मौज-मस्ती के साथ सकारात्मक ऊर्जा का मार्ग खोल दिया है। यह ट्रेंड भारतीय युवाओं की धीरे-धीरे बदल रही प्राथमिकताओं का नतीजा है। एक ऐसी पीढ़ी जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व तो करना चाहती है, लेकिन पुरानी मान्यताओं और वर्जनाओं में बंधकर नहीं। ऐसे में भजन क्लबिंग में भजनों को रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ प्रस्तुत किए जाने और लाइव बैंड, डीजे तथा डिस्को लाइट्स के इस्तेमाल से एक ऐसा वातावरण सृजित हो जाता है, जो उन्हें परंपरा और आधुनिकता से जोड़ देता है।

### लेजर लाइट्स और बड़े डांस फ्लोर पर झूमना

भजन क्लबिंग में प्राचीन श्लोकों और भजनों को हाई-एनर्जी बीट्स, इलेक्ट्रिक गिटार, ड्रम और आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ बजाया जाता है। माहौल में लेजर लाइट्स, स्मोक मशीन और बड़े डांस फ्लोर होते हैं। यहां युवा नाचते हैं और झूमते हैं। जमीन पर बैठकर या खड़े होकर आनंद में डूबकर तालियां बजाते हैं और सामूहिक कीर्तन करते हैं। उनकी जुबान पर हरे कृष्णा या शिव स्तुति जैसे बोल होते हैं। पारंपरिक क्लबों के विपरीत, यहां शराब या किसी अन्य प्रकार के नशे का सेवन नहीं होता है। लोग गर्व से चाय-कॉफी या छाछ पीते हैं और संगीत की ऊर्जा से खुद को 'हाई' महसूस करते हैं।

### पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप मन को कर देता शांत

जेन–जी को पारंपरिक धार्मिक आयोजन अक्सर काफी सख्त और कभी–कभी बोरिंग कार्यक्रम जैसे लगते हैं, ऐसे में भजन क्लबिंग के जरिए जब धर्म और भक्ति को लाइटिंग, डीजे मिक्स और वाइब्रेंट माहौल के साथ मिलाया जाता है, तो उन्हें बिल्कुल नया अनुभव होता है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने वाले अधिकतर युवाओं का कहना है कि पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप उनके मन को शांत करता है, जिससे शारीरिक थकान दूर होने के साथ मानसिक स्ट्रेस कम होता है।

### मोदी ने संस्कारों से जुड़ा नया आध्यात्मिक आंदोलन बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' (25 जनवरी 2026) कार्यक्रम में इस ट्रेंड को आध्यात्मिकता और आधुनिकता का सुंदर मेल बताते हुए कहा था कि ऐसे आयोजनों में युवा अपनी संस्कृति और परंपरा से नए तरीके से जुड़ रहे हैं। यह ट्रेंड एक आध्यात्मिक आंदोलन जैसा है, जो आज के युवा की भक्ति की भावना को जीवनशैली से जोड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी भी जताई थी कि इन आयोजनों में भजनों की पवित्रता और गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाता। यहां स्टेज भले ही किसी इंटरनेशनल कॉन्सर्ट जैसा हो, लेकिन जो एनर्जी और श्रद्धा होती है, वह पूरी तरह से भारतीय संस्कारों से जुड़ी होती है।

**अनोखी परंपरा**

## धनगांव: जहां समय से पहले दस्तक देते हैं त्योहार



भारत अपनी विविध संस्कृतियों और अनूठी परंपराओं के लिए विश्व भर में विख्यात है। यहां के कण-कण में लोक कथाएं और श्रद्धा का वास है। इसी सांस्कृतिक विविधता के बीच मध्य प्रदेश के मंडला जिले में स्थित धनगांव अपनी एक ऐसी विशिष्ट पहचान रखता है, जो आधुनिक तर्क को चुनौती देती है। इस गांव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दीपावली, होली, दशहरा और रक्षाबंधन जैसे राष्ट्रीय त्योहार पूरे देश से एक दिन पहले मनाए जाते हैं। जब शेष भारत उत्सव की तैयारियों में व्यस्त होता है, तब धनगांव के आंगन खुशियों और रंगों से सराबोर हो चुके होते हैं।

इस अनोखी परंपरा की जड़ें लगभग सवा सौ वर्ष पुरानी हैं। यह बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां परंपराएं केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार हैं। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, एक सदी पहले जब ग्रामीण कैलेंडर की तय तिथियों पर त्योहार मनाते थे, तो गांव को भीषण कष्ट झेलने पड़ते थे। कभी कोई भयंकर प्राकृतिक आपदा दस्तक देती, तो कभी त्योहार की पूजा करने वाला मुख्य सदस्य अचानक गंभीर रूप से बीमार होकर काल का ग्रास बन जाता। इन रहस्यमयी और दुखद घटनाओं ने ग्रामीणों के मन में गहरा भय पैदा कर दिया था।


लोककथाओं के अनुसार, संकट के उस दौर में ग्राम देवता खेरमाई माता ने एक ग्रामीण को स्वप्न में दर्शन दिए। माता ने निर्देश दिया कि यदि ग्रामीण 'कुकरापाट' नामक स्थान पर स्थित विशाल शिला को देवता मानकर उनकी पूजा शुरू करें और निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व उत्सव मनाएं, तो गांव पर मंडराते संकट टल जाएंगे। ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ इस आदेश का पालन किया और परिणाम स्वरूप अनहोनी का सिलसिला थम गया। आपदाएं शांत हो गईं और लोग स्वस्थ रहने लगे। आज के डिजिटल युग में भी धनगांव के लोग अपने पूर्वजों की इस व्यवस्था को तोड़ने का साहस नहीं करते। बुजुर्गों का मानना है कि जब भी कभी इस नियम में बदलाव की कोशिश की गई, गांव को किसी न किसी बड़ी विपत्ति या मृत्यु का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि 'हरेली' और 'पोला' जैसे कृषि आधारित पर्व हों या दीपावली जैसे बड़े त्योहार, यहां की रस्में एक दिन पहले ही संपन्न हो जाती हैं।

**आर्ट गैलरी**

## पॉल सेजेन की 'ले कैबनन डे जॉर्डन'



ले कैबनन डे जॉर्डन एक लैंडस्केप पेंटिंग है, जिसे फ्रेंच आर्टिस्ट पॉल सेज़ेन ने 1906 में बनाया था। इसे उसी साल उनकी मौत से पहले उनका आखिरी पूरा किया हुआ काम माना जाता है। पेंटिंग में पेड़ों के बीच एक छोटी सी झोपड़ी है, जिसके पीछे दूर एक पहाड़ी बैकग्राउंड है। सेज़ेन के स्टाइल की खासियत है, बार-बार ब्रशस्ट्रोक और रंगों के प्लेन, जो इस पेंटिंग में साफ दिखते हैं। मोटे, बोल्ड ब्रश स्ट्रोक के इस्तेमाल से टेक्सचर और गहराई आती है, जिससे पेंटिंग में मूवमेंट और जान का एहसास होता है। यह स्टाइल सेज़ेन के उस मकसद को दिखाता है कि वह एक ऐसी इमेज बनाना चाहते थे, जिसमें रंगों के अलग-अलग पैच एक साथ मिलकर एक पूरे रूप में हों। ले कैबनन डे जॉर्डन अपने चमकीले रंगों और खूबसूरत कंपोजिशन के जरिए प्रकृति की सुंदरता को दिखाता है। रंगों की रिचनेस और लेयर्ड टेक्सचर प्रकृति को एक्सप्लोर करते हुए बिताए गर्मियों के दिनों की याद दिलाता है। फैन इस आर्टवर्क को नेचुरल सुंदरता और मॉडर्न आर्ट के मेल के लिए पसंद करते हैं।



### पॉल के बारे में

पॉल सेजेन एक फ्रेंच पेंटर थे, जिनका जन्म 19 जनवरी, 1839 को हुआ था और 22 अक्टूबर, 1906 को उनकी मौत हो गई। वह अपनी पोस्ट-इंप्रेशनिस्ट स्टाइल की पेंटिंग के लिए जाने जाते हैं, जिसने मॉडर्न आर्ट की नींव रखी। सेजेन ऐक्स-एन-प्रोवेंस में पले-बढ़े, जहां उन्होंने अपने पिता की इच्छा के खिलाफ आर्ट में करियर बनाने का फैसला करने से पहले लॉ की पढ़ाई की। वह 1860 के दशक के आखिर में पेरिस चले गए, जहां उनकी मुलाकात क्लॉड मोनेट और केमिली पिसारो जैसे दूसरे प्रभावशाली कलाकारों से हुई, जिन्होंने उनके आर्टिस्टिक स्टाइल को आकार देने में मदद की।

**लोकायन**

## ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर चरकुला नृत्य

भारत की सांस्कृतिक विविधता का जब भी उल्लेख होता है, उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यहां की लोक कलाओं में 'चरकुला' नृत्य एक ऐसा अनूठा रत्न है, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि श्रद्धा, संतुलन और साहस का अद्भुत संगम भी है। अपनी विशिष्ट शैली और लोकप्रियता के कारण, अक्सर इसकी तुलना भारत के प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य कथक से की जाती है। यह नृत्य विशेष रूप से ब्रज के ग्रामीण ब्राह्मण समुदायों में प्रचलित है और होली के तीसरे दिन बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।

चरकुला नृत्य की जड़ें द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से गहराई से जुड़ी हैं। इसके पीछे दो प्रमुख पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। पहली कथा के अनुसार, जब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी, तब ग्वालों और ग्रामीणों ने अपनी विजय और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए यह नृत्य किया था। दूसरी कथा इस प्रकार है: जब राधा का जन्म हुआ, तो उनकी माता सिर पर चरकुला या तेल के दीपक लेकर पूरे गांव को खुशखबरी देने के लिए बाहर दौड़ीं। ये तथ्य इसे एक प्राचीन नृत्य शैली बनाते हैं। यही कारण है कि यह नृत्य आज भी एक मंगलकारी उत्सव के रूप में जीवित है।



चरकुला नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण विशेषता इसका शारीरिक संतुलन है। महिला नर्तकियां अपने सिर पर लकड़ी का एक बहुस्तरीय पिरामिडनुमा ढांचा रखती हैं, जिसमें 6 से 8 स्तर होते हैं। इन स्तरों पर जलते हुए तेल के दीपकों की संख्या 51 से लेकर 108 तक हो सकती है। इन प्रज्वलित दीपकों के समूह को ही 'चरकुला' कहा जाता है, जिससे इस नृत्य का नाम पड़ा। सिर पर अत्यधिक भार और जलते दीपकों के कारण नर्तकी की गति अत्यंत सीमित हो जाती है। वह न तो अपनी गर्दन हिला सकती है और न ही शरीर को झटके से मोड़ सकती है। इन कठिन सीमाओं के बावजूद, एक कुशल नर्तकी संगीत की लय पर बड़े ही सुघड़ ढंग से घूमते हुए और पदचाप करते हुए आगे बढ़ती है। एक समूह में 5 से लेकर 50 नर्तकियां हो सकती हैं और यह प्रदर्शन 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक चल सकता है। नर्तकियां टखनों तक लंबी रंगीन स्कर्ट और पारंपरिक कढ़ाईदार ब्लाउज पहनती हैं, जो प्रदर्शन को अत्यधिक आकर्षक बनाते हैं। नृत्य के दौरान बजने वाला संगीत ब्रज की प्रसिद्ध रसिया धुन पर आधारित होता है। रसिया को भगवान कृष्ण का गीत और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ढोल की थाप और पुरुष गायकों के स्वर इस लोक नृत्य में प्राण फूंक देते हैं।

## कला बाजार और लोककला: संरक्षण, परिवर्तन और संकट



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

कला बाजार के बढ़ते प्रभाव के बीच जब हम आज की लोककला परंपराओं पर नजर डालते हैं, तो एक साथ हर्ष और विषाद दोनों भाव सामने आते हैं। हर्ष इसलिए कि देश के विभिन्न हिस्सों में आज बड़ी संख्या में लोक कलाकार अपनी कला के माध्यम से सम्मानजनक जीवनयापन कर पा रहे हैं। विषाद इसलिए कि इसी प्रक्रिया में लोककला की कई मूलभूत विशेषताएं धीरे-धीरे क्षीण होती दिखाई दे रही हैं।

पिछले दो दशकों में लोककला को लेकर संस्थागत और सरकारी स्तर पर एक स्पष्ट सक्रियता देखी गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कारों से लेकर राष्ट्रीय पुरस्कारों और पद्म सम्मानों तक, लोक कलाकारों की उपस्थिति लगातार बढ़ी है। यदि प्रत्येक वर्ष जारी होने वाली पद्म पुरस्कार सूची पर दृष्टि डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि समकालीन शहरी कलाकारों की तुलना में लोक और पारंपरिक कलाकारों की संख्या कहीं अधिक है। यह तथ्य इस बात का संकेत है कि लोककला को अब हाशिए की अभिव्यक्ति नहीं माना जा रहा।

इसके साथ-साथ कला मेलों, क्राफ्ट मेलों और हाटों में लोक कलाकारों की भागीदारी भी बढ़ी है। दिल्ली हाट, सूरजकुंड मेला, शिल्पग्राम, दस्तकार जैसे मंचों ने लोक कलाकारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का अवसर दिया है। इसके अलावा, शहरी मध्यमवर्ग और अभिजात्य समाज में 'एथनिक' और 'हैंडमेड' को लेकर बढ़ती चेतना ने लोककला की मांग को भी बढ़ाया है। घरों, दफ्तरों और होटलों में लोक शैली की कलाकृतियों का प्रयोग अब सांस्कृतिक सजावट का प्रतीक बन चुका है, लेकिन इस सकारात्मक परिदृश्य के समानांतर कुछ गंभीर प्रश्न भी उभरते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार के दबाव में लोककला अपनी मूल पहचान खोती जा रही है? लोककला की सबसे बड़ी विशेषता उसकी स्थानीयता थी। स्थानीय कथाएं, स्थानीय संसाधन, स्थानीय रंग और सामुदायिक निर्माण प्रक्रिया। आज इनमें से कई तत्व बदल रहे हैं। कई लोक कलाओं में अब प्राकृतिक रंगों और स्थानीय सामग्रियों के स्थान पर बाजार में उपलब्ध एक्रेलिक रंग, कैनवास और मानकीकृत सतहों का प्रयोग बढ़ गया है। इससे उत्पादन तो तेज़ हुआ है, लेकिन कला और उसके पर्यावरण के बीच का पारंपरिक संबंध कमजोर पड़ा है। इसी तरह, लोककला की सामूहिक प्रकृति, जहां पूरा समुदाय किसी कला परंपरा का वाहक होता था, अब लगभग समाप्त हो चुकी है। आज लोक कलाकार भी एकल निर्माता के रूप में पहचाने जा रहे हैं। यह परिवर्तन पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं है। एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू यह है कि लोक कलाकार अब 'अनाम' नहीं रहे। वे भी समकालीन कलाकारों की तरह अपनी व्यक्तिगत पहचान, हस्ताक्षर और शैली के साथ सामने आ रहे हैं। यह बदलाव उन्हें आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। कला बाज़ार ने उन्हें दृश्यता दी है, जो पहले संभव नहीं थी। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या बाजार की उपस्थिति नहीं, बल्कि उसके एकाधिकार में है। जब लोककला केवल बिक्री-योग्य वस्तु बन जाती है, तब उसकी सांस्कृतिक जटिलता और सामाजिक संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। लोककला तब जीवन का हिस्सा न रहकर 'डेकोरेटिव प्रोडक्ट' में तब्दील हो जाती है।









आज आवश्यकता इस बात की है कि लोककला के संरक्षण और उसके स्वाभाविक विकास के बीच संतुलन बनाया जाए। क्योंकि बाज़ार लोककला का सहायक तो बन सकता है, लेकिन नियंत्रक नहीं। लोक कलाकारों को केवल उत्पादक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक ज्ञान के वाहक के रूप में देखा जाना चाहिए। तभी लोककला परंपराएं न तो संग्रहालयों में कैद होंगी और न ही बाजार में अपनी आत्मा खोएंगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,225.92 | 25,424.65 |
| गिरावट | 1,068.74 | 288.35 |
| प्रतिशत में | 1.28 | 1.12 |

सोना 1,63,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 25 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश सौर पार्क में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी क्लीनमैक्स

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने 200 मेगावाट के सौर बिजली पार्क को मंजूरी दे दी है। इसे क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की समूह कंपनी यशस्वा पावर एलएलपी 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना के तहत श्री सत्य साई जिले के परिगी मंडल के बीगनिपल्ले और आसपास के गांवों में 200 मेगावाट एसी/300 मेगावाट पीक डीसी सौर पार्क स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र से प्रतिवर्ष लगभग 44 .5 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं करीब 690 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### एलएटी एयरोस्पेस ने शारंग शक्ति का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### गुजरात के टोरेंट ग्रुप ने डायग्नोस्टिक कारोबार में कदम रखा

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित टोरेंट ग्रुप ने स्वास्थ्य जांच से जुड़े डायग्नोस्टिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया है। समूह ने कहा कि नवी मुंबई में एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली प्रयोगशाला स्वास्थ्य जांच की 15 विभिन्न शाखाओं और 3,500 से अधिक परीक्षण सेवाओं का समर्थन करती है। इनमें निवारक, नियमित और विशेष जांच शामिल हैं। टोरेंट ग्रुप संदर्भ-केंद्रित मॉडल के जरिये डायग्नोस्टिक कारोबार का विस्तार करेगा।

# एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

## अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी टूटा हौसला

**मुंबई, एजेंसी**

एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में फिर भारी बिकवाली हुई जिसके बाद घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने भी निवेशकों के हौसलों को पस्त किया।

दिन के दौरान दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।




- एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने अपने नए टूल क्लाउड कोड के बारे में बताया कि यह पुराने कोबोल प्रोग्रामिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने का काम तेजी से और कम लागत में कर सकता है। इससे भारतीय कंपनियों के पारंपरिक आउटसोर्सिंग और मेंटेनेंस बिजनेस पर बुरा असर पड़ने की आशंका पैदा हुई।
- अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएम के शेयरों में सोमवार को 13% की भारी गिरावट आई, जो पिछले 25 वर्षों में उसकी सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। चूंकि भारतीय आईटी कंपनियां अपनी कमाई के लिए अमेरिकी क्लाइंट्स पर निर्भर हैं, इसलिए वहां की गिरावट का असर यहां भी दिखा।
- ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफ्रीज और सीएलएसए ने टीसीएस, इंफोसिस और एचसीएल टेक जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए अपने टारगेट प्राइस घटा दिए हैं। उनका मानना है कि एआई के कारण मार्जिन और रेवेन्यू पर दबाव बढ़ सकता है।

### टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की हुई गिरावट

आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6 .6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में तेज गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### अमेरिकी टैरिफ पर बढ़ी चिंता

विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार समझौतों पर चेतावनियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संभावित शुल्क की खबरों ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला। नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं।

# अक्टूबर-दिसंबर में अर्थव्यवस्था 8% की दर से बढ़ने का अनुमान

- भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की ओर से जारी की गई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### कॉरपोरेट यात्रा से मेकमाईट्रिप की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर के पार

make my trip Case Study

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप की कॉरपोरेट यात्रा खंड की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर को पार कर गई। इस सेवा का लाभ 40 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिला है।

कंपनी ने कहा कि उसके कॉरपोरेट मंच क्वेस्ट2ट्रैवल, मायबिज और हैपे पर कुल बुकिंग एक अरब डॉलर से अधिक हो गई है। मेकमाईट्रिप के पास 500 बड़ी कंपनियों के ग्राहक हैं। इनमें बीएसई 500 की शीर्ष 150 कंपनियां और पूरे देश के 75,000 छोटे और मझोले व्यवसाय शामिल हैं। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ राजेश मागो ने कहा, हमारा कॉरपोरेट यात्रा कारोबार सामान्य उपभोक्ता व्यवसाय की तुलना में नया है, लेकिन केवल पांच वर्षों में यह बहुत तेजी से बढ़ा है।

# भारत और इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ

भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है।

पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-इज़राइल एफटीए के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है।

कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं।

# एशिया-प्रशांत की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका के 15% शुल्क से फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 प्रतिशत के एकसमान शुल्क का एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुछ उन अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है, जिन्हें पहले अधिक ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा है। इनमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान (चीन) जैसे देशों पर इसका प्रभाव हालांकि सीमित होगा जहां शुल्क पहले से ही 15 प्रतिशत है। बयान में कहा गया है, काफी अनिश्चितता है, लेकिन हम

MOODY'S ANALYTICS

- मूडीज ने कहा- इसमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल

कुछ बातें जानते हैं। 15 प्रतिशत का समान शुल्क उन एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाएगा, जिन्हें कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के देश-विशिष्ट शुल्क के खिलाफ फैसला दिया था, जिसके बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

बयान में कहा गया है, अदालत का फैसला भारत और इंडोनेशिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों पर भी सवाल उठाता है। प्रमुख विवरण, जैसे कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की समयसीमा और इंडोनेशिया से शुल्क-मुक्त वस्त्र निर्यात की मात्रा, अभी तय नहीं हुए हैं। भारत ने अपने प्रतिनिधिमंडल को वॉशिंगटन भेजने की योजना भी टाल दी है।

### फिर पहले के स्तर के करीब जा सकता है अमेरिकी शुल्क अभी जश्न मनाने से बचें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, हमारा मानना है कि ट्रंप शुल्क बढ़ाने के लिए अन्य कानूनी रास्ते खोजेंगे और हमें आश्चर्य नहीं होगा यदि अमेरिकी शुल्क शुक्रवार से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएं। कुछ सरकारें अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों की प्रक्रिया धीमी कर सकती हैं, लेकिन अधिक दंडात्मक शुल्क का डर से उन्हें पूरी तरह पीछे नहीं हटने देगा। कहा गया कि शुल्क के अंतत: 20 फरवरी से पहले लागू दर से नीचे स्थिर होने की सर्वोत्तम स्थिति में भी व्यापार में पर्याप्त अनिश्चितता और लॉजिस्टिक अव्यवस्था बनी रहेगी। कंपनियां पहले से चुकाए गए शुल्क के लिए मुआवजा मांग सकती हैं। यह प्रक्रिया अत्यधिक विवादास्पद और समय लेने वाली साबित हो सकती है। बयान में कहा गया, यदि अमेरिकी आयातक इस फैसले को अस्थायी राहत मानते हैं तो वे शुल्क फिर से बढ़ने से पहले माल भेजने की जल्दबाजी कर सकते हैं। संक्षेप में, व्यवसायों एवं नीति-निर्माताओं के लिए बेहतर होगा कि वे अभी जश्न मनाने से बचें।



# पश्चिम बंगाल में झारखंड-ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे

## एसआईआर : कलकत्ता हाईकोर्ट के अनुरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए दीवानी न्यायाधीशों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्य झारखंड तथा ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र पर यह फैसला लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में लगभग 80 दिन लगेंगे।

पीठ ने गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया संचालित करने के लिए दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती की अनुमति दी। साथ ही, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से



झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। उसने अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को पूरक मतदाता सूचियों में नामित किया, जो आयोग द्वारा 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा होंगी।

वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक है। शीर्ष कोर्ट ने 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गतिरोध से निराश होकर राज्य में विवादों से घिरे एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का असाधारण निर्देश जारी किया था।

### केरल हाईकोर्ट के राज्य सरकार के कार्यक्रम को रद्द करने के के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की सरकार को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें नव केरल नागरिक प्रतिक्रिया कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने वाले आदेश को रद्द कर दिया गया था। इस योजना को जारी रखने का मार्ग प्रशस्त करते हुए सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर गौर करते हुए हाईकोर्ट में पेश हुए याचिकाकर्ताओं सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। राज्य सरकार की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया अगर राज्य सरकार जमीनी स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने में सरकारी कर्मचारियों की मदद लेती है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। प्रतिवादियों के वकील ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव से पहले जनसंपर्क गतिविधियों के लिए अपने कर्मचारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद ले रही है।

# राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करें राज्य चुनाव आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गोलमेज सम्मेलन में बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार
- ईवीएम व मतदाता सूची साझा करना सम्मेलन का प्रमुख एजेंडा

निर्वाचन आयोग का राज्य चुनाव निकायों के साथ आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ, जिसके एजेंडे में प्रमुख विषय ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय हित में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मतदाताओं को ध्यान में रखकर तथा मिलकर काम करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पंचायत और नगर पालिका चुनाव कराने की होती है। करीब 27 साल के अंतराल के बाद हो रहे गोलमेज सम्मेलन में आयोग ने ''एे कॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज'' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस तरह का आखिरी सम्मेलन 1999 में आयोजित किया गया था। आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, दिन भर चलने वाले सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुतियां होंगी।

राज्य निर्वाचन निकाय, निर्वाचन आयोग की विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नियोजित किया जाता है। एक ईवीएम 15 वर्ष तक इस्तेमाल की जाती है और आखिरी समय में मशीनें आमतौर पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी जाती हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए 'एम 3' या 'मार्क 3' प्रकार की ईवीएम का उपयोग करता है।

### कश्मीरी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार पर पद से हटाए गए कुलपति

**लुधियाना।** कश्मीरी विद्यार्थियों के एक समूह से दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद मंगलवार को सीटी विश्वविद्यालय के कुलपति नितिन टंडन को पद से हटा दिया गया। कुलाधिपति चरणजीत सिंह चन्नी ने यह जानकारी दी।

निजी विश्वविद्यालय ने मामले में आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों ने दावा किया कि सोमवार को उन्होंने रमजान के दौरान विश्वविद्यालय के मेस में सहरी और इफ्तार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि टंडन ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके प्रवेश रद्द करने की धमकी दी।

# महाराष्ट्र: मंत्री के दफ्तर में एसीबी का छापा विपक्ष के सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

**मुंबई, एजेंसी**

- विधानसभा में किया प्रदर्शन, मंत्री जिरवाल के इस्तीफे की मांग की

महाराष्ट्र के खाद्य और औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के छापे के बाद विपक्ष के नेताओं ने बजट सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विधान भवन के अंदर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंत्रालय के अंदर एक कक्ष में एसीबी की कार्रवाई पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'जिरवाल इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए और सरकार पर भ्रष्टाचार को छिपाने बचाने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी विधान भवन की सीढ़ियों पर जमा हो गए, जिससे राजनीतिक टकराव और बढ़ गया। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने सुबह से ही आक्रामक रुख अपनाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधायक सत्यजीत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि फाइलें सिर्फ पैसे से चलती हैं, साथ ही मंत्रालय पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर करारा हमला किया और कहा कि यदि मंत्रालय भवन में ही मंत्री की नाक के नीचे रिश्वत ली जा रही है तो यह दिखाता है कि प्रशासन में भ्रष्टाचार का हाल क्या है।

उन्होंने कहा कि किसी भी निचले स्तर के अधिकारी की इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह मंत्री के समर्थन के बिना ऐसी हरकतें कर सके। उन्होंने मांग की कि नरहरि जिरवाल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें। वहीं सत्तारूढ़ पक्ष ने सतर्क दृष्टिकोण अपनाया। सरकारी प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी शामिल व्यक्ति को बचाया नहीं जाएगा।

# मोदी ने दबाव में आकर दी अमेरिका से व्यापार समझौते को मंजूरी: राहुल

**भोपाल, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित 'किसान महाचौपाल' को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी कम्प्रोमाइज्ड (झुक गए) हैं। उनको फंसा दिया गया है। मोदी ने दबाव में आकर यह करार किया है। यह डील नहीं है, यह किसान के दिल में तीर है। यह सवाल उठाते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था लेकिन ऐसा क्या हुआ जो मोदी अचानक इसके लिए तैयार हो गए। राहुल ने कहा, इसके दो कारण हैं। पहला कारण अमेरिका में पड़ी लाखों एप्स्टीन फाइल हैं। उनमें ईमेल हैं, मैसेज हैं और वीडियो हैं। राहुल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अमेरिका में जारी एप्स्टीन फाइल्स में शामिल है और मोदी को धमकाने के लिए ही उनका नाम



भोपाल में किसानों को संबोधित करते राहुल गांधी।

- कहा- व्यापार समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल में छिपे राज और अमेरिका में अदाणी पर मुकदमा

जारी किया गया था। ऐसा करके अमेरिका ने यह संदेश दिया कि मोदी ने उनकी बात नहीं मानी तो वह फाइलों में से और सबूत निकलेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि समझौते पर मोदी के सहमत होने का दूसरा कारण अमेरिका में अदाणी के खिलाफ चल रहा आपराधिक मुकदमा है। हालांकि, अमेरिका में जो यह मामला है, उसका लक्ष्य अदाणी नहीं बल्कि मोदी हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छवि और अपने राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए हिंदुस्तान को अमेरिका के हाथों बेच दिया है, लेकिन अब नरेंद्र मोदी बच नहीं सकते। उन्हें कोई शक्ति नहीं बचा सकती।

### बम की धमकी वाले ईमेल से पश्चिम बंगाल की अदालतों में दहशत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कोलकाता समेत कई और अदालतों में उस समय दहशत फैल गई जब जजों को गुमनाम ईमेल मिले जिनमें अदालत परिसर के अंदर बम धमाके होने की चेतावनी दी गई थी।

पहली धमकी तब आई जब अदालत की कार्रवाई चल रही थी। जज को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया था कि जल्द ही धमाका होगा। इस संदेश के बाद तुरंत सतर्कता बरती गई। पश्चिम बर्दवान, हुगली के चिनसुराह, कोलकाता के बैंकशॉल कोर्ट और मुर्शिदाबाद जिला अदालत को ऐसे ही धमकी भरे ईमेल मिलने की खबर मिली, जिससे अदालत को खाली कराकर आपातकालीन सुरक्षा उपाय करने पड़े।

पुलिस टीमों ने खोजी कुत्तों के साथ अदालत परिसरों की अच्छी तरह तलाशी ली। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। पहली घटना पश्चिम बर्दवान जिला और सत्र अदालत में हुई, जहां मुख्य न्यायाधीश को सुबह करीब 11 बजे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि परिसर में एक बम रखा गया है और दोपहर 1 बजे उसमें धमाका होगा।

# अमेरिका का खुलासा, छह साल पहले चीन ने किया था गुप्त परमाणु परीक्षण

- देशों से निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का किया आह्वान

जेनेवा, एजेंसी


अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में सोमवार को नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं।

इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा कि लेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा। यिआव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया, जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के लक्ष्य या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है। यिआव ने सोमवार को जिनेवा में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

## अमेरिका सच को करेगा उजागर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक ऐतिहासिक घोषणा की है, जिसमें उन्होंने पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों को यूएफओ और परग्रही जीवन से संबंधित सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एक वायरल पॉडकास्ट इंटरव्यू के बाद उठाया गया, जिसमें ओबामा ने कहा था कि एलियंस असली हैं। दशकों से एरिया 51 जैसी जगहों और उड़न तश्तरियों की कहानियों ने जनमानस को रोमांचित किया है। सरकार की अत्यधिक गोपनीयता ने इन संदेहों को और पुख्ता किया कि शायद अमेरिका के पास क्रैश हुए स्पेसक्राफ्ट और एलियंस के अवशेष मौजूद हैं। हालांकि, 2024 की पेंटागन रिपोर्ट में कहा गया था कि एलियन तकनीक का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन ट्रंप के इस नए आदेश ने फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या हम वास्तव में एक बड़े खुलासे की दहलीज पर हैं।

## उड़न तश्तरियां



### क्या हैं यूफओ

- यूएफओ का मतलब हवा में उड़ने वाली ऐसी चीज़ से है जिसकी पहचान स्पष्ट नहीं है और जिसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।
- एलियन से संबंध : अक्सर लोग यूएफओ को एलियंस या परग्रही जीवों के अंतरिक्ष यान से जोड़कर देखते हैं, हालांकि वैज्ञानिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।
- वैज्ञानिक और सैन्य दृष्टिकोण : अमेरिकी रक्षा विभाग अब इन्हें यूएपी (अनआईडेंटीफाइड अनामोलस फेनोमिना) के नाम से भी बुलाता है। कई बार ये प्राकृतिक घटनाएं, मौसम के गुब्बारे या गुप्त सैन्य विमान भी हो सकते हैं।

### पेंटागन की ताजा रिपोर्ट

- पेंटागन के ऑल-डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं।
- हजारों मामले : जून 2024 तक, पेंटागन के पास जांच के लिए कुल 1,600 से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से 757 रिपोर्ट तो मई 2023 से जून 2024 के बीच ही मिली थीं।
- कोई एलियन सबूत नहीं : रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है जो यह साबित करे कि ये घटनाएं एलियंस या परग्रही तकनीक से जुड़ी हैं।
- साधारण कारण : अधिकतर सुलझाए गए मामलों में यूएफओ असल में गुब्बारे, पक्षी, ड्रोन, सैटेलाइट या साधारण विमान निकले हैं।
- अनसुलझे रहस्य : लगभग 21 घटनाएं ऐसी थीं जिन्हें पेंटागन के विशेषज्ञों ने विसंगतियां माना है, क्योंकि उनकी उड़ान का तरीका भौतिक विज्ञान के सामान्य नियमों से अलग था।

### अनसुलझीं घटनाएं

- अचानक गति परिवर्तन : ये वस्तुएं एक पल में स्थिर खड़ी रहती हैं और अगले ही पल हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं, बिना किसी इंजन या धुएं के।
- अजीब आकार : इनमें सबसे ज्यादा सफेद गोले सिलेंडर और प्रसिद्ध 'टिक-टैक' के आकार की वस्तुएं देखी गई हैं जो मानव मशीनों के समझ से परे थीं
- पानी और हवा में समान गति : कुछ वस्तुएं हवा से सीधे समुद्र के भीतर चली गईं बिना अपनी गति कम किए।
- कोई स्पष्ट विंग्स नहीं : इन उड़ने वाली वस्तुओं में न तो कोई पंख, न ही कोई इंजन।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में भारतीय मतदाता डेटा मंच

**न्यूयॉर्क।** संचार रणनीतिकार अनंग मित्तल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित एक विशिष्ट मतदाता डेटा मंच की शुरुआत की है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉन्सन के लिए डिजिटल प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके भारतीय मूल के मित्तल ने सोमवार को इंडियन अमेरिकन वोटर एटलस शुरू किया। उन्होंने इसे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए और उसके बारे में विशेष रूप से तैयार किया गया पहला गैर-पक्षपाती, खुला नागरिक डेटा मंच बताया। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि इस देश में 54 लाख भारतीय-अमेरिकी हैं, जिनमें से 26 लाख मतदान के पात्र हैं।

### मॉस्को में विस्फोट में एक अधिकारी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर द्वारा पुलिस वाहन के पास किए गए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई तथा दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में हमलावर भी मारा गया। मॉस्को के गृह मंत्रालय के अनुसार, यह हमला सोमवार देर रात राजधानी के बीचोबीच सव्योलोव्स्की रेलवे स्टेशन के पास हुआ। उसने बताया कि हमलावर यातायात पुलिस के वाहन के निकट गया और धमाका कर दिया, जिससे एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

### गिरफ्तार पूर्व ब्रिटिश राजदूत को जमानत

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात कहा कि सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### यून ने अपनी सजा के खिलाफ अपील की

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने दिसंबर 2024 में अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने के मामले में विद्रोह के आरोप में उन्हें मिली आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील की है। यून के वकीलों ने मंगलवार को बताया कि सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले को उन्होंने तथ्यों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या और कानून की गलत समझ पर आधारित बताया है।

# डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप

## अमेरिकी सांसदों ने विधेयक में कहा-180 दिन के भीतर ब्याज सहित शुल्क लौटाए सरकार

- ट्रंप प्रशासन ने वसूले हैं 175 अरब अमेरिकी डॉलर आयात शुल्क

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसद सरकार से लगभग 175 अरब अमेरिकी डॉलर के शुल्क की रिफंड (धनराशि वापस करना) प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध तरीके से जारी आदेशों के आधार पर लिए गए थे।

ओरेगन प्रांत से सीनेटर रॉन वायडेन, मैसाचुसेट्स से एड मार्की और न्यू हैम्पशायर से जीन शाहीन सोमवार को एक विधेयक पेश करने वाले हैं। इस विधेयक में यह प्रावधान प्रस्तावित है कि अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग को 180 दिन के भीतर शुल्क लौटाना होगा और इस राशि पर ब्याज भी देना होगा। इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि रिफंड देने में छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए और आयातकों, थोक विक्रेताओं और बड़ी कंपनियों को अपने ग्राहकों तक यह रिफंड पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वायडेन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अवैध शुल्क ने पहले ही अमेरिकी परिवारों, छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है, जो ट्रंप द्वारा एकाएक लगाए गए शुल्कों से लगातार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस समस्या को दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण व पहला कदम यह होगा कि छोटे व्यवसायों व विनिर्माताओं को जल्द से जल्द रिफंड दिया जाए। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना कम है, लेकिन यह दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप प्रशासन पर सार्वजनिक रूप से दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



### सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को बताया था अवैध

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।

### फ्रांसीसी अफसरों नहीं मिल पाएंगे यूएस राजदूत

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को समन के लिए स्पष्टीकरण देना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री के इस बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को राजदूत चार्ल्स कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी।

## अमेरिकी सेना का नौका पर हमला तीन की गई जान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कैरेबियन सागर में एक नौका पर हमला कर तीन लोगों को मार गिराया जिससे नशीले पदार्थों की कथित तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन के संदिग्ध तस्करों के खिलाफ कई महीने से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। ट्रंप सरकार ने पिछले साल सितंबर की शुरुआत से समुद्र में छोटी नावों के जरिए नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों (नार्को-टेररिस्ट) के खिलाफ यह अभियान शुरू किया था।

सोमवार को हुए इस हमले के बाद, ऐसी घटनाओं में अब तक मरने वालों की कुल संख्या कम से कम 151 हो गई है। अब तक इस तरह के 40 से ज़्यादा हमले हो चुके हैं। पिछले हमलों की तरह इस बार भी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने यही कहा कि उन्होंने तस्करी के मार्गों पर मादक द्रव्यों के तस्करों को निशाना बनाया है। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि उस नाव में वाकई नशीले पदार्थ थे, लेकिन उन्होंने एक्स पर एक वीडियो डाला है। अमेरिकी कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि यह जहाज कैरेबियन सागर में तस्करी के जाने-माने रास्तों से गुजर रहा था और नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल था।

# अंडमान में हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारा गया

- हेलीकॉप्टर में चालक दल सहित सात लोग थे सवार

श्री विजयपुरम, एजेंसी

उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवन हंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह समुद्र में उतारना पड़ा, हालांकि उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। समुद्र के बीच से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक वरिष्ठ नागर विमानन अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने श्री विजयपुरम से सुबह 8:45 बजे उड़ान भरी थी और साढ़े नौ बजे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है जिसके कारण पायलट को हेलीकॉप्टर समुद्र में उतारना पड़ा। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

पवन हंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे पोर्ट ब्लेयर से रंगत के लिए उड़ान भरी। सुबह 9:10 बजे मायाबंदर के लिए रवाना हुआ और साढ़े नौ बजे इसे उतरना था, लेकिन रनवे से लगभग 300 मीटर पहले उसे समुद्र में उतारना पड़ा। हेलीकॉप्टर में पांच यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

### ब्रिटिश एयरवेज के विमान को नागपुर उतारा गया

**नागपुर।** लंदन से हैदराबाद जा रहे ब्रिटिश एयरवेज के एक विमान को मंगलवार को तकनीकी खराबी का पता चलने पर नागपुर के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि लंबी दूरी की इस बोइंग 787 उड़ान ने दोपहर लगभग 12 :00 बजे एक छोटी तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद पायलटों ने निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर तत्काल लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### ईरानी सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश चार की मौत

**तेहरान।** ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को मध्य ईरान के एक बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किमी दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

# नेपाल में मतगणना के 24 घटे के भीतर आएंगे नतीजे

- पड़ोसी देश में आगामी पांच मार्च को होने वाले हैं आम चुनाव

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के नतीजे मतपत्रों की गणना के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। हिमालयी देश में कुल 1.89 करोड़ पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

इनमें से 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों व छोटे दलों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती है। भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि आयोग मतपेटियों को एकत्रित करते ही मतगणना शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं जबकि प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सदन के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल मतों के आधार पर किया जाता है। मतदाता प्रत्येक पार्टी के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं और प्रत्येक पार्टी को प्राप्त मतों के अनुपात में सीट आवंटित की जाती हैं।

## माओवादी देवूजी ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी ने मंगलवार को तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह माओवादी संगठन का महत्वपूर्ण रणनीतिकार था। देवूजी प्रतिबंधित संगठन की महत्वपूर्ण केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य था।

उसने केंद्रीय समिति के सदस्य मल्ला राजी रेड्डी के साथ तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। देवूजी और राजी रेड्डी के अलावा, दो अन्य माओवादियों बड़े चोक्का राव और नून नरसिम्हा रेड्डी ने भी हथियार डाल दिए। देवूजी को पार्टी के पोलित ब्यूरो की केंद्रीय समिति का सचिव चुना जाना था।

# तहव्वुर की रद्द हो सकती है कनाडा की नागरिकता

- पीएम कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा ने तेज की प्रक्रिया

टोरंटो, एजेंसी

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा की सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने के आरोपी पाकिस्तान मूल के व्यवसायी तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है।

राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। 'ग्लोबल न्यूज' को मिले दस्तावेजों के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26/11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली में एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष: आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।


तुला: आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।


वृष: आज कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।


वृश्चिक: आज अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं।


मिथुन: आज जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपकी दिनचर्या काफी बोरियत भरी हो सकती है।


धनु: आज दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है।


कर्क: आज व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें।


मकर: आज दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। विदेश यात्रा में समस्या होगी।


सिंह: आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।



कुंभ: आज नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।


कन्या: आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रियल एस्टेट सम्बंधी डील से आपको लाभ होगा।


मीन: आज शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होगा। भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 26 फरवरी 02 .40 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- रोहिणी 13 .38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

### सुडोकू -72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |

# पश्चिम बंगाल में छह कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

- बाधित रहा न्यायिक कार्य, पुलिस ने शुरू की जांच

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में मंगलवार को कम से कम छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद संबंधित परिसरों में बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी अभियान चलाया गया, जिससे न्यायिक कामकाज बाधित हुआ। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि अदालत परिसरों की तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि फर्जी धमकी वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता की सत्र अदालत और बैंकशाल स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल तथा दुर्गापुर में उप-संभागीय अदालतों और हुगली जिले के चुचुरा और आरामबाग स्थित न्यायालयों को मंगलवार सुबह ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। उन्होंने बताया कि कोलकाता की सत्र अदालत और बैंकशाल स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के परिसरों को खाली करा लिया गया, जिसके बाद कोलकाता पुलिस के बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने खोजी कुत्तों के साथ वहां गहन जांच की।

अधिकारी के अनुसार, राज्य की अन्य अदालतों के परिसरों में भी इसी तरह के कदम उठाए गए किंतु कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

करें सामूहिक प्रयास | नई दिल्ली में बोले संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत

# दुनिया में खामोश महामारी हैं सड़क हादसे

- ज्यां टॉड ने कहा, भारत में भी होती है हादसों में हजारों मौतें

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत ज्यां टॉड ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्व भर में एक खामोश महामारी हैं और इनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टॉड ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक वैश्विक जागरूकता अभियान भी शुरू किया।

उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्वभर में एक खामोश महामारी हैं, और भारत में भी ये हर साल हजारों लोगों की जान लेती हैं, जिससे देश भर के परिवारों और समुदायों पर गहरा असर पड़ता है।



ऐसे देश में जहां आवागमन में तेजी से वृद्धि हो रही है, सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने से सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है। उनकी भारत की वर्तमान यात्रा मराकेश घोषणा के 11 महीने बाद हो रही है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सड़क सुरक्षा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की थी। संबंधित घोषणा का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या को आधा करना है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई हैं, जिनमें प्रतिवर्ष अनुमानित तौर पर 1,53,972 लोगों की जान चली जाती है, और मृत्यु दर 15.4 प्रति एक लाख है। पैदल यात्री, साइकिल और बाइक चालक विशेष रूप से असुरक्षित हैं, और अधिकतर मौत के मामले इन्हीं से संबंधित है।

### मेक सेफ्टी स्टेटमेंट अभियान की शुरुआत की

टॉड ने सड़क सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र-जेसीडिक्यूएक्स वैश्विक अभियान मेक सेफ्टी स्टेटमेंट' की शुरुआत की, जिसमें मशहूर हस्तियां सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए रोजमर्रा के उपायों को बढ़ावा देने की बात करती हैं। इस अभियान के तहत, सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों के समर्थन के महत्व को उजागर करने के लिए नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में डिजिटल बिलबोर्ड तथा पोस्टर लगाए जाएंगे, जिन पर ये बयान प्रदर्शित होंगे। भारत में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो जारी किया है।



"गाबा में हुए 2003-04 की श्रृंखला के मैच में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की अपील पर सचिन तेंदुलकर को पगबाधा आउट देना मेरी गलती थी। मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह आउट था, वगैरह-वगैरह? लेकिन जिंदगी में गलतियां होती रहती हैं। -स्टीव बकनर, अंपायर


# स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 25 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**सुपर-8 में आज**

| टीम | समय |
|---|---|
| श्रीलंका - न्यूजीलैंड | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**

### महा ओपन: नागल जीते धामने भी आगे बढ़े

**पुणे, एजेंसी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जबकि स्थानीय दावेदार मानस धामने ने भी जीत दर्ज की। नागल ने पहले दौर में जापान के सातवें वरीय रियो नोगुची को 6-1, 6-2 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने एक घंटे और नौ मिनट में मिली जीत के दौरान बेसलाइन से खेल को नियंत्रित किया और सीधे सेट में जीत दर्ज की। वाइल्ड कार्ड धारक धामने ने चैलेंजर सर्किट पर अपनी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले हफ्ते के दिल्ली चैलेंजर के विजेता यूनान के स्टेफानोस सकेलारिडिस को 6-4, 7-6 से हराया।

### धाविका पूजा आत्माराम पर तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने खुलासा किया है कि भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पिछले साल प्रतियोगिता के दौरान होने वाले डोप परीक्षण से पहले घबराकर भाग गई थीं और यह अपराध स्वीकार करने के बाद उन पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय पूजा 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धाओं में भाग लेती हैं। उन्होंने 2024 में राजस्थान की तरफ से इंडियन ग्रां प्री दो में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल 23 नवंबर को मुंबई में इंडियन ऑयल डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुना गया था।

### क्रिकेट खेलने के झगड़े में किशोर की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में क्रिकेट के मैच को लेकर चार नाबालिगों में हुए झगड़े में 15 वर्षीय किशोर निशांत की हत्या कर दी गई। घटना सोमवार शाम को स्थानीय पार्क में क्रिकेट मैच को लेकर 12 वर्षीय एक लड़के और 15 वर्षीय किशोर के बीच बहस के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच बहस के चलते हाथापाई होने लगी। इसके बाद 12 वर्षीय लड़का अपने घर चला गया, जहां उसने रिश्ते के भाइयों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तीनों किशोर पीड़ित की तलाश में निकल पड़े। शाम को उन्हें निशांत मिल गया। उनके बीच मारपीट हुई, जिसमें पीड़ित के गले और सिर पर चोटें आईं।

## कप्तान हैरी ब्रूक के शानदार शतक से इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**आईसीसी टी20 विश्व कप**

- इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल

**पाल्लेकल, एजेंसी।**

कप्तान हैरी ब्रुक की टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी से इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

शानदार लय में चल रहे साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में 63 रन की पारी से पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' ब्रुक की 51 गेंद में 10 चौके और चार छक्के जडे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके पहले शतक से इंग्लैंड ने पांच गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 166 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। ब्रुक ने पावरप्ले में तीन और 58 रन तक चार विकेट गंवाने के बावजूद पांचवें विकेट के लिए सैम कुरेन (15 गेंद में 16 रन) के साथ 28 गेंद में 45 और विल जैक्स (23 गेंद में 28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के किसी कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार जबकि उस्मान तारिक और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिए। टीम में वापसी कर रहे अफरीदी ने लक्ष्य का बचाव करते हुए पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट को चलता करने के बाद अपने अगले ओवर में खराब लय में चल रहे जोस बटलर (दो) को पवेलियन की राह दिखा दी। दोनों का कैच विकेटकीपर उस्मान खान ने पकड़ा। अफरीदी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब बेथल (आठ) डीप स्क्वायर लेग पर फरहान के द्वारा लपके गये।आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये उस्मान तारिक ने पहली ही गेंद पर टॉम बैंटम (दो) को चलता कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुरेन ने तारिक की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में नवाज को कैच दे दिया। बाद में जोफ्रा आर्चर ने आखिरी ओवर में चौका लगाकर इंग्लैंड को जीत दिला दी।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।




हैरी ब्रुक

# चक्रवर्ती को ऑफ स्पिनर की तरह खेल रहे हैं शीर्ष विदेशी बल्लेबाज

## वरूण का 10.40 इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

क्या कोई रहस्यमयी स्पिनर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक क्रिकेट खेलने के बावजूद अपनी गेंदबाजी का रहस्य बरकरार रख सकता है? यह बहस का मुद्दा है लेकिन यह साफ है कि बड़े बल्लेबाज अब भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदों को सिर्फ हाथ से ही नहीं पढ़ रहे हैं बल्कि कोच ने भी उनसे निपटने के तरीके ढूंढ लिए हैं। आईपीएल और भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलने वाली पाकिस्तान की टीम को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने तमिलनाडु के इस खिलाड़ी के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्पिनर के खिलाफ पिछले पांच मैच में 20 ओवर में 208 रन बने हैं जिसमें रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुआ टी20 विश्व कप का सुपर आठ मैच भी शामिल है।

चक्रवर्ती ने नौ विकेट चटकाए हैं लेकिन 10.40 का उनका इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक है। तो फिन एलेन, ग्लेन फिलिप्स, डेवाल्ड ब्रेविस और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी असल में क्या सही कर रहे हैं? भारत के कई युवा स्टार बल्लेबाजों के साथ काम कर चुके मुंबई के पूर्व बल्लेबाज जुबिन भरूचा ने बताया, ''किसी भी गेंदबाज के लिए आप सबसे पहले उसके मजबूत पक्ष को नाकाम करते हैं। अगर यह गुगली है तो आप गुगली के लिए खेलते हैं या उसका अंदाजा लगाते हैं और वहीं से सामंजस्य बैठाते हैं।

राशिद खान के साथ भी ऐसा ही हुआ है। अब हर कोई उसे (राशिद) या वरुण को खेलने में बेहतर है क्योंकि वे गुगली के लिए खेल रहे हैं, वह गेंद जिस पर अधिकर बल्लेबाज आउट होते हैं।'' एसोसिएट देशों के लिए चक्रवर्ती को समझना मुश्किल रहा है लेकिन आईपीएल में खेलने वाले शीर्ष खिलाड़ी अब उन्हें एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलते हैं जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है। भरूचा ने कहा, ''एसोसिएट देश उसका सामना नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्होंने पहले उसका सामना नहीं किया है। अधिकतर शीर्ष टीम उसे एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलेंगी जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है।'' भरूचा का मानना है कि अगर विकेट सपाट होगा तो पाकिस्तान के उस्मान तारिक को भी इसी तरह संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''उस्मान तारिक के लिए भी यही होगा। उन्हें (रहस्यमयी स्पिनरों को) अपनी सभी अलग-अलग विविधता को धारदार बनाने के लिए पिच से थोड़ी मदद की जरूरत होती है। वरुण, तारिक, और राशिद शीर्ष स्तरीय गेंदबाज हैं और बल्लेबाजों को उनके खिलाफ परेशानी होगी लेकिन अगर सतह बिल्कुल सपाट है तो वे कुछ रन भी बना सकते हैं।

### परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे

**चेन्नई, एजेंसी।** मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह मंगलवार को परिवार में आपात स्थिति के कारण घर लौट आए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। रिंकू यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हुए जबकि उनके बाकी साथी खिलाड़ियों ने नेट सत्र के दौरान मौजूद थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ''रिंकू सिंह परिवार में आपात स्थिति की वजह से चेन्नई से घर वापस लौट गए हैं। वह चेपक में भारत के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए।'' सूत्रों के मुताबिक रिंकू के पिता खानचंद सिंह को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक हॉस्पिटल में भर्ती हैं और इसलिए खिलाड़ी को वापस जाना पड़ा। रिंकू के अचानक चले जाने से इस बाएं हाथ के खिलाड़ी के बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के 'करो या मरो' के सुपर आठ मुकाबले में खेलने को लेकर संदेह है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 76 रन की हार के दौरान रिंकू खाता खोलने में नाकाम रहे थे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच में उन्होंने छह रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 11, नामीबिया के खिलाफ एक और अमेरिका के खिलाफ छह रन बनाए थे।



## न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने को श्रीलंका को करना होगा सुधार

**कोलंबो, एजेंसी।**

श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए।

श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, ''यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल।'' उन्होंने कहा, ''क्या इससे बेहतर विकल्प थे। निश्चित रूप से हो सकते थे। मैंने सोचा कि ऐसे विकेट पर जहां गेंद रुक कर आ रही हो, वहां तेजी से रन बनाना अच्छा विचार नहीं है। हमारे कुछ बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के प्रयास में आउट हो गए थे। मुझे नहीं लगता कि इन परिस्थितियों में इस तरह से खुद को जोखिम में डालना अच्छा विकल्प था।'' पथुम निसांका ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालेज ने गेंदबाजी में प्रभावित किया है। न्यूजीलैंड को प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान के साथ एक अंक साझा करना पड़ा। उसके पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।



**टीम**

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चैरिथ असलांका, जेनिथ लियानागे, पवन रथनायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, ईशान मलिंगा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, इश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

## शुभम के नाबाद शतक से जम्मू कश्मीर की शानदार शुरुआत

**रणजी ट्राफी फाइनल**

**हुबली, एजेंसी।**

शुभम पुंडीर ने शानदार नाबाद शतक बनाकर जम्मू और कश्मीर को मंगलवार को कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 284 रन के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

शुभम ने 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 221 गेंदों में 117 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान पारस डोगरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसके बाद पुंडीर ने यावर हसन (88) के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत आधार प्रदान किया। पहले दिन का खेल खत्म होने से पहले शुभम ने अब्दुल समद (नाबाद 52) के साथ एक और शतकीय (अटूट 105 रन) साझेदारी कर ली। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दोनों विकेट लिए।

**स्कोरबोर्ड**

- **जम्मू-कश्मीर पहली पारी:**

कुल: (87 ओवर में दो विकेट पर) 284 रन

कामरान इकबाल का राहुल बो प्रसिद्ध 06

यावर हसन का राहुल बो प्रसिद्ध 88

शुभम पुंडीर नाबाद 117

परस डोगरा रिटायर हर्ट 09

अब्दुल समद नाबाद 52

- **अतिरिक्त:** 12

विकेट पतन: 1-18, 2-157, 2-179 (रिटायर हर्ट)

- **गेंदबाज़ी:**

विद्याधर पाटिल 16-0-66-0

विजयकुमार विशाक 18-0-25-0

प्रसिध कृष्णा 16-5-36-2

श्रेयस गोपाल 17-1-79-0

शिखर शेट्टी 20-0-68-0



कर्नाटक के खिलाफ शार्ट लगाते जम्मू और कश्मीर के बल्लेबाज यावर हसन।

## भारत के खिलाफ हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी

**मुंबई, एजेंसी।**

जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी।



जिम्बाब्वे के कोच जस्टिन सैमन्स।

भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, ''हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।''

## स्पेन से शूट आउट में 3-4 से हारा भारत

**एफआईएच प्रो लीग**

**होबार्ट, एजेंसी।**

भारत का एफआईएच पुरुष प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा जब यहां स्पेन के खिलाफ निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया।

स्पेन ने मैच में जोरदार शुरुआत की। टीम ने चौथे मिनट में ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन ड्रैग फ्लिक को भारतीय गोलकीपर मोहित ने आसानी से बचा लिया। स्पेन को लगा कि उन्होंने आठवें मिनट में बढ़त बना ली है लेकिन जोस बास्टेरा के गोल को अस्वीकार कर दिया गया। दबाव से उबरते हुए भारत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन अमित रोहिदास की ड्रैग फ्लिक को स्पेन के गोलकीपर लुई कैलजाडो ने नाकाम कर दिया। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। कप्तान हार्दिक सिंह ने स्पेन के एक खिलाड़ी को पछाड़ते हुए गेंद मनिंदर की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्पेन ने पलटवार करते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन पेपे क्यूनिल के शॉट को सूरज करकेरा ने बचा लिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी। शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल करने से चूक गए जिससे भारत को 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को इस मुकाबले से सिर्फ एक अंक मिला। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को होबार्ट चरण के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत यहां पहले चरण में स्पेन से 0-2 से हार गया था जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 4-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



मैच खेलते भारतीय खिलाड़ी।

**महिला एकदिवसीय मैच**

48 .3 ओवर में 214 रन पर आल आउट हो गई भारतीय टीम

## मूनी और हीली ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ जीत

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

एशले गार्डनर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन तथा बेथ मूनी और कप्तान एलिसा हीली के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 70 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (84 गेंदों में 53 रन) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (68 गेंदों में 58 रन) के अर्धशतकों के बावजूद उसकी टीम 48.3 ओवर में 214 रन पर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और उसने केवल 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाए। हीली (70 गेंद पर 50 रन) के अर्धशतक की मदद से उसने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद मूनी (79 गेंद पर 76 रन) और एनाबेल सदरलैंड (44 गेंद पर नाबाद 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत सुनिश्चित की। भारत की उप कप्तान मंधाना ने मैच के बाद कहा, ''शुरू में ही दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करना आसान नहीं था लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। विकेट वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था। हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और बहुत अधिक बदलाव करने की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हमें बल्लेबाजी में सामूहिक प्रदर्शन करना होगा लेकिन हम इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। अभी हमारे पास दो दिन का समय है। हम मजबूत वापसी करेंगे।'' हीली और फोबे लिचफील्ड (32 गेंद पर 32 रन) ने सहजता से रन बटोरते हुए पहले विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत के घुटने में चोट लगने के कारण कप्तानी कर रही मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (41 रन देकर दो विकेट) को 11वें ओवर में गेंद सौंपी। उन्होंने अपनी तीसरी गेंद पर ही लिचफील्ड को विकेट के पीछे कैच करा कर भारत को पहली सफलता दिलाई। श्री चरणी ने अगली गेंद पर नई बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल को कवर में मंधाना के हाथों कैच आउट कराया। हीली ने इसके बाद मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की।



शार्ट खेलती ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी।

अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही हीली ने 69 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके तुरंत बाद क्रांति गौड़ की गेंद पर स्क्वायर कट लगाकर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़ी जेमिमा रोड्रिग्स को कैच दे बैठी। मूनी ने श्री चरणी पर छक्का जड़कर 58 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। अपनी इस पारी के दौरान मूनी ने वनडे में 3000 जबकि सदरलैंड ने 1000 रन पूरे किए। मूनी ने अंतिम क्षणों में आउट होने से पहले अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। सदरलैंड ने चार चौके और दीप्ति शर्मा पर विजयी छक्का लगाया।